आज का मौसम
29.1⁰ अधिकतम तापमान
23.3⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.46
सूर्यास्त 06.25

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी 03:53 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 2 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 215, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही, 800 की मौत

- रिक्टर स्केल पर 6 मापी गई तीव्रता 2500 लोग घायल
- कुनार प्रांत में हताहतों की संख्या ज्यादा, कई गांव बर्बाद

काबुल, एजेंसी

पूर्वी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि पड़ोसी नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के समीप कुनार प्रांत के कई शहरों में रविवार देर रात आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से बड़े पैमाने पर तबाही मची है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर दूर पूर्व-उत्तरपूर्व में था। भूकंप का केंद्र जमीन से 8 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए।



पूर्वी अफगानिस्तान में भूकंप से तबाह हुआ एक घर। ● एजेंसी

तालिबान सरकार के प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है और 2,500 लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं। कुनार के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक नर्गल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव खत्म हो गया है। बच्चे, बुजुर्ग और युवा मलबे के नीचे दबे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत ज़मान ने बताया कि बचाव कार्य जारी है और कुनार, नंगरहार और राजधानी काबुल से चिकित्सा दल क्षेत्र में पहुंच गए हैं। मृतकों व घायलों की संख्या बढ़ सकती है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिया मदद का आश्वासन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अफगानिस्तान में रविवार रात आए विनाशकारी भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भारत की तरफ से हरसंभव मानवीय सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। मोदी ने एक्स पर सोमवार को कहा कि अफ़ग़ानिस्तान में आए भूकंप में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दु:खी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

### 2023 में भी आया था 6.3 तीव्रता का भूकंप

सात अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके बाद तेज़ झटके भी महसूस किए गए थे। तालिबान सरकार ने इस भूकंप में कम से कम 4,000 लोगों के मारे जाने का अनुमान जताया था। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने मृतकों की संख्या लगभग 1,500 बताई थी। यह हाल के दिनों में अफ़ग़ानिस्तान में आई सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा थी।

## न्यूज ब्रीफ

### वाणिज्यिक एलपीजी 51.50 रुपये सस्ता

नई दिल्ली। विमान ईंधन के दाम में सोमवार को 1.4 प्रतिशत की कटौती की गई, जबकि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 51.50 रुपये सस्ते हो गए। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 51.50 रुपये कम किए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,580 रुपये है। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में यह छठी कटौती है। अप्रैल से अब तक की गई कटौती में दाम प्रति सिलेंडर 223 रुपये घटे हैं।

### संभल मस्जिद मामले में यथास्थिति बढ़ाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश की अवधि दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि इस मामले में जामा मस्जिद संभल की प्रबंध कमेटी ने दो अपील दायर की थीं। इसका नेतृत्व क्रमश: जामा मस्जिद के सचिव और उपाध्यक्ष ने किया। शीर्ष अदालत ने रजिस्ट्री को मामले की पड़ताल करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा 5 तक रद्द

देहरादून। उत्तराखंड में लगातार बारिश को देखते हुए सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पांच सितंबर तक स्थगित कर दी है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने सोमवार को बताया कि भारी बारिश से कई जगह भूस्खलन या मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं, यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितम्बर तक स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### स्पाइसजेट की उड़ान की इमरजेंसी लैंडिंग

मुंबई। पुणे से दिल्ली आ रहे स्पाइसजेट के एक विमान में बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई जिस वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। वितान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। स्पाइसजेट के बोइंग 737 विमान को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से पुणे हवाई अड्डे लौटना पड़ा। दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे बाद विमान को आपातकालीन स्थिति में वापस उतारा गया। उड़ान एसजी937 सुबह छह बजे पुणे से रवाना हुई थी।

## सोने ने बनाया रिकॉर्ड, 1.05 लाख के पार, चांदी भी एक हजार बढ़कर शिखर पर

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सोमवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद और विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के चलते सोने की कीमतों में तेजी आई। इसके साथ ही चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये चढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति किग्रा. के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शनिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,04,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 800 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।



## आतंकवाद पर दोहरा मापदंड अस्वीकार्य

### एससीओ शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी, आतंकवाद सभी के लिए साझा चुनौती

तियानजिन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में कहा कि पहलगाम में हुआ भयावह आतंकवादी हमला न केवल भारत की अंतरात्मा पर आघात है, बल्कि यह मानवता में विश्वास रखने वाले प्रत्येक राष्ट्र के लिए एक खुली चुनौती भी है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड त्यागने की जोरदार वकालत की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और वैश्विक नेताओं की उपस्थिति में मोदी ने वार्षिक शंघाई सहयोग संगठन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य है।

पाकिस्तान और आतंकवाद का समर्थन करने वालों को स्पष्ट संदेश देते हुए मोदी ने कहा कि यह पूछना स्वाभाविक है कि क्या कुछ देशों द्वारा आतंकवाद को खुला समर्थन हमें कभी स्वीकार्य हो सकता है? उन्होंने कहा कि हमें स्पष्ट रूप से और एक स्वर में कहना होगा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अस्वीकार्य हैं। हमें मिलकर, हर रूप और अभिव्यक्ति में आतंकवाद का विरोध करना चाहिए। यह मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पिछले कई दशकों से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। हाल में हमने पहलगाम में आतंकवाद का एक बेहद घृणित रूप देखा। यह हमला न केवल भारत की अंतरात्मा पर एक आघात था, बल्कि यह हर उस देश, हर उस व्यक्ति के लिए एक खुली चुनौती था जो मानवता में विश्वास रखता है। मोदी ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ खड़े होने वाले मित्र देशों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने छह और सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। इस हमले के बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुईं।



एससीओ की बैठक से पहले आपस में बातचीत करते रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग। ● एजेंसी

- मोदी ने सभी राष्ट्रों से आतंकवाद के हर रूप का मिलकर विरोध करने का किया आह्वान
- बोले-पहलगाम में आतंकवाद का बेहद घृणित रूप देखा। यह हमला भारत की अंतरात्मा पर आघात था

### सुरक्षा, शांति और स्थिरता विकास की नींव

प्रधानमंत्री ने समूह के प्रति भारत के दृष्टिकोण और नीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शंघाई सहयोग संगठन के संक्षित नाम एससीओ का नया अर्थ प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि एससीओ के 'एस' का अर्थ है 'सिक्योरिटी' यानी सुरक्षा, 'सी' का अर्थ है 'कनेक्टिविटी' यानी संपर्क और 'ओ' का अर्थ है 'ऑपचुनिटी' यानी अवसर। उन्होंने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव हैं। हालांकि, आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद इस राह में बड़ी चुनौतियां बने हुए हैं। मोदी ने कहा कि आतंकवाद न केवल व्यक्तिगत राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक साझा चुनौती है।

### एससीओ ने की पहलगाम हमले की निंदा

तियानजिन। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत के इस रुख से सोमवार को सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मानदंड अस्वीकार्य हैं। इस प्रभावशाली समूह ने चीनी बंदरगाह शहर तियानजिन में आयोजित अपने दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन के अंत में जारी एक घोषणापत्र में आतंकवाद से लड़ने के अपने दृढ़ संकल्प को सूचीबद्ध किया। एससीओ सदस्य देशों ने गाजा में इजराइल द्वारा किए गए सैन्य हमलों में बड़ी संख्या में आम लोगों के हताहत होने और गाजा पट्टी में भयावह मानवीय स्थिति पैदा होने के कारण इन हमलों की निंदा की। घोषणापत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने के उपायों का उल्लेख किया गया और आतंकवाद से निपटने को एक बड़ी चुनौती बताया गया।

## अस्पताल की तीसरी मंजिल से बुजुर्ग ने लगाई छलांग, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महानगर स्थित बीआरडी हास्पिटल की घटना, पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार : महानगर स्थित भाऊराव देवरस (बीआरडी) अस्पताल में ओपीडी का पर्चा आभा ऐप से ही बनाए जाने की बात से आहत मरीज ने अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया। खून से लथपथ बुजुर्ग को आनन-फानन में इमरजेंसी में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

पुराना महानगर निवासी सुखदेव सिंह (83) सोमवार को भाऊराव देवरस अस्पताल पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मरीज ने ओपीडी में पर्चा बनाने के लिए कर्मचारी से कहा। कर्मचारी ने बताया कि आभा एप मोबाइल पर डाउनलोड करिए। तभी ओपीडी पंजीकरण हो सकेगा। बुजुर्ग ने कहा कि एड्रायड फोन मेरे पास नहीं है। इतना कहते हुए बुजुर्ग लाइन से बाहर हो गए। दोपहर करीब 1 बजे अस्पताल के पिछले हिस्से में





किसी के गिरने की आवाज आई। अस्पताल के पिछले हिस्से में अर्बन हेल्थ पोस्ट सेंटर का संचालन हो रहा है। आनन-फानन हेल्थ पोस्ट सेंटर के संचालक खून से लथपथ अवस्था में बुजुर्ग को लेकर इमरजेंसी में पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल प्रशासन ने 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही बुजुर्ग अस्पताल के मुख्य रास्ते या फिर अर्बन हेल्थ पोस्ट सेंटर की तरफ से छत पर गए। इसकी तफ्तीश कर रही है। पर्चा काउंटर व अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

## प्रदेश में भारी बारिश व वज्रपात से 10 लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश के कई जिलों में हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रविवार रात से शुरू हुआ मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कई जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी कर दी है। वज्रपात के कारण बहराइच व मिर्जापुर में दो-दो तथा गोंडा में एक व्यक्ति की मौत की सूचना है। वहीं मुरादाबाद में चार व बदायूं के बिसौली में एक की जान चली गई है। कुल मिलाकर बारिश व वज्रपात से 10 लोगों की मौत की सूचना है। कई मवेशियों की भी मौत हुई है।



हजरतगंज में तेज बारिश के बीच अपने गंतव्य को जाता स्कूटर सवार।

रायबरेली में वज्रपात की चपेट में आकर दादी-पोता घायल हो गए। ऊंचाहार में एक कच्ची कोठरी गिरने से एक मासूम समेत छह लोग दब गए, जिन्हें किसी तरह बाहर निकाला गया। बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के समदनगर गांव में भी बारिश के चलते मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के छह लोग दब गए। ग्रामीणों ने परिवार को मलबे से बाहर निकाला।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र और चंदौली सहित प्रयागराज, कौशाम्बी, चित्रकूट, बांदा और फतेहपुर जिलों में भी अगले 24 से 48 घंटे के भीतर भारी वर्षा हो सकती है। यहां अचानक तेज हवा चलने व वज्रपात की भी संभावना है।

### 15 जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

इस बीच लखनऊ स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जतायी है। खासकर लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## नया आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम हुआ प्रभावी

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशियों और आव्रजन से संबंधित मामलों को विनियमित करने वाला एक नया अधिनियम सोमवार को प्रभाव में आ गया। इस एक्ट को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार अप्रैल, 2025 को स्वीकृति दी थी। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने एक सितंबर, 2025 को आव्रजन और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों को प्रभावी कर दिया है। इस कानून के मुताबिक जो भी जाली पासपोर्ट या वीजा का इस्तेमाल करता हुआ पाया जाएगा उसे सात वर्ष तक की कैद तथा 10 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## नया सोसाइटी पंजीकरण एक्ट शीघ्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के स्थान पर नए कानून की आवश्यकता पर बल दिया है। कहा कि सोसाइटी के रूप में पंजीकृत संस्थाओं के पंजीकरण, नवीनीकरण व उनकी संपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए व्यावहारिक प्रावधान किए जाने चाहिए। कहा कि विवाद की स्थिति में प्रशासक की तैनाती ठीक नहीं है, प्रबंधन को अपना विधान तय करने की छूट होनी चाहिए।

- समीक्षा बैठक में संस्थाओं के पंजीकरण और संपत्ति प्रबंधन में पारदर्शिता पर फोकस

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने आवास पर हुई बैठक में प्रस्तावित अधिनियम का प्रस्तुतिकरण देखा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और शीर्ष अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान अधिनियम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, निष्क्रिय अथवा संदिग्ध संस्थाओं के निरस्तीकरण, विघटन, संपत्ति के सुरक्षित प्रबंधन, सदस्यता और चुनाव संबंधी विवादों के समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट प्रावधानों का अभाव है। ऑडिट, निधियों के दुरुपयोग पर नियंत्रण और संपत्ति प्रबंधन से संबंधित नियम भी पर्याप्त नहीं हैं। निर्देश दिए कि पंजीकरण व नवीनीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन, केवाईसी आधारित और समयबद्ध होनी चाहिए। वित्तीय लेन-देन की जवाबदेही व लेखा-परीक्षा की प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ हो। नए कानून को यथाशीघ्र तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवश्यक प्रावधान ऐसे तैयार करें, जिससे प्रदेश की पंजीकृत संस्थाएं समाजोपयोगी कार्यों को और प्रभावी ढंग से संपादित कर सकें।

## टीईटी पास करें, अन्यथा छोड़ें नौकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- नए शिक्षकों और प्रमोशन चाहने वालों के लिए अनिवार्य
- पांच साल से कम सेवा वालों को सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना सभी नए शिक्षकों और पहले से नौकरी कर रहे उन शिक्षकों के लिए अनिवार्य होगा, जो प्रमोशन चाहते हैं। अगर कोई शिक्षक नई नौकरी या फिर प्रमोशन चाहता है तो टीईटी पास करना होगा।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की बेंच ने कहा कि जिन शिक्षकों की नौकरी पांच साल से कम बची है, उन्हें टीईटी पास करने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, प्रमोशन लेने के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। यह भी निर्देश दिया कि जो शिक्षक शिक्षा का अधिकार कानून (2009) लागू होने से पहले नियुक्त हुए हैं और जिनके पास पांच साल से ज्यादा सेवा शेष है, उन्हें दो साल के अंदर टीईटी पास करना ही होगा। यदि वे ऐसा नहीं कर पाए, तो उन्हें नौकरी से इस्तीफा देना पड़ेगा।



### अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों पर लागू नहीं

अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त शिक्षा संस्थानों को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी के लिए ये आदेश उन पर लागू नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि आरटीई एक्ट अल्पसंख्यक स्कूलों पर लागू होता है या नहीं? फिलहाल यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के पास लंबित है। जब तक फैसला नहीं आता है, तब तक इनके शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता नहीं होगी।

खगोल विज्ञान


सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट से भूचुंबकीय तूफान धरती की ओर आ रहा, ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराएगा

## धरती के साथ अंतरिक्ष में भी बिगड़ा मौसम का मिजाज

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : इन दिनों धरती पर देश भर में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है तो अंतरिक्ष का मौसम भी खराब दौर से गुजर रहा है। सूर्य की सतह पर हुए विस्फोट से भू चुंबकीय तूफान धरती की ओर रहा है, जो ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराएगा, इसका असर मंगलवार तक ध्रुवों पर नजर आएगा।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक एवं सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर बीती रात हुए विस्फोट से एक बड़ा भू चुंबकीय तूफान उत्पन्न हुआ है।



नासा द्वारा जारी सूर्य की सतह पर विस्फोट की फोटो।

यह अर्थ डायरेक्ट तूफान 406.4 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। इस भू चुंबकीय तूफान की तीव्रता जी 3 आंकी गई है। यह तूफान पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराएगा। जिसका असर रंग-बिरंगी रोशनी (ऑरोरा) के रूप में देखने को मिलेगा। हालांकि फिलहाल इस तूफान से हमारे सेटेलाइट को नुकसान पहुंचने और इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल उपकरणों को किसी तरह की हानि होने की संभावना नहीं है।

डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर दस सौर कलंक (सन स्पॉट) समूह बने हुए हैं जिनमें भयानक विस्फोट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इनमे कई सौर कलंक पृथ्वी के सामने की तरफ बने हुए हैं। यदि इनमें विस्फोट हुए तो भू चुंबकीय तूफान उत्पन्न होंगे, जो पृथ्वी की ओर बढ़ सकते हैं। बहरहाल दुनियाभर की सोलर टेलीस्कोप की नजर इन पर बनी हुई हैं।

### अक्टूबर तक जारी रहेगी सूर्य पर विस्फोटों की संभावना

नैनीताल। डॉ. वहाबउद्दीन बताते हैं कि सूर्य की सतह पर विस्फोटों के अक्टूबर तक जारी रहने की संभावना है। इस सौर चक्र में सूर्य की सक्रियता यानी विस्फोटों की शुरुआत पिछले वर्ष शुरू हुई थी, जो अभी तक जारी है। अक्टूबर में सक्रियता में कमी आ जाने के बाद सूर्य शांत होने लगेगा। इधर, इसरो के भारतीय सौर मिशन आदित्य एल-1 ने सूर्य की निगरानी शुरू कर दी है और डेटा भेजना भी शुरू कर दिया है। फिलहाल आदित्य एल-1 के उपकरणों की टेस्टिंग जारी है, जो अगले कुछ माह तक जारी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 101 विद्यालयों में बनाई गई अटल टिंकरिंग लैब

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के 778 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब स्थापित की जा चुकी है। 1084 विद्यालयों में आईसीटी लैब और 1236 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित किए जाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में 101 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई है, जहां छात्र प्रयोग के माध्यम से विज्ञान और तकनीक की गहराई से समझ हासिल कर सकेंगे।

### बाल वाटिकाओं की संख्या बढ़कर 70 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में अब बाल वाटिकाओं की कुल संख्या बढ़कर 70 हजार से अधिक हो गई है। यहां लर्निंग कॉर्नर व वंडर बॉक्स की मदद से तीन वर्ष से लेकर छह वर्ष तक की आयु के बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाई कराई जा रही है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्री-प्राइमरी स्कूलों के तौर पर चलाई जा रहीं इन बाल वाटिकाओं में बाल मैत्रीय फर्नीचर रंग-बिरंगे कक्षा कक्ष भी बनाए गए हैं। आउटडोर गेम की व्यवस्था भी की गई है।

### महानिदेशक बने डॉ.पवन कुमार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. दिनेश कुमार सिंह सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी जगह, महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.पवन कुमार अरूण को स्थायी नियुक्ति होने तक अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### आईआईएम सिखाएगा पंचायतों का प्रबंधन

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के सीतापुर रोड स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायतों में बेहतर प्रबंधन के गुर सिखाएगा। पंचायती राज विभाग ने प्रशिक्षण की कार्य योजना बनाई है और संस्था से एमओयू होते ही शेड्यूल बनाकर जनप्रतिनिधियों और विकास से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों के विकास के लिए बेहतर प्रबंधन और नेतृत्व करना बेहद जरूरी है। इसको देखते हुए पंचायत राज विभाग आईआईएम से एमओयू करके प्रदेश स्तरीय पांच दिवसीय 'मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम' कराएगा।

### काउंसिलिंग में शामिल होंगे 312 चिकित्सक

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 312 एमबीबीएस चिकित्सक, विशेषज्ञ बनने के लिए नीट पीजी 2025 की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करेंगे। नीट पीजी की परीक्षा देने वाले चिकित्सकों में अर्ह चिकित्सकों की मेरिट सूची सोमवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग (डीजीएमई) ने जारी कर दी है।

### खुलेंगे 10 नए उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : जल्द ही प्रदेश के आठ नहीं, सभी 18 मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय होंगे। नए उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में उसी मंडल के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। शासनादेश के अनुसार, प्रदेश में अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विंध्याचल, मुरादाबाद और सहारनपुर मंडल में उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय शुरू किए जाएंगे। नए कार्यालयों में सहायक लेखाधिकारी के पद वित्त विभाग के जरिये और कनिष्ठ सहायक के पद उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सीधी भर्ती से भरे जाएंगे।

# तीन किमी से अधिक दूरी के उ.प्रा. विद्यालयों का विलय नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सरकार की ओर से हाईकोर्ट में दिया गया जवाब

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सोमवार को विद्यालयों के विलय के मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान दौरान राज्य सरकार की ओर से पूरक जवाबी शपथ पत्र दाखिल किया गया। जिसमें इस बात को स्पष्ट किया गया है कि एक किलोमीटर से कम दूरी वाले तथा जिन विद्यालयों में 49 से अधिक बच्चे हैं, उनकी पेयरिंग नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी बताया गया है कि तीन किलोमीटर से अधिक दूरी के उच्च प्राथमिक विद्यालयों का भी विलय नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने सरकार के उक्त पूरक शपथ पत्र को रिकॉर्ड पर लेते हुए अगली सुनवाई के लिए 22 सितंबर की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने दिया है। सीतापुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह के उक्त पूरक शपथ पत्र के साथ राज्य सरकार के 27 अगस्त 2025 के शासनादेश को भी दाखिल किया गया है। जिसमें सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन प्राथमिक विद्यालयों के एक किलोमीटर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के तीन किलोमीटर से अधिक दूरी के बावजूद पेयरिंग की गई है, उन्हें निरस्त कर दिया जाए। कहा गया कि शासनादेश का सख्ती से अनुपालन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को भी दिए गए हैं। पूरक शपथ पत्र में कहा गया है कि नए निर्देशों के तहत सीतापुर में सिर्फ 77 विद्यालयों की पेयरिंग की गई है।

# योगी जी मेरा एडमिशन करवा दीजिए, डॉक्टर बनूंगी

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिली कानपुर की मायरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी जी मेरा एडमिशन करा दीजिए, मैं बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हूं। यह बात सोमवार को जनता दर्शन में कानपुर से अपनी मां नेहा के साथ आई नन्ही मायरा ने कही। मासूम मायरा को देख मुस्कुराते हुए योगी ने पहले हालचाल जाना, फिर पूछा कि क्या बनना चाहती हो। इस पर मायरा ने जवाब दिया- डॉक्टर। यह सुन मुख्यमंत्री ने पहले उसे चॉकलेट दी, फिर अधिकारियों को एडमिशन कराने का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मायरा की मां नेहा ने एडमिशन के लिए आवेदन दिया। सीएम ने पूछा तो नेहा बोली-कानपुर से आए हैं, स्कॉर्ट्स वर्ल्ड स्कूल में एडमिशन कराना है। इसके बाद मायरा से मुखातिब सीएम ने पूछा क्या बनेगी- जिस पर उसने तपाक से जवाब दिया-डॉक्टर। बच्ची की मासूमियत पर सीएम मुस्कुरा उठे। नन्ही मायरा ने पत्रकारों को बताया कि कि योगी बाबा ने कहा है कि एडमिशन हो जाएगा।

### प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की दी जानकारी

शासन के अधिकारियों ने सोमवार को कानपुर के एस्कार्टर्स वर्ल्ड स्कूल से मायरा के एडमिशन के संदर्भ में जानकारी ली। इस पर शाम होने से पहले ही एस्कार्टर्स वर्ल्ड स्कूल के-1, केशवपुरम कानपुर नगर के प्रधानाचार्य सुधीर तिवारी ने बीएसए व शासन के अधिकारियों को प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी।

### 50 शिकायतें आईं, मुस्कान लेकर लौटे फरियादी

जनता दर्शन में सितंबर की पहली सुबह मुख्यमंत्री आवास पहुंचे 50 फरियादी मुस्कान लेकर लौटे। मुख्यमंत्री योगी ने उनकी समस्या जानी और प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी की समस्याओं का निराकरण हो और हर पीड़ित से फीडबैक भी लिया जाय।


जनता दर्शन के दौरान बच्ची मायरा को चॉकलेट देते मुख्यमंत्री योगी।

# गंभीर बीमार बंदियों की समय पूर्व रिहाई के नियम होंगे सरल : योगी

## मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी नीति बनाने को लेकर की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित बंदियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित नियमों को और अधिक सरल, स्पष्ट व मानवीय दृष्टिकोण से परिभाषित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि प्राणघातक रोग से ग्रस्त बंदियों, वृद्ध व असहाय बंदियों की वास्तविक संख्या जानने के लिए सर्वेक्षण कराएं। इनकी प्राथमिकता के साथ रिहाई होगी। इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं की समीक्षा बैठक में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी नीति बनाने को लेकर निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नीति को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र बंदियों की रिहाई स्वतः विचाराधीन होनी चाहिए और इसके लिए उन्हें अलग से आवेदन न करना पड़े। ऐसे लोगों का प्रदेश के सभी कारागारों में सर्वेक्षण कर वास्तविक संख्या का आकलन किया जाए। इनमें महिलाओं, बुजुर्गों को प्राथमिकता के आधार पर रिहा करने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कैदियों को कृषि, गोसेवा आदि कार्यों से जोड़कर उनकी जेल अवधि के सदुपयोग करने के लिए व्यवस्था बनाने की भी आवश्यकता बताई।

बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुझाई गई प्रणाली को प्रदेश में अपनाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि बंदियों को न्यायिक अधिकारों का लाभ सुचारू रूप से मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, त्वरित और मानवीय संवेदनाओं पर आधारित होनी चाहिए तथा जल्द ही नई नीति का प्रारूप तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाए।


लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं को लेकर समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### वर्ष में तीन बार हो समीक्षा

नियमों में बदलाव पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष तीन बार जनवरी, मई और सितंबर में पात्र बंदियों के मामलों की स्वतः समीक्षा की व्यवस्था हो। यदि किसी बंदी को रिहाई न दी जाए तो उसके कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किए जाएं और उसे यह अधिकार मिले कि वह उस निर्णय को चुनौती दे सके।

### जघन्य अपराधों में रिहाई कतई नहीं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जेल मैनुअल में यह भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना आवश्यक है कि किन बीमारियों को असाध्य रोग की श्रेणी में रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए समयपूर्व रिहाई उन्हीं मामलों में की जानी चाहिए, जहां से सामाजिक जोखिम न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हत्या, आतंकवाद, देशद्रोह, महिला और बच्चों के विरुद्ध जघन्य अपराध जैसे मामलों में रिहाई कतई नहीं की जानी चाहिए।

### योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल बैठक मंगलवार को होगी। लोकभवन में होने वाली इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। दरअसल, संभल को लेकर सामने आयी न्यायिक रिपोर्ट के मद्देनजर इस बार की कैबिनेट बैठक काफी अहम होने वाली है। बैठक में संभल की न्यायिक रिपोर्ट रखी जाएगी और उस पर चर्चा भी होगी। रिपोर्ट के आधार पर संभल में आगे की सरकारी कवायद पर निर्णय भी हो सकता है।

# मुख्यमंत्री से मिलने के बाद संजय निषाद का यू-टर्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा से गठबंधन तोड़ने की धमकी से पीछे हटे



अमृत विचार: निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के बाद यू-टर्न ले लिया है। इससे पहले भाजपा से गठबंधन तोड़ने की धमकी दे रहे संजय निषाद ने सुर बदलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हमारे अभिभावक और मार्गदर्शक हैं और मेरी भाजपा से कोई नाराजगी नहीं है।

दरअसल, बीते दिनों संजय निषाद ने भाजपा को दो टूक कह दिया था कि अगर सत्ताधारी पार्टी को लगता है कि हमसे कोई फायदा नहीं है तो गठबंधन तोड़ दें, हम तैयार है।

# 13 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजकुमार मित्तल बने अपर जिलाधिकारी लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने 13 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इस कड़ी में सहकारी चीनी मिल संघ के प्रधान प्रबंधक राजकुमार मित्तल को अपर जिलाधिकारी (नगर ट्रांसगोमती), लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राम प्रकाश अपर जिलाधिकारी (वित्त) महोबा को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण, कुंवर पंकज मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज को अपर जिलाधिकारी (वित्त) महोबा, नवीन चंद्र उप जिलाधिकारी उन्नाव को अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति) मेरठ, ज्योति राय उप निदेशक पशुपालन निदेशालय को अपर जिलाधिकारी (वित्त) बलरामपुर, प्रदीप कुमार अपर जिलाधिकारी (वित्त) बलरामपुर को उप निदेशक पशुपालन निदेशालय, सुनंदू सुधाकरन अपर जिलाधिकारी (वित्त) सुल्तानपुर को अपर आयुक्त वाराणसी मंडल तैनात किया गया है। अंजली गंगवार एसडीएम कासगंज को प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ, कुमार सिंह यादव एसडीएम पवन कुमार एसडीएम बाराबंकी को प्रधान प्रबंधक सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ, राज महोबा को एडीएम (न्यायिक) बाराबंकी, मो. कमर अपर नगर आयुक्त झांसी को उप निदेशक महिला कल्याण निदेशालय, राहुल कुमार यादव प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ को अपर नगर आयुक्त झांसी और राकेश सिंह अपर जिलाधिकारी (नगर ट्रांस गोमती) को अपर जिलाधिकारी (वित्त) सुल्तानपुर, बनाया गया है।

# वन्यजीव तस्कर गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ ने उन्नाव के सदर कोतवाली स्थित तालीब सराय में की कार्रवाई

अमृत विचार : एसटीएफ ने सोमवार को संरक्षित वन्यजीव तस्करी गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह की दो महिला तस्करों को उन्नाव के सदर कोतवाली स्थित तालीब सराय से दबोचा। आरोपियों के पास से 85 तीतर और 70 टुईयां तोता समेत कई अन्य पक्षी और सामान बरामद किया है। एसटीएफ के मुताबिक, यह गिरोह अंतरराज्यीय स्तर का है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

डिप्टी एसपी अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव के मुताबिक, पकड़ी गई महिला तस्करों में तालीब सराय निवासी मो. इदरीश की पत्नी राफिया और मो. सगीर की पत्नी गुरनाज शामिल है। दोनों के पास से 85 तीतर, 70 टुईयां तोता, 15 रेड मुनिया, आठ रिंग नेक पैरेट, 10 ट्राई कलर मुनिया के अलावा सिल्वर व्हील, एलक्जेंडराइज पैरेट, लेजरव्हीस्लिंग टील बरामद किया है। डिप्टी एसपी के मुताबिक, गिरोह का सरगना राफिया का पति इदरीश है। स्थानीय स्तर पर वन्य जीव को जुटाता है। इसके बाद इन्हें ऊंचे दाम पर बेचा जाता है। साथ ही यह भी बताया कि पहाड़ी तीतर के मांस को स्थानीय बाजार में भी महंगे दामों पर सप्लाई किया जाता है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### भाजपा सरकार में विदेश नीति बर्बाद



अमृत विचार, लखनऊ: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा है कि भाजपा-आरएसएस ने भारत की विदेश नीति को बर्बाद कर दिया है। दुनिया के तमाम मित्र देशों ने साथ छोड़ दिया है। अभी आपरेशन सिंदूर के दौरान पड़ोसी देश भी साथ नहीं खड़े हुए। तब हमलावर पाकिस्तान को चीन हर प्रकार की मदद कर रहा था। जिस अमेरिका से बड़ी दोस्ती थी, उसने व्यापार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के साथ ही और कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की धमकी दी है। घबराई भाजपा सरकार अब चीन की शरण में पहुंच गई है। जिसका ट्रैक रिकार्ड भारत से दुश्मनी का ही रहा है।

# आरक्षण शासनादेश रद्द करने के खिलाफ विशेष अपील दायर

विधि संवाददाता, लखनऊ

- चार मेडिकल कॉलेजों के मामले में हाईकोर्ट ने पूछा, एकल पीठ के निर्णय में क्या है कमी

अमृत विचार : राज्य सरकार ने अंबेडकर नगर, कन्नौज, जालौन व सहारनपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आरक्षण के संबंध में पारित शासनादेशों को रद्द करने के एकल पीठ के निर्णय के विरुद्ध विशेष अपील दाखिल की गई है। सोमवार को उक्त अपील पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा है कि उक्त निर्णय में क्या कमी है। मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी।

न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई हुई। न्यायालय ने अपीलार्थी के वरिष्ठ अधिवक्ता जेएन माथुर को स्पष्ट करने को कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों व आरक्षण सम्बंधी प्रावधानों पर विचार के उपरांत पारित एकल पीठ के उक्त 25 अगस्त के निर्णय में क्या कमी है। उल्लेखनीय है कि एकल पीठ ने यह पाते हुए कि शासनादेशों 20 जनवरी 2010, 21 फरवरी 2011, 13 जुलाई 2011, 19 जुलाई 2012, 17 जुलाई 2013 व 13 जून 2015 के जरिए आरक्षित वर्ग के लिए को 79 प्रतिशत से अधिक सीटें सुरक्षित की गई हैं, उक्त शासनादेशों को निरस्त कर दिया है, साथ ही उक्त कॉलेजों में आरक्षण अधिनियम, 2006 का सख्ती से अनुपालन करते हुए, नये सिरे से सीटें भरने का आदेश दिया है। याची के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने दलील दी थी कि उक्त मेडिकल कॉलेजों में राज्य सरकार के कोटे की कुल 85-85 सीटें हैं, जबकि सिर्फ 7-7 सीटें अनारक्षित श्रेणी के लिए रखी गई हैं। वहीं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा व ट्रेनिंग की ओर से दलील दी गई थी कि इंदिरा साहनी मामले में शीर्ष अदालत यह स्पष्ट कर चुकी है कि 50 प्रतिशत की सीमा अंतिम नहीं है, इससे अधिक आरक्षण दिया जा सकता है। हालांकि, एकल पीठ इस दलील से सहमत नहीं हुई व कहा कि उक्त सीमा सिर्फ नियमों का पालन करते हुए, बढ़ाई जा सकती है।

### 700 करोड़ से प्लांट लगाएगा कोका कोला

अमृत विचार, लखनऊ : मल्टीनेशनल कंपनी पेप्सिको के बाद कोका कोला का बॉटलिंग प्लांट भी गोरखपुर में लगने जा रहा है। यह प्लांट अमृत बॉटलर्स द्वारा 700 करोड़ रुपये के निवेश से लगाया जाएगा। इससे 1200 लोगों को रोजगार मिलने का दावा किया जा रहा है। बॉटलिंग प्लांट की स्थापना के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास 4 सितंबर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्लास्टिक पार्क में 120 करोड़ रुपये से बनी तीन औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण, 640 करोड़ के निवेश वाली तीन यूनिट्स का शिलान्यास, 400 करोड़ रुपये लागत वाली कालेसर आवासीय योजना सेक्टर 11 के आवंटन पत्र का वितरण और 281 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाना भी प्रस्तावित है।

**योजना** | 63 प्रतिशत युवाओं ने सेवा क्षेत्र के उद्यम लगाने को लिया बैंकों से ऋण

# उद्यम लगाने में युवाओं की पहली पसंद खाद्य उद्योग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सीएम युवा उद्यमी योजना में प्रदेश के युवाओं को सेवा क्षेत्र के उद्योग ज्यादा भा रहे हैं। इनमें भी खाद्य उद्योग ज्यादातर युवाओं की पसंद है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि योजना के तहत 63 प्रतिशत युवाओं ने सेवा क्षेत्र के उद्यम लगाने के लिए बैंकों से ऋण लिया है, जबकि उत्पादन क्षेत्र में इन युवाओं की भागीदारी 37 प्रतिशत है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य में लगी राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को उद्यमी बनाने में जुटी है। उद्योगों की संख्या बढ़ाकर युवाओं को भरपूर रोजगार उपलब्ध कराने पर फोकस है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ब्याजमुक्त पांच लाख रुपये का ऋण राष्ट्रीयकृत बैंकों से दिलाया जा रहा है।

उद्योग विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश दिवस 24 जनवरी 2025 को लांच की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत अब तक 79,814 युवाओं को 3500 करोड़ रुपये बतौर ऋण दिया जा चुका है। योजना में युवा महिलाएं भी खूब भागीदारी कर रही हैं। ऋण लेने वालों में 71 प्रतिशत पुरुष व 29 प्रतिशत महिला उद्यमी शामिल हैं। कुल ऋण लेने वाले युवाओं में 33.7 प्रतिशत सामान्य वर्ग, 49 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 15 प्रतिशत अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग व दो प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग शामिल हैं। इन वर्गों के युवाओं ने आरक्षण के तहत नहीं, बल्कि स्वतः रुचि लेकर अपनी भागीदारी तय की है।

**नए उद्यमियों को किया जा रहा जागरूक :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में उद्योग विभाग की ओर से नियुक्त किये गये सीएम युवा उद्यमी फेलो युवाओं को जागरूक करेंगे। उद्योग विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। उद्यमी फेलो युवाओं को उद्योग लगाने से लेकर बैंक से ऋण स्वीकृत कराने में अपना सहयोग देंगे।

### इस वर्ष डेढ़ लाख युवाओं को ऋण दिलाने का लक्ष्य

उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष डेढ़ लाख युवाओं को इस योजना के तहत ऋण दिलाने का लक्ष्य है, जिसमें अब तक 51,144 युवाओं को 2100 करोड़ रुपये का ऋण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि खाद्य उद्योग में जहां ज्यादा लोगों को रुचि है, वहीं इसके बाद युवा टेलरिंग, बुटीक, ब्यूटी पार्लर आदि पर जोर दे रहे हैं।

### यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में होगा उद्योग विभाग का कॉन्क्लेव

युवाओं को भागीदारी बढ़ाने के लिए उद्योग विभाग ग्रेटर नोयडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में शामिल होगा। विभाग की ओर से कॉन्क्लेव आयोजित होगा, जिसमें उद्यमियों को जागरूक किया जाएगा।

### पिछड़ा वर्ग के उत्थान को खुलेगा शोध संस्थान

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए शोध संस्थान खुलेगा। इसके साथ ही, निशुल्क कोचिंग सेंटर व नया आयोग भवन स्थापित होगा। सोमवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में ये फैसले लिये गये। बैठक में अन्य पिछड़े वर्गों के उत्थान व विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विमर्श किया गया। पिछड़ा वर्ग शोध संस्थान की स्थापना का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके साथ ही गरीब व अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

# नोटिस पर भी नहीं आए अधिकारी, दी चेतावनी


लखनऊ के इंदिराभवन में सुनवाई करते राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने सोमवार को सुनवाई के दौरान नोटिस पर अफसरों के पेश न होने पर कड़ी नाराजगी जताई। अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि भविष्य में सुनवाई के दौरान सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा। आयोग में कुल 30 प्रकरणों की सुनवाई हुई। रमेश सिंह व दिनेश कुमार के सेवानिवृत्ति बाद देयों के भुगतान से संबंधित मामले में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के उपस्थित न होने पर आयोग ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और प्रमुख सचिव सहकारिता को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

नेशनल ब्रीफ

### ममता का केंद्र पर सेना के दुरुपयोग का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषी प्रवासी श्रमिकों पर कथित अत्याचार के विरोध में यहां बनाए गए मंच को हटाने के लिए सेना के दुरुपयोग का आरोप लगाया। सेना ने मध्य कोलकाता के मैदान क्षेत्र में गांधी प्रतिमा के पास बनाए गए तृणमूल कांग्रेस के मंच को इस आधार पर तोड़ना शुरू कर दिया था कि पार्टी ने कार्यक्रम की अनुमति की अवधि पार कर ली थी, तभी बनर्जी मौके पर पहुंचीं। बनर्जी ने कहा, मैं सेना को दोष नहीं देती, लेकिन इसके पीछे भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति है।

### जजों के स्थानांतरण पर बार ने चिंता जताई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन (डीएचसीबीए) ने सोमवार को सीजेआई बीआर गवई और सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम को पत्र लिखकर दिल्ली हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्तियों और स्थानांतरण में अधिक पारदर्शिता का अनुरोध किया। डीएचसीबीए ने हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के बार-बार होने वाले स्थानांतरण पर चिंता व्यक्त की। बार ने कहा, हाईकोर्ट में न्यायिक नियुक्तियां करते समय बार के सदस्यों पर विचार नहीं किया जा रहा है। बार निकाय ने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति करार दिया।

### चीनी मिल पर 18 करोड़ का पर्यावरण जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में एक चीनी मिल द्वारा पर्यावरण मानदंडों का उल्लंघन करने को लेकर उससे संबद्ध कंपनी पर 18 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने संबंधी एनजीटी के आदेश को निरस्त कर दिया और कहा कि न्याय करने की कोशिश में, एनजीटी ने ठीक उल्टा किया। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मेसर्स त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड की अपील को स्वीकार कर लिया तथा अधिकरण के 15 फरवरी 2022 और 16 सितंबर 2022 के दो आदेशों को खारिज कर दिया।

### दिल्ली में यमुना का जल स्तर 205 मीटर से ऊपर

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में भारी बारिश के कारण सोमवार को यमुना नदी का जलस्तर तेजी से चढ़ा है जिसे देखते हुए सरकार ने नदी किनारे बाढ़ की चेतावनी जारी की है। केंद्रीय जल आयोग से अनुसार, आज रात आठ बजे पुराने रेलवे पुल पर यमुना का स्तर 205 .03 मीटर रिकॉर्ड किया गया। अगले 24 घंटे में इसके बढ़कर 206 .41 मीटर पर पहुंचने की आशंका है। यहां खतरे का स्तर 205 .33 मीटर है।

# निर्वाचन आयोग सहमत, एक सितंबर के बाद भी दाखिल किए जा सकेंगे दावे, आपत्तियां

## शीर्ष अदालत ने नामांकन की अंतिम तिथि तक नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रिया जारी रखने का दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान तैयार मतदाता सूची के मसौदे में दावे, आपत्तियां और सुधार एक सितंबर के बाद भी दाखिल किए जा सकेंगे लेकिन उन पर विचार मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही किया जाएगा।

बिहार एसआईआर के लिए निर्वाचन आयोग की 24 जून की अनुसूची के अनुसार, मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की




- दलों को चुनाव आयोग के नोट पर जवाब दाखिल करने की छूट दी
- दावे-आपत्तियों पर वोटर सूची को अंतिम रूप देने के बाद होगा विचार

समय सीमा आज समाप्त हो रही है और अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग (ईसी) की इस दलील पर गौर किया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। पीठ ने कहा, समय बढ़ाने के संबंध में, ईसीआई की ओर से प्रस्तुत नोट में कहा गया है कि एक सितंबर के बाद दावे/आपत्तियां या सुधार दाखिल करने पर रोक नहीं है। यह कहा गया है कि दावे/आपत्तियांसमय सीमा के बाद भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं, यानी एक सितंबर के बाद और सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इस पर विचार किया जाएगा।

शीर्ष अदालत के आदेश में कहा गया है, यह प्रक्रिया नामांकन की अंतिम तिथि तक जारी रहेगी और नाम शामिल करने/ नाम हटाना अंतिम मतदाता सूची में समाहित किया जाएगा। इस रुख को देखते हुए दावे / आपत्तियां / संशोधन दायर किए जाते रह सकते हैं।' इसके बाद पीठ ने राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग के नोट के जवाब में अपने जवाब दाखिल करने की छूट दे दी।

### मतदाताओं और राजनीतिक दलों की मदद के लिए अर्धकानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करने का निर्देश

शीर्ष अदालत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दाखिल करने में व्यक्तिगत मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करे जो संबंधित जिला न्यायाधीशों के समक्ष एक गोपनीय रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और राज्य के एकत्रित आंकड़े पर आठ सितंबर को विचार किया जाएगा।

- निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि दावे आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा एक सितंबर से आगे बढ़ाने से मतदाता सूची को अंतिम रूप देने का पूरा कार्यक्रम बाधित होगा। समयसीमा नियमानुसार तय की गई है।

### अगली सुनवाई में संज्ञान में लाएं ऐसे मामले जिनमें आधार को ध्यान में नहीं रखा गया

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और शोएब आलम ने पीठ से आग्रह किया कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल 7 .24 करोड़ मतदाताओं के लिए आधार कार्ड को पात्रता दस्तावेज के रूप में माना जाने का निर्देश देने वाला एक आदेश दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह पहले ही 65 लाख हटाये गए मतदाताओं के लिए आधार स्वीकार करने का आदेश दे चुकी है, लेकिन वह कानून में निर्धारित आधार की स्थिति को किसी आदेश के माध्यम से नहीं बढ़ा सकती। पीठ ने वकील से कहा, आधार अधिनियम की धारा 9 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आधार संख्या नागरिकता या अधिवास का प्रमाण नहीं है। हालांकि, पीठ ने उनसे अगली सुनवाई में उन मामलों को ध्यान में लाने को कहा जहां सूची से हटाए गए मतदाताओं के मामले में आधार को ध्यान में नहीं रखा गया।

- राजद की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसआईआर प्रक्रिया में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहा है और उन्होंने अदालत से समय सीमा बढ़ाने का आग्रह किया। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को बिहार एसआईआर से संबंधित 24 जून के आदेश में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा और मसौदा सूची से नाम हटाने के लिए दायर आपत्तियों की उच्च दर पर चिंता व्यक्त की। पीठ ने मामले की सुनवाई 8 सितंबर को करना निर्धारित करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों को सक्रिय होने की आवश्यकता है।

# सुप्रीम चिंता, 'संदेह से परे' सिद्धांत के गलत इस्तेमाल से दोषी हो रहे हैं बरी

## कोर्ट ने कहा- ऐसे मामले समाज की सुरक्षा की भावना के विरुद्ध और न्याय प्रणाली पर धब्बा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 'संदेह से परे' सिद्धांत के गलत इस्तेमाल के कारण वास्तविक अपराधी कानून के शिकंजे से बच निकलने में कामयाब हो जाते हैं और बरी होने का ऐसा हर मामला समाज की सुरक्षा की भावना के विरुद्ध एवं आपराधिक न्याय प्रणाली पर एक धब्बा है।

नाबालिग लड़की से बलात्कार के दो आरोपियों को दोषी ठहराने के निचली अदालत के फैसले को कायम रखते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अक्सर ऐसे मामले देखने में आते हैं, जहां मामूली विसंगतियों, विरोधाभासों और कमियों के आधार पर उन्हें उचित संदेह के मानक तक बढ़ाकर बरी कर दिया जाता है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि अदालतों को समाज की जमीनी हकीकत के प्रति संवेदनशील होना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कानून का उद्देश्य दबाया न जाए और विधायिका द्वारा बनाई गई व्यवस्था सही भावना के साथ इच्छित व्यक्तियों तक पहुंचें।

पीठ ने कहा कि न केवल किसी निर्दोष को उस चीज के लिए सजा नहीं मिलनी चाहिए जो उसने नहीं



की, बल्कि किसी भी अपराधी को अनुचित संदेह और प्रक्रिया के गलत इस्तेमाल के आधार पर बरी नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा, प्रक्रियात्मक शुचिता के महत्व के बावजूद, यह पूरी व्यवस्था की पूर्ण विफलता का मामला होता है जब कोई अपराधी, वह भी जघन्य यौन अपराध का, पीड़िता को प्रक्रियात्मक नियमों के गलत इस्तेमाल में उलझाकर, पीड़िता की जानकारी और पीड़िता के किसी नियंत्रण के बिना, मुक्त घूमने में सफल हो जाता है। पीठ ने पटना हाईकोर्ट के सितंबर 2024 के फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें दो आरोपियों को बरी कर दिया गया था। निचली अदालत ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। शीर्ष अदालत ने पीड़िता के पिता की हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाया।

### संदेह से परे का मतलब किसी निर्दोष को न मिले सजा

पीठ ने कहा कि उल्लेखनीय रूप से, संदेह से परे सिद्धांत को अभियोजन पक्ष के मामले में किसी भी और हर संदेह के रूप में गलत समझा गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अक्सर उच्चतम न्यायालय के सामने ऐसे मामले आते हैं, जिनमें मामूली विसंगतियों, विरोधाभासों और कमियों के आधार पर आरोपियों को बरी कर दिया जाता है। पीठ ने कहा कि संदेह से परे के सिद्धांत का अंतर्निहित आधार यह है कि किसी भी निर्दोष को उस अपराध के लिए सजा नहीं मिलनी चाहिए जो उसने किया ही नहीं। अदालत ने कहा, लेकिन इसका दूसरा पहलू, जिसके बारे में हम जानते हैं, वह यह है कि कई बार इस सिद्धांत के गलत इस्तेमाल के कारण वास्तविक अपराधी कानून के चंगुल से बच निकलने में कामयाब हो जाते हैं। पीठ ने कहा कि कई बार पीड़ित खुद को असंवेदनशील पक्षों से भरी व्यवस्था के खिलाफ खड़ा पाते हैं और कई बार पीड़ित खुद को मौजूदा कानूनों की प्रक्रियागत पेचीदगियों के साथ संघर्ष में पाते हैं।

### 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री के खिलाफ जनहित याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें देश भर में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी-20) बेचने की शुरुआत को चुनौती दी गई थी। आरोप लगाया गया था कि लाखों चालक ऐसे ईंधन का उपयोग करने को मजबूर हैं, जिसे उनके वाहनों के लिए डिजाइन नहीं किया गया है। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ अधिवक्ता अक्षय मल्होत्रा के याचिका में उठाए तर्कों से सहमत नहीं हुई। याचिका में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी ईंधन स्टेशनों या पेट्रोल पंप पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने दावा किया कि ई20 ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है। उन्होंने कहा, मैं जिम्मेदारी के साथ यह बात कह रहा हूं कि याचिकाकर्ता (मल्होत्रा) के तो केवल नाम का इस्तेमाल हो रहा है। इसके पीछे एक लॉबी है।

### अल्पसंख्यक स्कूलों को आरटीई से छूट का मामला वृहद पीठ को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अल्पसंख्यक स्कूलों को शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के दायरे से बाहर रखने संबंधी 2014 के फैसले के औचित्य पर संदेह जताते हुए सोमवार को मामले को निर्णय के लिए वृहद पीठ के पास भेज दिया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्ययन सहित रिकार्ड पर प्रस्तुत सामग्री का हवाला देते हुए निराशा जताई कि कानून के दायरे से इन स्कूलों को अलग रखने के फैसले ने दुरुपयोग के लिए जमीन तैयार कर दी। पीठ ने कहा, हम विनम्रता के साथ कहना चाहते हैं कि प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट मामले में लिए गए फैसले ने अनजाने में सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा की नींव को ही खतरे में डाल दिया।

# राहुल का दावा, वोट चोरी के एटम बम के बाद अब हाइड्रोजन बम

**पटना।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि वोट चोरी के एटम बम के बाद अब हाइड्रोजन बम आने वाला है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना मुंह नहीं दिखा पाएंगे।

उन्होंने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा के माध्यम से क्रांतिकारी प्रदेश बिहार ने यह संदेश दिया है कि 'वोट चोरी' नहीं होने दी जाएगी। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और महागठबंधन के अन्य प्रमुख नेताओं की 16 दिनों की वोट अधिकार यात्रा का यहां एक विशाल मार्च और सभा के माध्यम से समापन हुआ। यह मार्च गांधी मैदान से आंबेडकर पार्क तक होने वाला था, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के कारण पुलिस ने इसे डाक बंगला चौराहे पर ही रोक दिया जहां राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के कई नेताओं ने समर्थकों को संबोधित किया। राहुल गांधी ने यात्रा के अंतिम दिन भी प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और निर्वाचन आयोग पर हमला जारी रखा और दावा किया कि 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा पूरे देश में फैल चुका है।

- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा- वोट चोरी के नए खुलासे के बाद जनता को अपना मुंह नहीं दिखा पाएंगे मोदी




### वोट चोरी मतलब सारे अधिकारों की चोरी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में कथित वोट चोरी से जुड़े अपने खुलासे का उल्लेख किया और कहा, महादेवपुरा में हमने एटम बम दिखाया था। भाजपा वालों तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है। वोट चोरी की सच्चाई पूरे देश को पता लगने वाली है। राहुल ने कहा कि वोट चोरी का मतलब, अधिकार, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा, लोकतंत्र और युवाओं के भविष्य की चोरी है। राहुल ने दावा किया कि वोट चोरी के बाद लोगों के राशन कार्ड और जमीन छीन ली जाएगी तथा अदाणी और अंबानी जैसे उद्योगपतियों को दे दी जाएगी।

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भाजपा और आरएसएस की झोली में गिरने तथा विचारधारा से समझौता करने का आरोप लगाया। कहा, भाजपा-आरएसएस उन्हें वहीं फेंक देंगे जहां कचरा फेंका जाता है। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव के बाद डबल इंजन सरकार नहीं होगी।

### भाजपा ने कहा, विपक्ष के नेता के पद को कमतर कर रहे हैं राहुल

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस दावे का मजाक उड़ाया कि वह जल्द ही अपने वोट चोरी आरोप के सिलसिले में हाइड्रोजन बम सामने लेकर आएंगे। भाजपा ने उनके एटम बम के निष्प्रभावी होने का दावा करते हुए उन पर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद को कमतर करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मोदी को गाली देने का इतिहास रहा है लेकिन लोगों ने बार-बार गांधी को नकारा है एवं मोदी में विश्वास जताया है। प्रसाद ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा की जीत के पीछे धोखाधड़ी का आरोप लगाकर कांग्रेस नेता मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम मतदाताओं से कहेंगे कि वे उन्हें उनके अहंकार की सजा दें। प्रसाद ने तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा और कहा कि बिहार में कांग्रेस का कोई राजनीतिक आधार न होने के बावजूद वह राहुल गांधी के सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं।

## धनखड़ ने सरकारी आवास छोड़ा, फार्महाउस में गए

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पद से इस्तीफा देने के छह हफ्ते बाद अपने सरकारी आवास से दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में चले गए।

एक अधिकारी ने बताया कि छतरपुर के गदाईपुर इलाके में स्थित यह फार्महाउस इनेलो नेता अभय चौटाला का है। धनखड़ अंतरिम व्यवस्था के तहत इस निजी फार्महाउस में तब तक रहेंगे जब तक उन्हें टाइप-8 का सरकारी आवास आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वह पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को अब तक सरकारी बंगले के आवंटन के लिए धनखड़ से कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पी चौटाला के बेटे अभय चौटाला ने पुष्टि की कि पूर्व उपराष्ट्रपति छत्तरपुर में स्थित फार्महाउस में चले गए हैं।

# सीबीआई के भ्रष्ट अफसरों पर विभागीय कार्रवाई के लगभग 60 मामले लंबित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि 31 दिसंबर, 2024 तक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों के विरूद्ध 60 मामले लंबित थे तथा उनमें 22 मामले चार साल से भी अधिक पुराने हैं।

हाल में जारी सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2024 में कहा गया है, सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ लंबित मामलों से देश की प्रमुख जांच एजेंसी की प्रतिष्ठा और छवि पर असर पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2024 तक, सीबीआई के समूह 'ए' अधिकारियों के खिलाफ 39 विभागीय मामले और समूह 'बी' एवं 'सी' अधिकारियों के खिलाफ 21 मामले विभिन्न चरणों में लंबित थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत किए गए अपराधों की जांच के संबंध में सीबीआई पर निगरानी रखता है। अपनी रिपोर्ट में, सीवीसी ने भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों पर मुकदमा चलाने की अनुमति के अभाव में संबंधित प्राधिकारियों के पास लंबित मामलों की प्रगति की भी समीक्षा की।


### अभियोजन स्वीकृति का इंतजार कर रहे भ्रष्टाचार के 200 मामले

सीबीआई ने बताया कि 2024 के अंत तक, भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम, 1988 के तहत अभियोजन स्वीकृति के लिए कुल 200 मामले लंबित थे, जो 46 विभिन्न संगठनों से संबंधित हैं। विभिन्न संगठनों के पास लंबित इन मामलों में, अभियोजन स्वीकृति के लिए 534 अनुरोध किए गए हैं, क्योंकि कुछ मामलों में एक से ज्यादा आरोपी हैं। कुल मामलों में से 106 मामले तीन महीने से ज्यादा समय से अभियोजन स्वीकृति के लिए लंबित हैं। हालांकि सक्षम प्राधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अभियोजन की मंजूरी के मामलों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लें।

### 1500 से ज्यादा पद खाली

सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीबीआई में 1,500 से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। इकत्तीस दिसंबर, 2024 तक सीबीआई में कुल स्वीकृत पद 7,300 थे, जिनमें से 5,798 अधिकारी कार्यरत थे, 1,502 पद खाली पड़े थे।

बचाव अभियान




उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के पौसारी गांव में बादल फटने के बाद कई घर घर क्षतिग्रस्त हो गए और रास्ते बंद होने के कारण तमाम लोग फंस गए। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों ने सोमवार को इन्हें निकालने के लिए अभियान चलाया।

## दिल्ली: दो साल में 244 प्रतिशत बढ़ा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांजिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रास्ते विदेश के एक शहर से दूसरे शहर जाने वाले हवाई यात्रियों की संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में दो साल पहले के मुकाबले करीब साढ़े तीन गुना हो गयी है। एयरपोर्ट की संचालक कंपनी दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने सोमवार को यह जानकारी साझा करते हुये बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में दिल्ली के रास्ते विदेश के दो शहरों के बीच यात्रा करने हवाई यात्रियों की संख्या 3.88 लाख थी, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 13.4 लाख पर पहुंच गयी। यह 244 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# रिटायर्ड अभियोजकों को लोक अभियोजक नियुक्त करने के सरकार के विज्ञापन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अभियोजन निदेशक की ओर से जारी उस विज्ञापन पर रोक लगा दी, जिसमें 196 रिक्तियों के लिए केवल सेवानिवृत्त अभियोजकों को लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

अदालत ने कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि युवा वकीलों को अवसर से वंचित किया जा रहा है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने अभियोजन निदेशक द्वारा 22 अगस्त को जारी किए गए उस विज्ञापन को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें अनुबंध के आधार पर 196 रिक्तियों को भरने के लिए केवल सेवानिवृत्त अभियोजकों को लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया था। अदालत ने अभियोजन निदेशक, दिल्ली के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव (गृह) और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को याचिका पर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई अक्टूबर के लिए निर्धारित कर दी। इसने कहा, दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (गृह) को याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर निर्णय लेने का निर्देश दिया जाता है। जब तक इस पर तर्कसंगत आदेश के माध्यम से निर्णय नहीं हो जाता, तब तक विज्ञापन स्थगित रखा जाएगा।

- युवा वकीलों से अवसर छीनना अस्वीकार्य: दिल्ली हाईकोर्ट

### सीमेंट इकाई के लिए 3,000 बीघा जमीन के आवंटन से हम स्तब्ध

**गुवाहाटी।** गौहाटी हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह असम के आदिवासी बहुल दीमा हसाओ जिले में एक निजी सीमेंट कंपनी को 3,000 बीघा (करीब 1,000 एकड़) जमीन आवंटित किए जाने से परेशान, और स्तब्ध है। हाईकोर्ट ने प्रश्न किया कि क्या इस परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी ली गई है। बाइस लोगों द्वारा दायर एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय कुमार मेधी और महाधिवक्ता देवजीत सैकिया के बीच इस बात पर लंबी बहस हुई कि क्या छठी अनुसूची क्षेत्र के उमरंगसो में कारखाना स्थापित करने के लिए महाबल सीमेंट को इतनी अधिक जमीन दी जानी चाहिए।

चेतावनी

कॉप 30 के अध्यक्ष आंद्रे कोरेया डू लागो ने जलवायु वार्ता में शामिल न होने पर ट्रंप की आलोचना की

# खत्म हो रहा है जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

कॉप 30 के अध्यक्ष आंद्रे कोरेया डू लागो ने सोमवार को चेतावनी दी कि बिना सहयोग के जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए दुनिया के पास समय समाप्त होने का खतरा है। उन्होंने विकसित और विकासशील देशों के बीच राजनीतिक और वित्तीय खाई को पाटने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने जलवायु वार्ता में शामिल होने के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अनिच्छा की भी आलोचना की। कोरेया डू लागो ने संवाददाताओं से कहा, हम समझते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप मेरी बात नहीं सुनेंगे। और समस्या यह है कि वह विशिष्ट



देशों के उत्सर्जन के बारे में बात नहीं करना चाहते। ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया है। यह दूसरी बार है जब उन्होंने अमेरिका को समझौते से बाहर निकलने का निर्देश दिया है। उन्होंने अपने पहले प्रशासन के दौरान ऐसा किया था और बाइडन प्रशासन के तहत अमेरिका फिर से इसमें शामिल हो गया।

कोरेया डू लागो ने स्वीकार किया कि जलवायु वार्ता लंबे समय से विकसित और विकासशील देशों के बीच एक तीव्र विभाजन का प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि गरीब देश लगातार इस बात पर ज़ोर देते हैं कि धनी देश स्वच्छ विकास के साधन उपलब्ध कराएं, जबकि विकसित देश अक्सर पर्याप्त समर्थन दिए बिना केवल प्रतिबद्धताएं हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने कहा, यह विभाजन बहुत गहरा है।

कॉप30 प्रमुख ने कहा कि इस अंतर को पाटना बेहद ज़रूरी है। उन्होंने कहा, हमें इसे पाटने की कोशिश करनी होगी क्योंकि विज्ञान हमें बताता है कि हमारे पास बहुत कम समय है।

उन्होंने कहा कि असली चुनौती सही होने की नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने की है कि जलवायु कार्रवाई से रोज़गार पैदा हों, लोगों के जीवन में सुधार हो और एक नई, हरित अर्थव्यवस्था को गति मिले। कॉप 30 का आयोजन नवंबर 2025 में ब्राज़ील के बेलेम में होगा और यह अमेज़न क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन का पहला आयोजन करेगा।

### जैव ईंधन से वायु प्रदूषण में अद्भुत कमी

ब्राज़ील और भारत में हुई प्रगति का हवाला देते हुए आंद्रे कोरेया डू लागो ने जैव ईंधन के माध्यम से साओ पाउलो में वायु प्रदूषण में अद्भुत कमी पर प्रकाश डाला और इस बात पर संतुष्टि जताई कि भारत भी इसी तरह के कदम उठा रहा है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि ऐसे समाधान अपेक्षाकृत रूप से कुछ महंगे हो सकते हैं। उन्होंने इन्हें किफ़ायती बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। कॉप30 की सीईओ एना टोनी ने लागो के संदेश को दोहराते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रदूषण नियंत्रण स्वास्थ्य और जलवायु लक्ष्यों को जोड़ने का एक अवसर प्रदान करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### जेल में बंद बंदी की बीमारी से मौत

अमृत विचार, गोसाईगंज : जिला जेल लखनऊ में बंदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रंजीत (40) निवासी समुद्दीपुर थाना गाजीपुर लखनऊ के रहने वाले थे। वह मारपीट के आरोप में जेल में बंद थे। जिनकी पिछले एक सप्ताह से तबियत ज्यादा खराब थी जिन्हें इलाज के लिए जेल से बलरामपुर अस्पताल भेजा गया था। हालत गंभीर होने पर ट्रामा रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह मौत हो गई।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : पारा में सोशल मीडिया से दोस्ती कर एक युवक ने कक्षा-11वीं की छात्रा से दुष्कर्म किया। फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करीब डेढ़ साल दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक पीड़ित छात्रा ने आरोपी राजा मौर्या उर्फ अमित से तंग आकर पारा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी राजा मौर्या उर्फ अमित निवासी कुंदन विहार डिप्टी खेड़ा पारा को गिरफ्तार कर आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने के दौरान आरोपी राजा ने बताया कि वह पतंजलि स्टोर पर काम करता है।

### स्कूल निकला छात्र लापता, रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के कुरौनी स्थित गुलाब खेड़ा निवासी शिव भजन यादव के मुताबिक उनका 16 वर्षीय बेटा मानवेंद्र यादव बंथरा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा है। शिव भजन का कहना है कि सोमवार सुबह करीब 8 बजे मानवेंद्र स्कूल जाने के लिए घर से निकला। लेकिन छुट्टी होने के बाद रोज की तरह दोपहर 2:30 बजे घर नहीं पहुंचा। काफी इंतजार के बाद परिजन स्कूल पहुंचे जहां पता चला कि स्कूल पहुंचा ही नही। तब परिजनों ने मानवेंद्र के मोबाइल पर संपर्क किया, लेकिन उसका फोन नहीं रिसीव हुआ। शिव भजन यादव ने मामले की तहरीर बंथरा थाने में दी।

### छत से गिरी महिला की मौत

अमृत विचार, चिनहट : चिनहट के विकल्प खंड दो में निर्माणाधीन मकान में काम कर रही रिंकी निषाद (40) नीचे गिर गइर। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक विकल्प खंड दो में लक्ष्मी शाहू का मकान है। लक्ष्मी शाहू ने मकान हिमांशु त्रिपाठी ठेके पर बना रहा है। मजदूर भागवत प्रसाद द्वारा सोमवार सुबह चिनहट तिराहे से महिला मजदूर रिंकी को लाया था। निर्माणाधीन मकान में काम करते समय महिला का पैर फिसल गया और वह छत से नीचे गिर गई।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, निगोहां : दयालपुर मजरा के मदन खेड़ा के राधेलाल ने बताया कि उनका बेटा शिवम रविवार रात करीब आठ बजे के बाद दिखा ही नहीं। पता चला कि तालाब के पास शिवम एक पेड़ पर साड़ी से फंदे से लटका है। शिवम को नीचे उतार कर कनकहा स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं।

# उधार दिए रुपये मांगने पर रेत दिया दोस्त का गला

## भाग रहे हत्यारोपी को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया, गोसाईगंज के उन्मेदखेड़ा गांव के मोड़ पर हुई वारदात

संवाददाता, गोसाईगंज

अमृत विचार : बेटी की शादी के लिए उधार दिए 50 हजार रुपयों का तगादा करने पर दोस्त ने चाकू से गला रेतकर ऑटो चालक की हत्या कर दी। चीख सुनकर ग्रामीणों ने आरोपी को दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक मोहनलालगंज के गदियाना निवासी पवन रावत (26) दोनों पैर से दिव्यांग था। वह ई-ऑटो चलाता था। गांव में मोहित रावत से उसकी दोस्ती थी। मोहित ने बेटी की शादी के समय पवन से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। तय समय पर पैसे वापस न देने पर पवन ने तगादा शुरू कर दिया। सोमवार सुबह फिर रुपये मांगे। मोहित ने गोसाईंगंज में रुपये देने की बात कही। पवन ई-ऑटो से मोहित को गोसाईंगंज ले जा रहा था। करीब 10 बजे उम्मेदखेड़ा गांव के मोड़ के पास पीछे बैठे मोहित ने पवन का गला रेत दिया। पवन की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े। उन्होंने भाग रहे मोहित को दौड़ाकर पकड़ लिया। उसे सूचना पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी की निशान देही पर वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी मोहित हत्या की पहले से तैयारी कर ली थी। बस मौके का इंतजार कर रहा था। वह घर से ही चाकू लेकर निकला था। सुनसान स्थान देखकर हत्या कर दी। इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के साथ कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### डेढ़ महीने पहले लिया था ई-ऑटो

- मां शिवरानी ने बताया कि पवन ने डेढ़ महीने पहले ऑटो खरीदा था। वह दिव्यांग होने के बावजूद घर का पूरा खर्च उठाता था। तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई संतोष व राजकुमार हैं।

### गोमती में मिला दो दिन से लापता फर्नीचर कारीगर का शव

- अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज का न्यू हैदरगंज निवासी चंद्रकांत (35) फर्नीचर कारीगर था। वह दो दिन से लापता था। उसका शव सोमवार सुबह गोमती नदी में उतराता मिला। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पिता ने शव की शिनाख्त की। परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है। जगत नारायण ने बताया कि चंद्रकांत शनिवार सुबह घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था। शाम सात बजे वह नशे की हालत में दुबग्गा पावर हाउस चौराहे के पास रहने वाली बहन सुमन के घर चला गया। यहां कुछ देर रुकने के बाद नशा करने के लिए बहन से सौ रुपये मांगे। सुमन ने मना करते हुए घर जाने के लिए किराये के 20 रुपये दे दिए। इसके बाद बेटा चंद्रकांत वहां से निकल गया, पर देर रात तक घर नहीं पहुंचा। उसका मोबाइल बंद आ रहा था। रविवार को दुबग्गा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार सुबह गोमतीनगर में नदी में शव मिलने पर पास मिले दस्तावेजों से पुलिस ने दुबग्गा पुलिस को सूचना दी। दुबग्गा पुलिस ने जगत नारायण को पोस्टमार्टम हाउस जाने की बात कही। वहां पहुंचने पर उन्होंने शव की पहचान बेटे के रूप में की। उन्होंने आशंका जताई कि शायद बहन से नशे के लिए रुपये न मिलने पर चंद्रकांत ने नदी में छलांग लगा दी। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा के मुताबिक शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।

### नौंवी मंजिल से कूदकर छात्रा ने की खुदकुशी

अमृत विचार, गोसाईगंजः सुशांत गोल्फ सिटी के सरयू एन्क्लेव की ई-1/905 में किराए पर रहने वाली प्रज्ञा (22) ने इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक वह काफी दिनों से डिप्रेशन में थी। उसका इलाज चल रहा था। पूरी घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह के मुताबिक जौनपुर के साहलुद्दीनपुर निवासी सरोज कुमार की बेटी प्रज्ञा लखनऊ में सरयू एन्क्लेव में किराये पर रहती थी। वह पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। काफी दिनों से वह डिप्रेशन में थी। इसी कारण परिवार भी साथ रहता था। सोमवार शाम को अचानक वह भवन के नौंवी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली।

# तीन के नाम पर लाइसेंस, आधा गांव बनाता था पटाखे

## निलंबित चौकी प्रभारी ने पांच लोगों पर दर्ज कराई गैर इरादतन हत्या की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः गुडंबा के बेहटा में मात्र तीन लोगों यासीन, बारिस, अफजल के नाम से पटाखा बनाने का लाइसेंस है। इसकी आड़ में गांव के आधे घरों में पटाखा बनाने का काम अवैध रुप से चलता है। रविवार देर रात को इस मामले में निलंबित चौकी प्रभारी संतोष पटेल ने पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें मृतक आलम का भी नाम शामिल है। पुलिस इसके अलावा चार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं सोमवार को गांव में विशेष अभियान चलाकर जांच की गई। जिसमें भारी मात्रा में पटाखा और विस्फोटक बरामद हुआ।

बेहटा में रविवार की दोपहर में अवैध रुप से चल रही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। जिसमें फैक्ट्री संचालक आलम और उसकी पत्नी मुन्नी की मौत हो गई। वहीं छह लोग घायल हो गये। वहीं, करीब सात घंटे बाद दोबारा गांव में धमाका हुआ। जिसमें मवेशी की मौत हो गई। इसके सोमवार सुबह डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह, एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह, एसीपी अनिद्य विक्रम सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल, नायब तहसीलदार आकाश पांडेय, बम निरोधक दस्ता और फोरेंसिक ने अभियान चलाकर छापेमारी की। इस दौरान गांव के बड़े पटाखा कारोबारी नसीम, शेरू, अली अकबर के ठिकानों पर पुलिस ने छापा मारा। वहां से भारी मात्रा में बारूद, विस्फोटक और तैयार पटाखा बरामद किया। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक बरामद विस्फोटक को बीडीडीएस नियम के अनुसार डिस्पोजल कराया जा रहा है। गांव के शेरू, शोएब, अली अहमद उर्फ टीनू और अली समेत पांच पर निलंबित चौकी प्रभारी संतोष पटेल की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में मृतक आलम का भी नाम शामिल किया गया है। हालांकि पुलिस उसे विवेचना के दौरान निकाल देगी। कई संदिग्ध हिरासत में हैं। पूछताछ में कई अहम सुराग मिले हैं। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।



प्लाटों पर पड़े सामान की जांच करता बस निरोधक दस्ता। अमृत विचार

### धमाके से दहल गया था पूरा इलाका

- बेहटा गांव मे रविवार को आलम के घर मे पटाखों से हुए विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया था। धमाकों ने आलम (50), उनकी पत्नी मुन्नी (48) की मौत हो गई। गांव में चीखपुकार मच गई। तीन घर मलबे में तब्दील हो गये। आधा दर्जन मकान क्षतिग्रस्त हो गये और कई मकानों की दीवारें दरक गई।

- दूसरे दिन तलाश में भारी मात्रा में पटाखे व विस्फोटक बरामद

### सड़क पर फेंक दिया गोला व बारूद

- ग्रामीणों ने बताया कि एक के बाद एक धमाका होने के बाद पटाखा व्यवसायियों ने अपने घरों से गोला बारूद निकाल कर सड़क पर फेंक दिया। सड़क पर गोला बारूद देख ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार यासीन, बारिस, अफजल के पास पटाखा बनाने का लाइसेंस है। उसी लाइसेंस पर आधा गांव पटाखा बनाता है। पूरा गांव बारूद के ढेर है।

### आसमान के नीचे तिरपाल में काटी

- हादसे के बाद जिनके घर उजड़ गये थे। वहां के सभी लोगों ने रात को आसमान के नीचे तिरपाल की छत बनाकर गुजारा किया। घायल हुरजहां पत्नी इमरान (25), जियांन (5) के पिता अजीज ने बताया कि उनकी बेटी हुरजहां के सिर में करीब 20 टांके लगे। उसकी तबियत ठीक नहीं है, उल्टियां हो रही है। पटाखा विस्फोट में घर मलवे में बदल गया। सात लोगों का परिवार घटना के बाद से कुछ नही खाया, सोमवार दोपहर बाजार से केला लाकर सभी ने खाया।

### पुलिसकर्मियों की भूमिका की चल रही जांच

- डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने देर रात चौकी इंचार्ज संतोष पटेल और सिपाही धर्मेश चहर को निलंबित कर दिया था। वहीं, अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया था। पुलिस के अधिकारी भी इस बात का जवाब नहीं दे पा रहे थे कि इतने बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से पटाखों का निर्माण, भंडारण और विस्फोटक कैसे रखे गये। डीसीपी के मुताबिक जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



गुडंबा के बेहटा के घर में रखे सामान की जांच करता दस्ता।



बेहटा गांव में बड़ी संख्या में फोर्स पहुंचने के कौतूहल में लगी भीड़ी।

# नशीला पदार्थ पिला किशोरी से दुष्कर्म, वीडियो बनाया

संवाददाता, गोसाईगंज

- 14 दिन तक परिजन को दौड़ाती रही पुलिस
- भाजपा नेताओं के हस्तक्षेप पर दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचारः कैंट इलाके में रहने वाली किशोरी को नशीला पदार्थ पिलाकर युवक ने दुष्कर्म किया। बेहोशी की हालत में उसकी अश्लील वीडियो और फोटो बना ली। घटना सुशांत गोल्फ सिटी के सरसंवा इलाके में हुई। पीड़िता अपनी मां के साथ एफआईआर दर्ज कराने गई तो पुलिस ने उसे टरका दिया। करीब 14 दिनों तक टालमटोल करने वाली पुलिस ने सोमवार को भाजपा नेताओं के हस्तक्षेप के बाद एफआईआर दर्ज कर लिया है। आरोप है कि पुलिस पीड़िता और उसकी मां पर सुलह करने का दबाव बना रही थी।

कैंट निवासी महिला के मुताबिक 17 वर्षीया बेटी को मोहनलालगंज के सोहावां निवासी हिमांशु तिवारी ने प्रेम जाल में फंसा लिया। 20 अप्रैल 2024 को बेटी को सुशांत गोल्फ सिटी के सरसंवा में बुलाया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म कर अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। वायरल करने की धमकी देकर कई बार शारीरिक शोषण किया। डराकर 15 लाख के जेवर और 50 हजार रुपये भी वसूल लिए। 16 अगस्त को घर की अलमारी में जेवर न मिलने पर बेटी से पूछताछ की तब उसने सच्चाई बताई। 18 अगस्त को सुशान्त गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर से मिलकर शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने जांच का हवाला देकर चलता कर दिया। 14 दिनों से पुलिस टरकाती रही, सुलह का दबाव भी बनाया। कार्रवाई न होने पर पीड़ित बेटी संग मां ने एक बड़े नेता व क्षेत्रीय विधायक से मिलकर जानकारी दी। नेताओं के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की।

### महिला को तीन होटल में रखा बंधक, किया दुष्कर्म

- अमृत विचार, काकोरी : काकोरी इलाके की रहने वाली महिला को अगवा कर दिल्ली ले जाया गया। जहां उसे तीन दिन तक होटल में बंधक बनाकर रखा गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अजीत यादव के खिलाफ काकोरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। काकोरी निवासी महिला के मुताबिक 23 अगस्त को वह गाजीपुर अपने दोस्त से मिलने गई थी। 28 अगस्त को वापस आते समय अजीत यादव उसे जबरदस्ती दिल्ली लेकर चला गया। दिल्ली के एक होटल में तीन दिनों तक बंधक बनाकर रखा। मोबाइल फोन छीन लिया और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। वही पीड़िता किसी तरह से होटल से भागने में सफल रही। पीड़िता महिला लखनऊ लौटकर उसने काकोरी थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई। वहीं आरोपी ने बाद में उसका मोबाइल फोन वापस कर दिया। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीमें गठित कर आरोपी की तलाश में दबिश दे रही हैं।

### असलम ऑटो केयर से लाखों की चोरी

अमृत विचार, मालः माल इलाके में स्थित असलम ऑटो केयर की खिड़की टेढ़ी कर चोरों ने लाखों रुपये का माल व नकदी साफ कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। माल कस्बा स्थित असलम ऑटो केयर एजेंसी है। एजेंसी मालिक के कार्यालय की खिड़की को टेढ़ा कर चोर अंदर दाखिल हुए। 3.5 लाख रुपये, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर निकाल लिया। एजेंसी मालिक ने स्थानीय थाने पर शिकायती पत्र दिया है।

# नाले में पड़ा मिला चौकीदार का शव, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव के अन्ना मार्केट के पास हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचारः मड़ियांव के फैजुल्लागंज निवासी चौकीदार उस्मान (55) का शव रविवार सुबह अन्ना मार्केट के पास स्थित नाले में पड़ा मिला। घटनास्थल पर उनकी साइकिल नहीं मिली। घरवालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उस्मान की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उनका हार्ट और विसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। परिजन ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

सीतापुर के बिसवां निवासी उस्मान के बेटे चांद के मुताबिक पिता केशवनगर स्थित कबाड़ मंडी में चौकीदार थे। शनिवार रात पिता खाना खाने के बाद साइकिल से ड्यूटी के लिए निकल गए थे। सुबह 8:30 बजे मोहल्ले में रहने वाले परिचित ने घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित नाले में पिता का शव पड़ा होने की सूचना मिली। वह और घरवाले पहुंचे तो उन्हें मड़ियांव पुलिस मिली। पुलिस ने शव बाहर निकलवाया। सिर व कान में चोट लगी थी।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां के डीहा गांव में तालाब के पास नित्यक्रिया के लिए गये औसान (30) डूब गया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालकर सीएचसी लेकर गये। जहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

डीहा गांव निवासी औसान की पत्नी मिथलेसा कुमारी ने बताया कि उसके पति सोमवार दोपहर को गांव के बाहर स्तिथ मनरेगा के तालाब के पास नित्यक्रिया करने की बात कहकर निकले थे। ग्रामीणों ने तालाब में डूबने की सूचना मिली। मृतक की एक बेटी माही (8) व एक बेटा आर्यान्श 6 साल का है।

# चलती कार में लगी आग दंपति ने कूदकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आशियाना के वीआईपी रोड पर हुई घटना

अमृत विचारः आशियाना के वीआईपी रोड पर सोमवार शाम चलती कार में आग गई। कार सवार पति ने गर्भवती पत्नी के साथ किसी तरह कूदकर जान बचाई। आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया।

वृंदावन योजना सेक्टर-2 निवासी सुधीर अग्रवाल अपनी गर्भवती पत्नी स्वाति अग्रवाल को कार से डायग्नोस्टिक सेंटर लेकर जा रहे थे। शाम चार बजे वह आशियाना वीआईपी रोड पर पहुंचे थे तभी कार के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। जब तक सुधीर कुछ समझ पाते कार से लपट निकलने लगी। लपट देख लोग चीख पुकार मचाने लगे। किसी तरह सुधीर और उनकी पत्नी स्वाति ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर कुछ ही देर में एफएसओ आलमबाग एक दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकलकर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक

- अमृत विचार, गोसाईंगंज : बलिया खेडा गांव में रवीश कुमार (30) ने फंदा लगाकर जान दे दी। उसका शव सोमवार सुबह कमरे में गमछे के फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक रवीश मजदूरी करता था। पत्नी 15 दिन पहले मायके गई थी। घर पर अकेला था। कई दिनों से घर का दरवाजा न खुलने और दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक तीन से चार दिन पहले खुदकुशी करने की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
अवध बाज़ार

GSTIN:09CUOPT8181M1ZE
THE SOLAR POWER
We Deals: Residential & Commercial Solar System On-Grid & Off Grid Consultation, Installation
SS-2 SEC D1 1679 B LDA OPP LAW COLLEGE ROAD ASHIYANA LUCKNOW 226012
Loan available at just 7% interest
Ankur tiwari
CONTACT : +917705009011
PM MUFT BIJLI YOJNA

HotelEKAS
Wedding | Engagement | Anniversary | Rooms | Conference | Restaurant | Kitty Party | Birthday Party Rooftop Opening Soon
Capacity of Banquet starting form 50 to 800 Pax
279/48, Behind Charbagh Bus Station Mawaiya Scheme 81, Kanpur Road, Pan Dariba Lucknow - 226005
0522-4115460, +91-9936024555,

Residential/ Investment Plots available
CIVILIAN GREEN CIVILIAN'S DREAM
CIVILEA GREEN CITY
Kanpur Road, Lucknow
Mob: 9616826300
OFFICE :- CIVILEA CONSTRUCTION Near Kaiserbagh Kotwali Lucknow

GSTIN:09CFBPB7686B1ZJ
Dot Energy Enterprises
We Deals: Residential & Commercial Solar System On-Grid & Off Grid Consultation, Installation
Add : 367/21, Fatuhabad, Sahadatganj, Near Samrahi chowki Lucknow, Uttar Pradesh
Mob: 8948021107
PM MUFT BIJLI YOJNA

नगर निगम | मुख्यालय परिसर में किया प्रदर्शन, एफआईआर वापस न होने तक धरना जारी रखने का किया ऐलान

# एफआईआर के विरोध में धरने पर बैठे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : अतिक्रमण हटाने के दौरान किसान को थप्पड़ मारने के आरोप में नायब तहसीलदार पर एफआईआर के विरोध में सोमवार को नगर निगम के सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने धरना दिया।

यूपी चकबंदी लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष की अगुआई में नगर निगम मुख्यालय परिसर में प्रदर्शन करके तहसीलदार रत्नेश श्रीवास्तव पर एफआईआर पर विरोध जताया। एफआईआर वापस न होने तक संघ की ओर से धरना जारी रखने का ऐलान किया गया। दोनों पक्षों के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में क्रॉस मुकदमा दर्ज हुआ है। धरने के दौरान मौजूद कर्मचारियों व अधिकारियों ने ''नगर निगम की है ललकार वापस हो झूठी एफआईआर'' के नारे लगाए। उनका कहना है कि भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने पर उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया, जिससे उनका मनोबल टूट गया है। जब तक मुकदमा वापस नहीं होगा तब तक संपत्ति विभाग काम पर नहीं लौटेगा।

यूपी चकबंदी लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष आलोक यादव ने कहा कि लेखपाल को सबसे कमजोर कड़ी माना जाता है। इसलिए जिसका मन आता है वह लेखपाल पर ही मुकदमा करवा देता है। इस बार पुलिस ने मनमाने तरीके से गलत एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में अगर सुनवाई नहीं हुई तो संघ बड़े आंदोलन को मजबूर होगा।

### नायब तहसीलदार पर थप्पड़ मारने का आरोप

- 25 अगस्त को सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के मस्तेमऊ गांव में नगर निगम की टीम सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने गई थी। यह जमीन (खसरा नंबर 868, 0.152 हेक्टेयर) राजस्व रेकॉर्ड में खाद के गड्ढे के रूप में दर्ज है और नगर निगम के अधीन है। जांच में राम मिलन नाम के व्यक्ति द्वारा 3000 वर्ग फुट जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। राम मिलन को फरवरी 2025 में नोटिस भेजा गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। 23 अप्रैल को पुलिस के साथ कार्रवाई के दौरान राम मिलन के घर की महिलाओं ने विरोध किया। गाली-गलौज की और सरकारी काम में बाधा डाली। राम मिलन पर टीम को धमकी और गाली देने का आरोप है। इस बीच राम मिलन को नायब तहसीलदार ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। मामले में नगर निगम ने राम मिलन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, लेकिन राम मिलन की शिकायत पर नगर निगम के नायब तहसीलदार सहित लेखपाल सुभाष कौशल के खिलाफ उल्टा मुकदमा दर्ज हो गया।

# रूट कैनाल में बायो मैटेरियल की अहम भूमिका : डॉ. संजीव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मेदांता हॉस्पिटल और इंडियन डेंटल एसोसिएशन किम ओर से सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डेंटल काउंसिल, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने रूट कैनाल कराने में आने वाली समस्याओं और उससे बचाव की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने दांतों को बेहतर व स्वस्थ रखने के लिए जागरूक किया।

डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि रूट कैनाल उपचार प्राकृतिक दांत को बचाता है, जिसे निकालने की आवश्यकता नहीं होती है। यह संक्रमित या सूजे हुए पल्प के कारण होने वाले तेज दर्द और बेचैनी को दूर करता है। रूट कैनाल आपको अपना दांत निकालने से बचाता है, जिससे मुंह में खाली जगह नहीं बनती और दांतों के अलाइनमेंट की समस्याएं नहीं होती हैं।



डॉ. संजीव श्रीवास्तव

दांत को बचाने से जबड़े की हड्डी और आस-पास के दांतों को नुकसान से बचाया जाता है। आपका प्राकृतिक दांत बरकरार रहने से आपकी चबाने और बोलने की क्षमता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है।

**शहर में आज**



- दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम- 11:00 बजे।
- इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में वास्तुकला व नवाचार पर कार्यक्रम का आयोजन 9:00 बजे।

**सिटी ब्रीफ**

### केजीएमयू में सप्लीमेंट्री परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में बीएससी पांचवे सेमेस्टर की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं 10 और 12 सितंबर को होंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनूप कुमार वर्मा ने इसके साथ ही सातवें सेमेस्टर की सप्लीमेंट्री का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार पांचवें सेमेस्टर के प्रैक्टिकल लिखित परीक्षा के बाद पांच कार्य दिवसों में संपन्न करा लिए जाएंगे। लिखित परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच होगी। सातवें सेमेस्टर की लिखित परीक्षाएं 3, 6 और 7 नवंबर को होंगी। इनके प्रैक्टिकल सात कार्य दिवसों में संपन्न करा लिए जाएंगे।

### चयन परिणाम जल्द घोषित करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** एक्स रे टेक्निशियन भर्ती विज्ञापित वर्ष 2023 से जुड़े अभ्यर्थियों ने प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को पत्र भेजकर समस्याओं और मांगों को रखा है। करीब 100 से अधिक अभ्यर्थियों ने स्पीड पोस्ट से मांग पूरी करने की अपील की है। पत्र में अभ्यर्थियों ने उल्लेख किया है कि 382 पदों पर विज्ञापन संख्या 02/2023 के तहत जून माह 2023 में 1986 नियमावली के अधीन भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसकी लिखित परीक्षा एवं परिणाम जारी होने के बाद दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। उसका अंतिम चयन परिणाम अभी आयोग स्तर से लंबित है।

### लगातार दूसरे दिन हुई बारिश



बारिश के बीच छाता लगाकर जाती युवती।

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में लगातार दूसरे दिन सोमवार को दोपहर बाद हजरतगंज, निशातगंज, अलीगंज सहित अन्य इलाकों में तेज बरसात हुई। रविवार को रातभर हुई बारिश के चलते मोहनलालगंज में एक घर गिर गया। वहीं, बीकेटी में आकाशीय बिजली गिरने से एक गर्भवती भैंस मर गई। वहीं मंगलवार को बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। लखनऊ में अगस्त में सामान्य से 52 फीसदी अधिक बारिश हुई है। इस एक महीने में 307.8 मिलीमीटर बरसात हुई, जबकि सामान्य बारिश का औसत 202 मिलीमीटर है। 1 जून से 31 अगस्त तक जिले में कुल 542.7 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश 519.3 मिलीमीटर से 5 फीसदी ज्यादा है। वहीं, सितंबर के दौरान भी लखनऊ में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि अभी दो दिनों तक राजधानी में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

### सैरपुर में तीन अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को जोन-4 अंतर्गत सैरपुर में तीन अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की। जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि ग्राम सैदापुर में नरेश तिवारी, अर्जन अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, जगतराम यादव, लल्ला व अन्य द्वारा तीन अलग-अलग स्थानों पर आठ बीघा में अवैध प्लाटिंग करके कालोनी विकसित की थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत न होने पर टीम ने ध्वस्त कर दिया।

# 36 वर्ष पुराने मामले में 23 वर्ष से चल रही पुलिस की विवेचना

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **एक भी अभियुक्त पर चार्जशीट दाखिल न होने पर कोर्ट ने विवेचक पर की गंभीर टिप्पणी**
- **ईओडब्ल्यू के डीजी को मामले पर संज्ञान लेने का आदेश**

**अमृत विचारः** 36 वर्ष पुराने एक मामले में 23 वर्ष से की जा रही विवेचना का अंत न होने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल ने एलडीए के सहायक अभियंता विवेकानंद सिंह को एक-एक लाख रुपये की अग्रिम जमानत पर रिहा करते हुए विवेचक के विरुद्ध गंभीर टिप्पणी की है।

कोर्ट ने अपने जमानत आदेश में कहा कि, इस घटना को 36 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। सभी अभियुक्त अपनी वृद्धावस्था को प्राप्त कर चुके हैं। किंतु प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने के लगभग 25 वर्ष बाद भी किसी अभियुक्त के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट में दाखिल नहीं की गई है। कोर्ट ने विवेचक के विरुद्ध गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा है कि शायद अभी भी पुलिस विभाग को शेष सह अभियुक्तों व प्रस्तुत मामले के महत्वपूर्ण साक्षियों की मृत्यु का इंतजार है। अदालत ने जमानत प्रार्थना पत्र की एक प्रति पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्यू पुलिस मुख्यालय लखनऊ को भेजने का भी आदेश दिया।

अदालत ने अपने जमानत आदेश में ये भी कहा है कि इतनी लंबी अवधि के पश्चात इस बात की प्रबल संभावना है कि प्रस्तुत मामले के विचारण के समय ज्यादातर साक्षी की या तो मृत्यु हो चुकी होगी या वृद्धावस्था के कारण याददाश्त प्रभावित हो चुकी होगी। कोर्ट ने कहा कि यह प्रकरण पुलिस विभाग की गैर जिम्मेदारी लापरवाही एवं उपेक्षा का सीधा एवं जीता जागता प्रमाण है। अभियोजन के अनुसार धोखाधड़ी एवं सरकार को लाखों रुपये की क्षति पहुंचाए जाने संबंधित थाना मंडियांव में दर्ज मामले की विवेचना ईओडब्ल्यू द्वारा की जा रही है। जिसमें कहा गया है कि 15 जून 1992 को लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किसानों के अर्जित भूमि के प्रतिकर भुगतान में 13 वर्ष पूर्व अनियमितता की जांच कराए जाने का निर्णय लिया गया था।

### अमौसी ओवर ब्रिज पर खड़े ऑयल टैंकरों को हटाने के लिए कमेटी बनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि अमौसी ओवर ब्रिज पर गैर कानूनी तरीके से खड़े ऑयल टैंकरों को हटाने के लिए डीसीपी, ट्रैफिक ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 अक्टूबर की तिथि नियत करते हुए, डीसीपी ट्रैफिक से कार्यवाही की रिपोर्ट तलब की है, साथ ही अगली सुनवाई पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने शिव मोहन की जनहित याचिका पर दाखिल किया। याचिका में कहा गया है कि अमौसी ओवर ब्रिज पर गैर कानूनी तरीके से ऑयर टैंकर पार्क होते हैं जिनसे न सिर्फ ट्रैफिक की असुविधा होती है, बल्कि खतरा भी उत्पन्न हो रहा है।

### 332 भूखंडों की लाटरी 8 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण अनंत नगर आवासीय योजना के भूखंडों की दूसरी लॉटरी 8 से 10 सितंबर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में करेगा। द्वितीय चरण में आदर्श खंड के 332 भूखंडों के सापेक्ष 8,568 लोगों ने पंजीकरण कराया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अनंत नगर योजना में 2,100 आवासीय भूखंड व 120 व्यावसायिक भूखंड सृजित किये जाएंगे। दूसरे चरण में 332 भूखंडों के लिए 11 जुलाई से 10 अगस्त तक तक 8,568 लोगों ने धनराशि जमा करके पंजीयन कराया है।

# शहर की गलियों का अंधेरा दूर करेगी निजी कंपनी

## 4 सितंबर को नगर निगम सदन की बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम स्ट्रीट लाइटें का कार्य निजी कंपनी को देने जा रहा है। इसका प्रस्ताव 4 सितंबर को होने वाली सदन की बैठक में रखने की तैयारी है। 7 मीटर से कम चौड़ी सड़कों की सफाई का काम भी रामकी कंपनी को देने की तैयारी है। दोनों ही बिंदुओं पर कई पार्षद सहमत नहीं हैं, इससे बैठक में हंगामा होने के आसार हैं।

ईईएसएल कंपनी को हटाने के बाद स्ट्रीट लाइटें लगाने और मरम्मत का कार्य प्रभावित है। इसे देखते हुए नगर निगम स्ट्रीट लाइटों से संबंधित कार्य निजी कंपनी को देने की तैयारी में है। मार्ग प्रकाश विभाग कंपनी का चयन टेंडर से करेगा। इसको लेकर 4 सितंबर को नगर निगम सदन की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके अलावा पांच जोन के 77 वार्डों में लखनऊ स्वच्छता अभियान के नाम से कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रही रामकी कंपनी को 7 मीटर से कम चौड़ी सड़कों की सफाई का काम भी दिया जा सकता है।

पहले कंपनी को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, डम्पिंग यार्डों से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुंचाने के साथ सड़कों की सफाई का भी काम मिला था। किंतु पार्षदों के विरोध के कारण फिलहाल कंपनी मुख्य मार्गों की सफाई ही कर रही है। सड़कों और गलियों की सफाई कार्यदाई संस्थाओं से कराया जा रहा है। पार्षदों का कहना है कि कंपनी डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन नहीं कर पा रही है तो सफाई कैसे करेगी। क्षेत्र में गंदगी पर जनता हमसे जवाब मांगती है।



आयुक्त सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं मंडलायुक्त।

### सुबह 5 से 10 कराएं सफाई 48 घंटे में बदलें स्ट्रीट लाइटें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- **मंडलायुक्त ने बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश**
- **फागिंग कराने और एंटीलार्वा का छिड़काव करने के निर्देश भी दिए**

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में सोमवार को नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, सीएम ग्रिड योजना, ड्रेनेज आदि कार्यों के संबंध में बैठक आयुक्त कक्ष कार्यालय में हुई। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को मुख्य मार्गों की साफ-सफाई व रोड स्वीपिंग प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए।

रोड स्वीपिंग प्रातः 5 से 10 बजे तक नियमित रूप से कराने और कार्दायी संस्थाएं द्वारा साफ- सफाई के उपकरण, ट्राई साइकिल, टिपर मशीन, मैन पावर व वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शहर के किसी भी जोन में कूड़े की ओपन डंपिंग न होने पाये। जहां भी खुले डंपिंग यार्ड हैं, वहां आरसी बीन्स व टीन सेट से कवर किया जाए। कूड़ा ले जाने वाली गाड़ियां पूरी तरह ढकी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खराब स्ट्रीट लाइट का नियमित रूप से सर्वे कराते हुए सही कराया जाए। मुख्य मार्गों की लाइट खराब होने के 48 घंटे में लाइट की मरम्मत हो जानी चाहिए।

मंडलायुक्त ने कहा कि जलभराव वाले क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर नालों और नालियों की साफ-सफाई करते हुए फागिंग व एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जाए। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त अरविंद राव सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पार्षद राजीव बाजपेयी ने दिया नाला बनवाने का प्रस्ताव

तिलकनगर कुंडरी रकाबगंज वार्ड के रामनगर कॉलोनी में जलभराव की समस्या गंभीर है। यहां जरा देर की बारिश में सड़कों से लेकर घरों तक पानी भर जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए क्षतिग्रस्त नाला बनवाना जरूरी है। क्षेत्रीय पार्षद राजीव बाजपेयी ने नाला बनवाने और सीवर लाइन डलवाने का प्रस्ताव भेजा है। महापौर की संस्तुति मिलने के बाद क्षेत्र में जलभराव की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी।

### जैव विविधता पार्क का टेंडर जारी, कार्य शुरू

**अमृत विचार, लखनऊः** गोमती नदी किनारे सहारा से वापस ली गई ग्रीन बेल्ट की 75 एकड़ जमीन पर जैव विविधता पार्क का निर्माण शुरू हो गया है। इस पार्क के माध्यम से नदी किनारे बेसिन क्षेत्र में के पेड़-पौधे को संरक्षित करके विकसित किया जाएगा। पार्क में प्राकृतिक पौधों की पहचान करके उन्हें संरक्षित किया जाएगा।

एलडीए ने सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड से ग्रीन बेल्ट की जमीन वापस लेकर जैव विविधता पार्क की योजना बनाई थी। पार्क का उद्देश्य गोमती नदी के बेसिन क्षेत्र में होने वाले प्राकृतिक पौधों की पहचान करके उनका जैविक पार्क में पुनर्जीवित करके वहीं पर संरक्षित करना है। नदी किनारे लगे पौधों व उनके स्थान में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। दायरे में आए तालाब में भी परिवर्तन न करके कमल आदि के पौधे लगाए जाएंगे। इससे विलुप्त हो रहे प्राकृतिक पौधे संरक्षित होंगे। इसकी लागत 13 करोड़ रुपये है। एक कंपनी ने टेंडर और वर्क आर्डर मिलते ही बाउंड्रीवाल व पाथ-वे का निर्माण शुरू कर दिया है।



10 दिवसीय गणेशोत्सव में बप्पा की विदाई होने लगी है, प्रेम और भक्ति से सरोबोर भक्त रंग गुलाल उड़ाकर गौरा के लाल को विदाई दे रहे हैं। गजानन की मूर्ति को गोद में लेकर विसर्जन के लिए जाती महिला। अमृत विचार

### चौराहों से 10 मीटर हटकर बनेंगे मेट्रो स्टेशन

- **मेट्रो - 1 बी के निर्माण में नहीं आएगी सड़क यातायात में दिक्कत**

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मेट्रो - 1 बी के ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर चारबाग से बंसतकुंज के कार्य में तेजी पकड़ रहा है। निर्माण के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो इसे देखते हुए मेट्रो स्टेशन चौराहों से दस मीटर इधर-उधर बनाने का फैसला किया गया है। अन्य तरीकों से भी जाम से बचने की कार्ययोजना पर विशेषज्ञ कार्य किया जा रहा है। मेट्रो के अधिकारियों का कहना है कि दोनों फेज में काफी अंतर है। उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर के तहत अमौसी से मुंशीपुलिया तक चलने वाली मेट्रो में एलिवेटेड स्टेशन ज्यादा थे। चारबाग से बसंतकुंज तक अंडरग्राउंड स्टेशन अधिक हैं। नए फेज में 18 रूट पर वन वे है। इसमें नौ वन-वे मेट्रो रूट पर हैं।

# 10 हजार से कम हों तभी चढ़वाएं प्लेटलेट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सुब्रत चन्द्रा ने दी जानकारी**
- **कहा, रक्तदान करने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा पर फर्क पड़ सकता है**

**अमृत विचार :** डेंगू के बुखार में आम तौर पर प्लेटलेट्स काउंट तेजी से कम होने पर मरीज घबरा जाते हैं। किंतु जब तक प्लेटलेट्स काउंटर 10 हजार से कम या रक्तस्राव न हो तब तक प्लेटलेट्स चढ़ाने से बचने की जरूरत है। मरीज की तबीयत का आंकलन कर डॉक्टर प्लेटलेट्स चढ़ा सकते हैं। ये जानकारी ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष व रजिस्टार डॉ. सुब्रत चन्द्रा ने दी।

डॉ. चंद्रा सोमवार को लोहिया संस्थान में जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि डेंगू मरीजों का डॉक्टर की सलाह पर इलाज कराएं। जरूरत पड़ने पर सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) से मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाया जा सकता है। इसमें मरीज के ब्लड ग्रुप के डोनर से मशीन के माध्यम से प्लेटलेट्स निकाला जाता है। उसे मरीज में प्रत्यारोपित किया जाता है।

इससे मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स काउंट तेजी से बढ़ता है। जबकि आरडीपी यानी पैकेट में सुरक्षित रखे गए प्लेटलेट्स से काउंट तेजी से नहीं बढ़ता है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन से चार माह में रक्तदान करना चाहिए।

इससे जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। साथ ही डोनर अपनी सेहत भी संवार सकता है। जैसे शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा पर फर्क पड़ सकता है।

### डायरिया से निपटने को बनीं आठ क्विक रेस्पांस टीमें

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम और फैजुल्लागंज क्षेत्रों में संक्रामक रोगों पर प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम के लिए आठ क्विक रेस्पांस टीम का गठन किया गया है। इस टीम में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला), एक मलेरिया कर्मी, दो लैप्रोसी वर्कर व एक क्षेत्रीय आशा शामिल है। टीमें माइक्रोप्लान के मुताबिक प्रभावित इलाकों में घर-घर भ्रमण कर लोगों को संक्रामक बीमारी से बचाव और रोकथाम के लिए जागरूक करेंगी। यदि कोई व्यक्ति बीमार पाया जाता है तो मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए उसका तुरंत इलाज किया जाएगा। फैजुल्लागंज और जानकीपुरम में डायरिया और मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप है। जानकीपुरम विस्तार में 150 से अधिक लोग बीमार हो चुके हैं दो मरीजों की मौत भी हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग क्षेत्र में शिविर लगाकर इलाज मुहैया करा रहा है। डायरिया प्रभावित इलाकों में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, डीएम विशाख जी. समेत कई अफसर लगातार निरीक्षण कर चुके हैं। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया संक्रामक रोग पर नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए आठ क्विक रेस्पांस टीम बना दी गई हैं। यह टीम माइक्रोप्लान के अनुसार प्रभावित इलाकों में घर-घर भ्रमण कर लोगों को जागरुक करेगी। साथ ही कहीं मरीज मिलने पर उसका तुरंत इलाज करवाया जाएगा। उधर, जानकीपुरम पीएचसी की टीम की ओर से सोमवार को क्षेत्र में 46 घरों का सर्वे किया। शिविर में दो बुखार के मरीज देखे गए। उन्हें दवा लेकर घर पर इलाज की सलाह दी गई। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का दावा है कि एक भी नया मरीज डायरिया का नहीं मिला है। कोई नया मरीज अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। इससे अफसरों ने रहत की सांस ली है।

**बाजार** | 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी और चांदी पर यूआईडी कोड की व्यवस्था स्वैच्छिक तौर पर लागू

# हल्की ज्वेलरी का बाजार अब भरेगा रफ्तार

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** हल्की ज्वेलरी का बाजार अब धीरे-धीरे रफ्तार भरने लगेगा। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के मुताबिक एक सितंबर यानी सोमवार से बाजार में 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी अपनी आमद दर्ज कराते हुए चमक बिखेरना शुरू कर देगी।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस-ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) द्वारा चांदी पर भी यूआईडी (यूनिक आइडेंटीफिकेशन) लगाने की व्यवस्था इसी तिथि से स्वैच्छिक आधार पर लागू कर दी गई है। दरअसल रफ्तार भर रहे सोने-चांदी के भाव को देखते हुए आमजन तक ज्वेलरी सुलभ कराने के लिए नौ कैरेट गोल्ड ज्वेलरी को विकल्प के तौर पर मान्यता दी गई थी। इब्जा के नार्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने बताया कि आज से बाजार में 9 कैरेट की ज्वेलरी चलन में आ जाएगी। इसके अलावा चांदी के ऊपर यूआईडी लगाने की मान्यता भी भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आज से दे दी गई है।

हालांकि यह मांग अभी स्वैच्छिक आधार पर रखी गई है लेकिन जल्द ही इसे मेंडेटरी कर दिया जाएगा। चांदी की ज्वेलरी में बीआईएस का लोगो, सिल्वर और छह डिजिट का अल्फा न्यूमेरिक नंबर दर्ज रहेगा। उन्होंने बताया कि 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी का चलन यूरोप और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में है। ऐसे में इसे भी भरोसे का साथी माना जा सकता है। यह नया विकल्प लोगों को काफी राहत देगा। वह अपनी पॉकेट के हिसाब से खरीदारी कर सकेगा।





### शुद्धता के मानक

अब तक 14, 18, 20 और 22 कैरेट शुद्धता के सोने से जेवरात बनाये जाते हैं। अब इसमें 9 कैरेट का एक नया विकल्प जोड़ा गया है। यह आमजन के बजट में होगा। 9 कैरेट में कास्टिंग ज्वेलरी, डायमंड सेट, रत्न जड़ित अंगूठियां, हार, हस्त निर्मित आर्टिकिल बनाए जा सकते हैं।

### ईको पार्क में एक थीम के लगाएं पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को न्यू जेल रोड स्थित कांशीराम ईको पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रीन बेल्ट की जगह पर एक थीम के पौधे लगाकर हरा भरा कर विकसित करने के निर्देश दिए। सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया। ताकि अधिक से अधिक लोगों का पार्क में आना हो सके।

इसके पहले एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के साथ कांशीराम स्मारक के ड्रोम ड्रंक के स्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। मेन पावर बढ़ाकर 15 दिन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष से कहा कि सुदृढ़ीकरण व मरम्मत कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग कराएं। ड्रोम ड्रंक की खराब लाइटें हटाकर अच्छी गुणवत्ता की नई लगवाएं। इसके बाद बौद्ध विहार शांति उपवन व कांशीराम ईको पार्क का जायजा लिया।

# जांच में नमूने फेल होने पर राधे उद्योग का लाइसेंस निरस्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- **एफएसडीए ने खाद्य व्यवसाय करने पर लगाया प्रतिबंध**
- **5 अगस्त को 20 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए थे**
- **5 नमूने जांच में असुरक्षित और 12 पाए गए अधोमानक**

**अमृत विचार :** खाद्य पदार्थों के नमूने असुरक्षित और अधोमानक मिलने पर एफएसडीए ने राधे उद्योग का लाइसेंस निरस्त कर खाद्य व्यवसाय पर प्रतिबंध लगा दिया है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने 5 अगस्त को खसरा नंबर 700 ग्राम हरदोईया लालनगर थाना-काकोरी स्थित फर्म राधे उद्योग पर 20 नमूने लिए थे। जांच में पांच नमूने असुरक्षित और 12 अधोमानक पाए गए हैं। एफएसडीए ने राधे उद्योग का लाइसेंस निरस्त करते हुए खाद्य व्यवसाय पर प्रतिबंध लगा दिया है। एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताव सिंह ने बताया कि असुरक्षित पाए गए नमूनों में फिटकरी (मिठाई में अपमिश्रक के रूप में मिलाने के लिए, सेफोलाईट (कलाली ब्रांड), कराची हलवा, डोडा बर्फी तथा मूंगफली का दाना कटा (रंग युक्त) शामिल हैं।

### ये नमूने अधोमानक

विजय प्रताप सिंह ने बताया कि 12 नमूने जांच रिपोर्ट में अधोमानक पाये गए हैं। इनमें सोंठ पाउडर, स्कमिड मिल्क पाउडर, इलाइची, खांडसारी शुगर, रिफाइंड सोयाबीन तेल, रिफाइंड पामोलिन तेल, सिंथेटिक फूड कलर प्रपरेशन चोकोलेट ब्राउन, चोकोलेट ब्राउन अजंता ब्रांड, स्प्रे ड्राइड स्कमिड मिल्क पाउडर महादेव ब्रांड, बर्फी, बूंदी और मूंगफली दाना।

## सिटी ब्रीफ

### शिक्षक का रास्ता रोक पीटा, कार पर पथराव

**अमृत विचार, आशियाना :** आशियाना के शारदानगर योजना रजनीखंड निवासी सचिन बाजपेई केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक है। सचिन के मुताबिक 2 अगस्त की शाम सात बतजे वह सेंट एंस स्कूल के पास से निकल रहे थे। तभी तीन बाइक सवार युवकों ने आड़ी तिरछी बाइक लगाकर रास्ता रोक दिया। विरोध करने पर गाली देते हुए हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर पथराव किया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### जानलेवा हमला, कार से कुचलने की कोशिश

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के रक्षाखंड उद्यान-2 निवासी रबिन कर्माकर के मुताबिक शराब के नशे में धुत युवकों ने उनके घर के बाहर कार खड़ी की। इसका विरोध करने पर गालियां देने लगे। बाहर निकले तो दो बार कार से कुचलने का प्रयास किया। इसके बाद युवक फरार हो गये। कुछ देर बाद दोबारा वापस आये और कार से बंदूक निकालकर गोली मारने की धमकी दी। हमले में पीड़ित की कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। उनके मुताबिक घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल किया लेकिन देर तक कोई मदद नहीं मिली। बाद में वह पत्नी और मित्र के साथ एल्डिको चौकी पहुँचे और लिखित शिकायत दी। आरोपियों की पहचान आशियाना के ऋषभ सिंह और प्रशांत के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य अज्ञात बताए गए हैं।

### बीडीए में ठेका दिलाने के नाम पर 75 लाख की ठगी

**अमृत विचार, आशियाना :** औरंगाबाद खालसा निवासी आसिफ खान के मुताबिक उनकी पहचान बांदा जिले के केवतारा निवासी अब्दुल रहीम अहमद से थी। दिसंबर 2023 में अब्दुल रहीम ने उन्हें बीडीए में ठेका दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही अपने केजीएन प्राइवेट लिमिटेड फर्म के खाते में अलग अलग तारीखों में रकम मंगवाई। पीड़ित के अनुसार, जालसाज ने अपने और फर्म के खाते में 33 लाख रुपये और 42 लाख रुपये नकद मंगाये। जब उन्होंने ठेका नहीं मिला तो आसिफ ने रहीम से पूछताछ की। इस पर धमकी देने लगा। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

### मां-बेटे पर 12 लाख ठगने की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज थाने में मां-बेटे के खिलाफ 12 लाख रुपये लेकर जमीन न देने की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक श्री श्रेयांश इंफ्राटेक प्रा. लि. के निदेशक आजमगढ़ के जोलहापुर निवासी राजेश यादव ने तहरीर दी थी। राजेश के मुताबिक उनका कार्यालय आशियाना के शोभा सदन में है। 2020 में उन्होंने गोसाईंगंज के सिठौलीकला निवासी अंकित उर्फ अरुण कुमार और उनकी मां सुखदेई से 0.151 हेक्टेयर भूखंड का सौदा किया। कंपनी के नाम से एग्रीमेंट हुआ। जिसके बदले में 12 लाख रुपये मां-बेटे को दिये गये। 10 फरवरी 2025 को रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो दूसरे को जमीन बेचने की बात कही। इस पर अपना रुपये वापस मांगा तो गाली-गलौज व मारपीट पर उतारू हो गये। धमकी दी कि दोबारा आये तो जान से मार दूंगा। पीड़ित ने मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एचके इंफ्राविजन पर सात लाख ठगने की एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिहार के व्यक्ति ने एचके इंफ्राविजन प्रा. लि. के निदेशकों पर सात लाख रुपये ठगने की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक कंपनी के दोनों निदेशकों समेत तीन को पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जांच की जा रही है। सिवान के तेरुआ निवासी अंकित ने 2017 में एचके इंफ्राविजन कंपनी से कान्हा उपवन वेली परियोजना में दो भूखंड बुक कराए थे। पांच लाख एडवांस देकर हर महीने 13,333 रुपये की किस्त देते रहे। अंकित के मुताबिक कंपनी के खाते में 7,29,996 रुपये जमा कर चुके हैं, लेकिन भूखंड की रजिस्ट्री नहीं की गई। आरोप है कि निदेशक प्रमोद उपाध्याय, विनोद उपाध्याय टालमटोल करते हैं। ऑफिस जाने पर प्रमोद ने पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। ओंकार नाथ पांडेय, शशांक चतुर्वेदी, प्रदीप तिवारी और प्रमोद के छोटे भाई प्रभात कुमार उपाध्याय ने मारपीट की। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश सिंह के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बिना हेलमेट पंप पर पहुंचे दोपहिया चालकों को नहीं मिला पेट्रोल

## परिवहन आयुक्त के निर्देश पर शुरू किया गया नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान, 142 वाहनों का चालान भी काटा गया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में सोमवार को नो हेल्मेट, नो फ्यूल अभियान शुरू किया गया। 30 सितंबर चल चलने वाले इस अभियान की शुरुआत 1090 चौराहे के पास स्थित पेट्रोल पंप से हुई। बिना हेलमेट पहुंचे दो पहिया वाहन चालकों ने पंप चालकों ने मशीन पर चस्पा सूचना दिखाकर पेट्रोल देने से मना कर दिया। कई वाहन सवारों ने दूसरे के हेलमेट लेकर लगाई फिर पेट्रोल भरवाया।

अभियान की शुरुआत परिवहन आयुक्त के निर्देश पर की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट की अनिवार्यता और इसके महत्व की जानकारी देना है। हेलमेट का प्रयोग न करने पर चालान की कार्रवाई की दो पहिया चालकों को जानकारी दी गई। 1090 चौराहे से हजरतगंज तक 13 पेट्रोल पंपों पर अभियान चलाया गया। बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चला रहे 142 वाहनों का चालान किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रभात पांडेय ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से 21 पेट्रोल पंपों पर अभियान के तहत जांच कराई गई। पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को किसी भी दशा में पेट्रोल न दिया जाए।




नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत बाइक सवार को हेलमेट लगवाते अधिकारी और बिना हेलमेट बाइक से पंप पर पहुंचे दंपती को कर्मचारी ने पेट्रोल देने से मना कर दिया।

### सोफा खरीदने के बहाने कर ली ठगी

**अमृत विचार, लखनऊः** ओएलएक्स पर सोफा खरीदने के बहाने जालसाज से रुपये ठग लिए। गोमतनीगर विस्तार निवासी राम मोहन यादव ने पुराने सोफे को बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन पोस्ट किया। खुद को रॉयल फर्नीचर महल का मालिक बताकर कथित नितिन कुमार सिंह ने 14000 रुपये सौदा किया। क्यूआर स्कैनर भेजकर, कहा कि इसे स्कैन करते ही रुपये खाते में पहुंच जाएंगे। स्कैन करने पर राम मोहन के एक्सिस बैंक 99,665 रुपये और बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 98 हजार रुपये कट गए। इसी तरह आलमबाग के बड़ा बरहा निवासी मो. सफीर आसिफ भी कॉल करने वाले की बातों में फंस कर अपने और बेटे के खाते से 4,16,305 रुपये गवां बैठे। पीड़ित ने आलमबाग थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

# जेल भेजने की धमकी दे घूस मांगने वाले सिपाही को सजा

## भ्रष्टाचार निवारण के विशेष न्यायाधीश ने 25 हजार जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मानक नगर थाने में तैनाती के दौरान मांगे थे रुपये
- तत्कालीन थाना अध्यक्ष पर भी लगाया गया था आरोप

**अमृत विचार :** फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देकर पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोपी तत्कालीन सिपाही को भ्रष्टाचार निवारण के विशेष न्यायाधीश अतुल सिंह ने साक्ष्यों के आधार पर दोषी करार दिया। अदालत ने सिपाही को पांच वर्ष कैद और 25 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक नीरज श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि उदय नारायण ने मानक नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि एक अगस्त 2011 को नीना जायसवाल से एक मकान खरीदा था। सौदा होने के बाद नीना को उस मकान में रहने के लिए एक माह का समय दिया था। एक माह बाद नीना ने मकान खाली नहीं किया, उल्टे वादी के ख़िलाफ़ थाने में अर्जी दे दी। नीना की अर्जी पर पुलिस ने जांच की। जांच में वादी ने पुलिस को सारे कागजात दिखाए, लेकिन नीना के प्रभाव में आकर तत्कालीन थानाध्यक्ष बृजेश कुमार राय ने वादी को डराया धमकाया। बैनामे के दो गवाहों को जेल भेज दिया। वादी को भी जेल भेजने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की मांग की।

अभियोजक के अनुसार थानाध्यक्ष के कहने पर सिपाही प्रभाकर राय कई बार वादी के घर गया और पांच लाख रुपये देने के लिए धमकाया। धमकी से डरकर उदय ने सिपाही को थोड़ा थोड़ा करके दो लाख रुपये दिए। इसका वीडियो भी बनाया लिया था।

### महिला की हत्या के दोषी को उम्र कैद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेटी से विवाह करने में असफल होने पर मां की हत्या करने के आरोपी थाना जैदपुर बाराबंकी के बरौली निवासी अभय प्रताप सिंह को अपर सत्र न्यायाधीश कुमार प्रशांत ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि मृतका किरन वर्मा के पति वीरेंद्र सिंह ने 8 जून 2019 को थाना गुडंबा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि आरोपी अभय प्रताप सिंह उसकी बेटी स्वाति वर्मा से जबरन शादी करना चाहता था। किरन उसका विरोध करती थी। इसी रंजिश में 8 जून 2019 को अभय घर में घुस आया और धारदार हथियार से किरन की गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के समय घर में कोई नहीं था। गवाह वीरेंद्र के पुत्र अमित वर्मा ने अदालत को बताया था कि घटना वाले दिन वह अभय के साथ एसआरएस मॉल में पिक्चर देखने गया था। उस समय अभय ने पूछा था कि घर पर कौन है। अमित ने उसे बताया था कि घर में केवल मां हैं। अमित को पिक्चर हॉल में छोड़कर किसी समय घर आ गया तथा किरन की धारदार हथियार से हत्या कर दी।



### पर्स लूटकर भाग रहे बदमाशों को लोगों ने पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गणेश पूजा में शामिल होने जा रही वृद्धा का पर्स बदमाशों ने लूट लिया। भागते समय स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से रुपये बरामद किये। कैंट के आदर्शनगर निवासी चंद्रकेत नारायण सिंह के मुताबिक 31 अगस्त को उनकी मां सुमंति देवी पूजा में शामिल होने निलमथा बाजार से गुजर रही थीं, तभी दो बदमाश उनका पर्स लेकर भाग निकले। पर्स में मोबाइल, कुछ रुपये व कागज आदि रखे थे। लूट के बाद भाग रहे बदमाशों को स्थानीय लोगों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस बुलाई गई।

### मंदिर में देवी प्रतिमा खंडित कर लगाई आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज के बंधा किनारे स्थित कुल देवी मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को अराजकतत्वों ने खंडित कर दिया। इसके बाद आग लगा दी। मंदिर में रखी छोटी चांदी की मूर्ति भी चोरी कर ली। घटना रविवार देर रात की है। सोमवार सुबह लोगों को इस घटना की जानकारी हुई तो हंगामा शुरू कर दिया। मामले में दरोगा अमरनाथ की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। एसआई अमरनाथ के मुताबिक वह सिपाही के साथ गुड़ियनपुरवा में सोमवार सुबह गश्त कर रहे थे। तभी बंधे के किनारे स्थित कुलदेवी मंदिर में मूर्तियों को खंडित कर आग लगाने की सूचना मिली।

# इंस्पेक्टर विभूतिखंड व चौकी इंचार्ज निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 29 को समिट बिल्डिंग के बाहर फायरिंग और साइबर हाइट्स पर मैनेजर से मारपीट के बाद हुई कार्रवाई

**अमृत विचारः** इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह और समिट चौकी प्रभारी सूर्यसेन कुमार सिंह को सोमवार को पुलिस आयुक्त ने निलंबित कर दिया। दोनों पर 29 अगस्त की रात हुई दो घटनाओं के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप था। इस मामले की जांच में दोनों पर आरोप सही पाया गया। इसके बाद कार्रवाई की गई।

ठाकुरगंज निवासी रौनक सिंह 29 अगस्त को अपने दोस्तों के साथ विभूतिखंड स्थित टिकल पिंक क्लब पार्टी में गए थे। वहां देर रात उनका विवाद शिव और कैफ नाम के युवकों से हो गया था। दोनों ने उनके साथ क्लब में अभद्रता की थी। विरोध करने पर मारपीट की थी। यही नहीं क्लब के बाहर आरोपियों ने पीड़ित रौनक पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी थी। इस मामले में पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ विभूतिखंड पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

वहीं, चौक निवासी मो.हमजा खान समिट बिल्डिंग में द हाइप रूम बार में पब्लिक रिलेशन मैनेजर के पद पर है। उसके ऊपर 29 अगस्त को अजीत पांडेय, प्रथम शर्मा, सौरभ शुक्ला, राज व अन्य लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर के मुताबिक दोनों मामलों में ही गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज है।

इसके बावजूद विभूतिखंड इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह और समिट बिल्डिंग चौकी इंचार्ज सूर्यसेन कुमार सिंह ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। दोनों मामलों में इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज की लापरवाही देखने को मिली। इस लिए इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज को निलंबित किया गया है।

# डीआईजी को डिजिटल अरेस्ट करने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आतंकियों से बात करने की बात कह झांसे में लेने का प्रयास किया

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने डीआईजी पीएसी मुख्यालय को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का प्रयास किया। इस मामले में उन्होंने महानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

डीआईजी किरीट राठोड के मुताबिक उनके सीयूजी नंबर पर 28 अगस्त की दोपहर तीन बजे के करीब एक कॉल आई। पूछा कि भोलानाथ बोल रहे हो, मना किया और उसके बारे में पूछा। कॉल करने वाले बताया कि पहलगाम से इंस्पेक्टर रणजीत कुमार है। धमकाते हुए कहा कि इस सीयूजी नंबर से आतंकियों से बात की गई है। जैसे ही उसे बताया कि वह पुलिस विभाग के अधिकारी हैं। इस पर कॉल करने वाले अभद्रता करते हुए मोबाइल बंद कर दिया।

उन्होंने महानगर थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख ऐंठे

शीतलखेड़ा निवासी केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका रश्मि प्रधान के पति दिनेश प्रधान एसजीपीजीआई से सेवानिवृत्त हैं। 18 अगस्त को उनके मोबाइल पर किसी महिला ने फोन कर खुद को कश्मीर पुलिस की इंस्पेक्टर अनिता वर्मा बताया। कहा, दिनेश का कनेक्शन पहलगाम आतंकी हमले से है। उनके आधार कार्ड से आतंकियों ने एचडीएफसी बैंक में 70 करोड़ रुपये ट्रांसफर कराए हैं। मोबाइल पर फर्जी गिरफ्तारी वारंट भेजा। खुद को एटीएस का अधिकारी बताने वाले दूसरे व्यक्ति से भी बात कराई। आरोप लगाया कि रकम ट्रांसफर कराने के एवज में दिनेश के खाते में कमीशन भेजा गया। दंपति को 19 से 22 अगस्त तक डिजिटल अरेस्ट रखा तीन किस्तों में 50 लाख रुपये खातों में ट्रांसफर करा लिए। फिर 20 लाख मांगे, न देने पर धमकी दी। 30 अगस्त को पीड़िता ने पीजीआई थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सीबीआई का सीओ बता मांगे 56 हजार रुपये

जरतगंज के प्राग नारायण रोड निवासी नीलम शर्मा ने बताया कि 27 अगस्त को मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई का सीओ बताया। कहा कि बहुत वीडियो देखती हो तुम्हारे खिलाफ एफआईआर दर्ज है। डराकर 56000 रुपये मांगे। मना करने पर कई बार उसके मोबाइल पर ओटीपी आए। इसके बाद एसबीआई खाते से 22500 रुपये कट गए। पीड़िता ने हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निवेश के नाम पर 34 लाख रुपये की ठगी, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अमरोहा के रजबपुर के निक्कू से पुलिस इंस्पेक्टर बन की ठगी
- साइबर क्राइम थाने से एक आरोपी को पहले ही भेजा गया था जेल

**अमृत विचार :** कथित इंस्पेक्टर ने अमरोहा के व्यक्ति से कंपनियों में निवेश कराकर 34 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसी तरह के मामले में पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

अमरोहा के रजबपुर के निक्कू चौधरी के मुताबिक मुंशी पुलिया चौराहा निवासी कथित इंस्पेक्टर आनंद कुमार यादव ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर अच्छे मुनाफे का झांसा दिया था। आनंद ने कंपनी के मालिक विश्वजीत श्रीवास्तव, सदस्य चन्दा श्रीवास्तव, नवीन चन्द्र श्रीवास्तव, मीनाक्षी, हरकेश प्रसाद, सोनू गुप्ता, राहुल उर्फ मनु, सुदामा कुशवाहा, चन्दन शर्मा से मुलाकात कराई।

आरोपितों ने कुशीनगर, गोरखपुर में पंजीकृत कंपनियों में 34 लाख रुपये निवेश कराए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



हजरतगंज चौराहे पर यातायात में बदलाव किया गया है, वाहन चालक विधानभवन के पास से अटल चौराहे की ओर निकल रहे हैं।

# नशेड़ी ने चौराहे पर फड़ी यातायात सिपाही की वर्दी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चौक के केजीएमयू चौराहे पर हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचारः** केजीएमयू चौराहे यातायात पुलिस में तैनात मुख्य आरक्षी संतोष कुमार ने चौक थाने में एफआईआर दर्ज कराई। संतोष के मुताबिक वह शनिवार को केजीएमयू चौराहे पर ड्यूटी दे रहे थे। इसी बीच नशे में धुत व्यक्ति पिंक बूथ के पास पहुंचा। कहासुनी की विरोध करने पर वर्दी फाड़ दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोरखपुर के गुलहरिया निवासी संतोष यातायात पुलिस में मुख्य आरक्षी हैं। शनिवार सुबह उनकी ड्यूटी केजीएमयू चौराहे पर थी। सुबह 9 बजे वह ड्यूटी पर थे। इसी बीच नशे में धुत एक व्यक्ति पिंक बूथ पर पहुंचा। उसने कहासुनी शुरू कर दी। पुलिस को गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उनसे हाथापाई पर उतारू हो गया। शोर-शराबे के कारण काफी लोग जुट गये। इसी बीच वर्दी पकड़ कर झूल गया। इसके कारण वर्दी फट गई। इसके कारण काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। लोगों के जुटने के बाद आरोपी धमकाते हुए भाग गया। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**खुलासा** | 26 अगस्त की रात ई-रिक्शा चालक ने अस्पताल के गार्ड को दिया था रंगदारी का पत्र

# रेलवे कर्मचारियों ने मांगी थी डॉक्टर से रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कृष्णानगर पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** कृष्णानगर के एमसीसी हॉस्पिटल के मालिक डॉ. देवेश रजानी से रेलवे के दो कर्मचारियों ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस ने दोनों को रविवार देर रात गिरफ्तार का मामले का खुलासा कर दिया है। सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक हरदोई का बरहा रेलवे कालोनी निवासी उमेश कुमार मौर्य और बड़ा बरहा निवासी सुजीत कुमार लोधी को पकड़ा गया है। दोनों रेलवे में टेक्नीशियन हैं। दोनों की पहचान ई-रिक्शा चालक ने भी की है। जिससे रंगदारी का पत्र भेजा था।

आरोपी उमेश ने पूछताछ में बताया कि उसने मां और पत्नी का इलाज एमसीसी अस्पताल में कराया था। इलाज और भुगतान को लेकर मार्च 2025 में डॉ देवेश रजानी से विवाद हो गया था। इसका बदला लेने के लिए साथी सुजीत के साथ मिलकर रंगदारी मांगने की साजिश रची।

### 20 रुपये देकर मांगी 20 लाख की रंगदारी

एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने रंगदारी का पत्र भेजने के लिए ई-रिक्शा चालक को पकड़ा। उसे 20 रुपये दिये। साथ में एक लिफाफा और कहा कि इसे एमसीसी अस्पताल तक पहुंचा दे। ई-रिक्शा चालक ने लिफाफा अस्पताल के गार्ड को पकड़ा दिया। वहां से चला गया। आरोपियों ने चिट्ठी में नक्शा बनाकर रुपये लेने का तरीका भी बताया था। उम्मीद थी कि डर के कारण डॉक्टर रुपये दे देगा। तय जगह पर डॉक्टर नहीं पहुंचा। वह लगातार कुछ दूरी पर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। इसके बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### 350 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले

एसीपी विकास पांडेय के मुताबिक एफआईआर दर्ज करने के बाद डीसीपी दक्षिणी के निर्देश पर डॉ. देवेश रजानी को 6 सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराए गए। करीब 350 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले गये। इसके अलावा कुछ टीम मैनुअल व तकनीकी इनपुट जुटाने में लगी। पुलिस ने 27 अगस्त को रेलवे में तैनात दोनों टेक्नीशियन को हिरासत में ले लिया। काफी पूछताछ के बाद भी कुबूल नहीं कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को जब सामने पेश किया तो आरोपियों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। एसीपी ने बताया कि उमेश के खिलाफ बघौली थाने में 2015 में हत्या की रिपोर्ट दर्ज है। इस मामले में वह जमानत पर है।

# मुख्यमंत्री से मिलने आई महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हरदोई में जालसाज ने ठगे मकान दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये
- पिहानी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप, मामले की जांच शुरू

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर हरदोई के पिहानी थाने की पुलिस व प्रॉपर्टी डीलर की शिकायत करने पहुंची महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया। उसके साथ पति व बच्चे भी थे। हरकतें देख आत्मदाह निरोधकर दस्ते ने उसे पकड़ लिया। कार्रवाई का आश्वासन देकर महिला को हरदोई भेज दिया गया है।

हरदोई जिले के पिहानी निवासी रोली कश्यप का आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलर विक्की मिश्रा ने लखनऊ में घर दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये लिए। काफी दिनों बाद भी मकान न दिलाने पर टोका तो 34 लाख रुपये लौटाए। 26 लाख रुपये वापस नहीं कर रहा है।

पिहानी थाने में सुनवाई न होने पर एसपी हरदोई के कार्यालय में शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। विक्की फोन पर पुलिस को पांच-छह लाख रुपये खिलाकर मामला खत्म कराने की धमकी देता है। कार्रवाई न होने से परेशान रोली, पति संदीप बच्चों समेत मुख्यमंत्री से मिलने उनके आवास जा रही थी। किंतु उसके पहले ही रोली ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया। इसे देख पुलिस ने पकड़ लिया। रोली बैग में हरदोई से ज्वलनशील पदार्थ लेकर आई थी।

इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश कुमार सिंह ने बताया कि हरदोई पुलिस को जानकारी दी गई है। रोली को कार्रवाई का आश्वासन देकर हरदोई भेज दिया गया है।

# 351 परिवारों ने बप्पा को समर्पित किया छप्पन भोग

## भोग के थाल लेकर नाचते-गाते दरबार में पहुंचे भक्त, मनौतियों के राजा के लगे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में चल रहे गणेशोत्सव के छठे दिन सोमवार को गणेश जी को 56 भोग समर्पित किया गया। कमेटी के 351 परिवारों ने गजानन को छप्पन भोग लगाया।

हाथों में छप्पन भोग के थाल लेकर नाचते, गाते, झूमते हुए भक्त बप्पा के दरबार पहुंचे। इनमें प्रमुख लोगों में भारत भूषण गुप्ता, घनश्यामदास अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अखिलेश बंसल, पार्षद रंजीत सिंह, संजय अग्रवाल, देशराज अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, अतुल बंसल, रामशंकर वर्मा, गोपाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, जयकरन, सुधांशु बाथम, नरेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, अतुल और रोहित के अलावा महिलाओं में संध्या बंसल, अंजू गुप्ता, उषा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, वीमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अनुराधा गोयल आदि की मौजूदगी रही।

उधर, मनौतियों के राजा के दरबार में जब भक्त पहुंचे तो कोलकाता के संजय शर्मा ने एक खूबसूरत भजन छप्पन भोग का थाल सजाकर लाए... सुनाया। बप्पा खाले रे जरा छप्पन भोग धरा..., जो तुमको पसंद वो भोग लगाया... प्रस्तुत किया गया तो पंडाल में मनौतियों के राजा के जयकारे लगे। राजस्थान के संजय शर्मा ने राजस्थान की झांकी पर एक नाटक प्रस्तुत किया।


चौक क्षेत्र के पार्क में गणेश उत्सव के दौरान आरती करते मराठी समाज के लोग।

### हीवेट रोड पर हुआ बप्पा का भव्य श्रृंगार

- ऑस्कर योग साई कृपा सेवा संस्थान की ओर से शिवाजी मार्ग (हीवेट रोड) पर चल रहे श्री श्री गणेशोत्सव में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सोमवार की सुबह शिवाजी मार्ग के राजा गणपति बप्पा का भव्य श्रृंगार किया गया। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाये। आरती राहुल जैन ने की ।उत्सव में शिवाजी मार्ग लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपाल दीक्षित, सुनील अग्रवाल, अमित अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल ने गणपति बप्पा को देसी घी, दही, दूध, पंचमी मेवा का भोग लगाया। उनका सहस्त्रनाम पाठ किया गया। कार्यक्रम आयोजक गणेश शंकर पवार ने बताया उत्सव में शाम को सिद्धिविनायक मुम्बई की तर्ज पर भव्य आरती का आयोजन किया गया।


बालाजी बाबोसा की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### बालाजी बाबोसा की मूर्ति स्थापित

- **अमृत विचार, लखनऊ:** राजधानी में सोमवार को कलयुग के अवतार कहे जाने वाले बालाजी बाबोसा की प्रथम मूर्ति स्थापित की गई। भजन-कीर्तन के साथ शिवम बाबोसा के निवास पर बाबोसा की मूर्ति की स्थापना आराधिका मंजू बाईसा एवं प्रकाश भाईजी के कर कमलों से कराई गई। इस दौरान मौजूद भक्तों ने भारत बाबोसा की मधुर आवाज़ में भजनों का भी आनंद लिया। बाद में भंडारा आयोजित करने के साथ प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में नीरज मित्तल, निष्ठा मित्तल, अमित मित्तल, सुनीता मित्तल, उर्वशी, फ्लोरा, पीहू, भावना एवं तरुणा मित्तल और दिल्ली के बाबोसा भक्त मण्डल के सदस्य मौजूद रहे।

### मुनाल ने किया गणपति का संगीतमय पूजन

- लुप्त होती लोक संस्कृति को बचाने में लगी संस्था मुनाल की ओर से पेपर मिल कालोनी स्थित स्टार अपार्टमेंट में संगीतमय गणपति पूजन का आयोजन किया गया। यश भारती से सम्मानित लोक गायिका रिचा जोशी के संयोजन और निर्देशन में यह कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र तथा लोक विशेषज्ञ मुनालश्री विक्रम बिष्ट थे मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। गणपति हमारे घर पधारो..., वक्रतुंड महाकाय, गन गणपतए नम: जैसे कई भजनों की प्रस्तुति हुई। भजन गायको में ललित भट्ट, मोहन बिष्ट, देवेश्वरी पवार, डॉ. आशुतोष नौटियाल, डॉ. मानसी बिष्ट, रतना शुक्ला, छाया वर्मा, वंदना त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह रावत, प्रियंका टंडन, अनिल गुड़िया और प्रज्ञा टंडन आदि कलाकार मौजूद रहे।

### एकदंत की मूर्ति स्थापित कर बंगाली परिवार ने किया सुंदरकांड का पाठ

- गणेश उत्सव के मद्देनजर राजाजीपुरम में एक बंगाली परिवार ने रविवार को गणेश मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। कालोनी की महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया। गणेश उत्सव में सभी ने गणपति बप्पा को माथा टेका और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान सुरभि भट्टाचार्य, अभिजीत भट्टाचार्य, मिताली, दीपाली, प्रभात और सुमित आदि मौजूद रहे। पूजा के बाद सभी ने आल-पूड़ी व हलवा का प्रसाद ग्रहण किया।

### नगर भ्रमण को निकले गजानन, गोमती में किया स्नान

- शुभ संस्कार समिति की ओर से आयोजित 26वें गणेश जन्मोत्सव समारोह में सोमवार को संकटा देवी मंदिर से धूमधाम से गणेश जी नगर भ्रमण को निकले। पीतल की मूर्ति को सिंहासन में बिठाकर चौक होते हुए कुड़ियाघाट गए। जहां गोमती के जल से गणेश जी को स्नान कराया गया और मूर्ति वापस मंदिर में लाकर स्थापित कर दी गई। शुभ संस्कार समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे, आचार्य गिरजा शंकर दीक्षित, सुरेंद्र गौड़, आशीष अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, राजेंद्र शर्मा, आशीष गौड़, श्यामू मिश्रा, अमित गौड़, रामबाबू, श्यामू यादव, करण गौड़, राज खन्ना और शाहिद मौजूद रहे। रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि उत्तर भारत में गणेश जी को विसर्जन करने की प्रथा नहीं होनी चाहिए क्योंकि अगर हम उन्हें भादों में विदा कर देंगे तो दिवाली पर पूजन कैसे किया जाएगा।


गोमतीनदी तट पर बने कुंड में विसर्जन से पहले भगवान गजानन का आशीर्वाद लेती महिला भक्त। अमृत विचार

### हनुमान टेकरी से खाटू श्याम तक निकाली विसर्जन यात्रा

**लखनऊ:** महिला मंडल विभव खंड 2 गोमती नगर में स्थित हनुमान टेकरी मंदिर से खाटू श्याम मंदिर तक गणेश प्रतिमा का विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया गया। जिसमें सभी खंड कि महिलाओं ने एवं पुरुषों ने सम्मिलित होकर शोभायात्रा में शामिल हुए। हनुमान टेकरी मंदिर से खाटू श्याम मंदिर तक रास्ते भर भजन कीर्तन होते रहे। महिला मंडल में मुख्य रूप सें अजिता त्रिपाठी, रागिनी सिंह, पूजा तालानी, गायत्री, पूनम यादव, शारदा दुबे, रश्मि श्रीवास्तव, दिव्या शुक्ला, ममता राणा राजलक्ष्मी एवं क्षेत्रीय भक्तगण बड़ी संख्या उपस्थित हुए। भारी बरसात होने पर भी महिलाओं ने भगवान गणेश जी का जय घोष के नारे निरंतर रूप से लगाते हुए प्रतिमा का विसर्जन किया गया।


गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने जातीं महिलाएं।

## सिटी ब्रीफ


सम्मान लेते अतुल तिवारी।

### अतुल तिवारी को डॉ. राही सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** रंगकर्मी, फ़िल्म लेखक व अभिनेता अतुल तिवारी को इस साल के डॉ. राही मासूम रजा साहित्य सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ. राही मासूम रजा साहित्य अकादमी की ओर से रक्षक डॉ. नदीम हसनैन, डॉ. रमेश दीक्षित, वंदना मिश्रा और हफीज किदवई ने सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम और डॉ. राही मासूम रजा की पुस्तकें भेंट की गईं। इरा श्रीवास्तव, कौशल किशोर, मृदुला भरद्वाज, राकेश श्रीवास्तव, राकेश, मधु गर्ग, कांति मिश्रा, डॉ. अनिल रस्तोगी, शिवांश और परवेज मलिकजादा ने भी तिवारी का सम्मान किया।

### हिन्दी संस्थान ने डॉ. शंभूनाथ को याद किया

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शोकसभा कर वरिष्ठ साहित्यकार एवं संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शंभूनाथ के निधन पर दु:ख जताया। डॉ. शंभूनाथ का जन्म 2 मार्च 1947 को बिहार के छपरा जिले में हुआ था। वर्ष 1970 में आईएएस में चयनित होकर मुख्य सचिव पद तक पहुंचे। सेवानिवृत्ति के बाद उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान में 30 जुलाई 2007 से 30 जून 2009 तक कार्यकारी अध्यक्ष रहे। उन्होंने हिन्दी भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए परिवर्तनकारी कदम उठाए। वह राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के साहित्य से बहुत प्रभावित थे। उनकी महत्वपूर्ण समालोचनात्मक कृतियों में धूपछांही दिनकर महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

### पैगम्बर सबके लिए की मुहिम शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** शैक्षिक, सामाजिक सेवायें देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात संस्था एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल्स मुस्लिम्स (एएमपी) और इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की संयुक्त मुहिम पैगम्बर सबके लिए के तहत इस्लामिक सेंटर में बड़े पैमाने पर खाने के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के 1500 साल पूरे होने पर राष्ट्रीय स्तर पर पैगम्बर सबके लिए मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत आज इस्लामिक सेंटर में जरूरतमंदों को खाने के पैकेट बांटे गए।

### समिति ने शुरू किया लघु प्रेक्षागृह

**अमृत विचार, लखनऊ:** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति ने सुंदरबाग पोस्ट आफिस के सामने तीसरी मंजिल पर लघु प्रेक्षागृह का निर्माण कराया है। जिसका शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नियमित अभ्यास एवं नाटकों के नियमित अभ्यास तथा नाट्य योग कार्यशालाओं के लिए शुरू किया गया है। लघु प्रेक्षागृह का उद्घाटन संस्था की संस्थापिक अध्यक्ष अचला बोस ने किया। प्रणव कुमार श्रीवास्तव, आदर्श तिवारी, कोमल प्रजापति, महेश चन्द देवा, प्रभात कुमार बोस, अचला बोस द्वारा निर्देशित विभिन्न नाटकों की झलकियां प्रस्तुत की गईं। श्रद्धा बोस, बीएन ओझा, प्रभात कुमार बोस, अनुपम बिसारिया, नाट्य निर्देशक अश्वनी कुमार मक्खन, जारा हयात, मौजूद रहे।

### पवन अध्यक्ष और देवेंद्र बने सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ:** द ओमेक्स पैलेस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का क्लब हाउस में रविवार देर शाम शपथ ग्रहण हुआ। नवीन कार्यकारिणी में पवन कुमार जायसवाल ने अध्यक्ष, देवेन्द्र गुप्ता ने सचिव, नवीन श्रीवास्तव ने कोषाध्यक्ष, समीक्षा वर्मा ने उपाध्यक्ष, आनंद राज किशोर पांडेय ने सहायक सचिव, नेहा सिंह ,अभिषेक कपूर , अरुण टंडन ,अफरोज अहमद, खालिद जमाल, शिव कुमार श्रीवास्तव ने कार्यकारणी सदस्य के रूप में शपथ ली। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता रहे। निर्वाचन अधिकारी आनंद त्रिपाठी एवं सहायक चुनाव अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# पांचवें दिन हुई उत्तम सत्य धर्म की पूजा

**दशलक्षण पर्व**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंदिरा नगर जैन मंदिर में चल रहे दशलक्षण पर्व के 5वें दिन उत्तम सत्य धर्म की पूजा की गई। मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि सोमवार को मंदिर में तीर्थंकर के अभिषेक एवं शांतिधारा से पूजन की शुरुआत हुई।

जैन समाज के अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने शांतिधारा की। शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में डांडिया एवं गरबा का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में युवक-युवती जोड़े से डांडिया लेकर भक्ति नृत्य करते हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। रंगमा रंगमा एवं केसरिया जैसे भजनों पर नृत्य किया गया। अभिषेक ने बताया कि कल सुगंध दशमी पर्व है, जिसमें जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर शीतलनाथ का विशेष पूजन किया जाएगा। सुगंध दशमी पर्व कथा का वाचन रूबी दीदी करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभय, पवन, रोहित, शशि, सुदीप व रीना सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। उन्होंने उत्तम सत्य धर्म पूजा के बारे में कहा कि उत्तम सत्य हमें यह सिखाता है कि आत्मा की प्रकृति जानने के लिए सत्य आवश्यक है। जब व्यक्ति अपने मन और आत्मा को सरल और शुद्ध बना लेता है, तो सत्य ही उसका जीवन बन जाता है।


दशलक्षण पर्व पर उत्तम सत्य धर्म की पूजा करते जैन धर्मावलंबी।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ चलाएगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ:** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की महानगर इकाई स्वदेशी अपनाओ धार देने के लिए जन जागरण अभियान चलाएगा। इस संबंध में सोमवार को बैठक कर अभियान की रूपरेखा तय की गई।

प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष अभिषेक खरे ने बताया कि 15 सितंबर तक पदाधिकारी प्रतिष्ठानों और उनके घरों पर जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। 1 से 15 अक्टूबर तक लघु उद्यमियों, वकीलों ,डॉक्टरों आदि को जागरूक किया जाएगा। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जनसभा होगी। बैठक में अवध क्षेत्र के संयोजक पुरुषोत्तम पुरी, सहसंयोजक मनीष गुप्ता मौजूद रहे।


नृत्य कर लच्छू महाराज को नमन करती नृत्यांगना। अमृत विचार

# लच्छू महाराज को तीन घरानों ने किया नमन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कथक गुरु लच्छू महाराज की जयन्ती पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम "नमन- परम्परा कथक की" की दूसरी संध्या पर लखनऊ, जयपुर और बनारस तीनों घरानों का प्रतिनिधित्व देखने को मिला। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कथक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं।

शुरुआत बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम धर, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, भातखंडे संस्कृति विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह और संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने की। नई दिल्ली से आईं लखनऊ घराने की नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी ने शिव वंदना एवं लक्ष्य शीर्षक से प्रस्तुति दी। जयपुर घराने के राजेंद्र गंगानी ने पारंपरिक शुद्ध नृत्य की प्रस्तुति दी।वाराणसी से आये माता प्रसाद मिश्रा एवं रवि शंकर मिश्रा की युगल जोड़ी की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया।

**आस्था** | आगे हाथ पर सवार अलमदार और पीछे ऊंटों पर सजीं अमारियां

# चुप ताजिया जुलूस के साथ सवा दो महीने का मोहर्रम खत्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: दो महीने आठ दिन का मोहर्रम सोमवार को चुप ताजिये के जुलूस के साथ समाप्त हो गया। सुबह की नमाज के बाद विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित नाजिम साहब के इमामबाड़े से चुप ताजिये का जुलूस शुरू हुआ तो बारिश हो रही थी लेकिन अजादारों पर बारिश का कोई असर नहीं पड़ा। जुलूस अपने परम्परागत अंदाज में धीरे-धीरे रौजा-ए-काजमैन की तरफ बढ़ चला।

जुलूस अकबरी गेट, नक्खास तिराहा, बिलोचपुरा चौराहा, अशर्फाबाद, मंसूर नगर तिराहा होते हुए रौजा-ए-काजमैन पहुंचा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकले इस जुलूस में लोग खामोशी के साथ चुप ताजिया लेकर रौजा-ए-काजमैन तक गए। जुलूस में सबसे आगे हाथी पर अलम लिए अजादार, जुलजनाह, हजरत अली असगर का झूला, हजरत अब्बास के अलम और दो ताजिये शामिल थे। जुलूस में सबसे पीछे ऊंटों पर सजी अमारियां थी। जुलूस से पहले मौलाना एजाज अतहर ने मजलिस को खिताब किया।

**जुलूस के बाद शुरू हुआ मातम का सिलसिला:** दो महीने आठ दिन से चल रहे मोहर्रम के अंतिम दिन सोमवार को देर रात तक गम-ए-हुसैन में अजादारों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी का सिलसिला जारी रखा। दोपहर में रौजा-ए-काजमैन से राजधानी की अंजुमनें अपने-अपने अलम के साथ नौहख्वानी व सीनाजनी करते हुए कर्बला दियानतुद्दौला के लिए रवाना हुईं।


चुप ताजिया जुलूस में शामिल महिलाएं और पुरुष। अमृत विचार

## सिटी डायरी


छावनी स्थित मध्य कमान मुख्यालय पर उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह व साथ में सेना के उच्च अधिकारी।

### सूर्या कमान ने हुई संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ:** छावनी स्थित मध्य कमान मुख्यालय ने ''भारत के सुरक्षा परिवेश के समक्ष उभरती चुनौतियों के समाधान'' विषय पर प्रतिष्ठित सुरक्षा संगोष्ठी 2025 का आयोजन किया। शुरुआत मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता के भाषण से हुई। उत्तराखंड के राज्यपाल, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने मुख्य भाषण दिया। संगोष्ठी में राजदूत सुजन आर. चिनॉय, प्रोफेसर डॉ. शशि बाला, डॉ. प्रांशु समदर्शी, श्री क्लॉड अर्पी सहित प्रमुख हस्तियों ने सभ्यतागत निरंतरता और उत्तरी क्षेत्र में भारत के सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित चर्चा कर विचार साझा किए। मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा ने भारत के सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को चुस्त, सूचित और तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया।


कथक गुरु की जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

### जयंती पर कथक गुरु को किया नमन

**अमृत विचार, लखनऊ:** कथक गुरु कथकाचार्य पंडित लच्छू महाराज की जयंती पर लच्छू महाराज बैले फाउंडेशन की ओर से क्रिश्चियन कॉलेज तिराहे पर स्थित लच्छू महाराज की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम किया गया ।कुमकुम आदर्श की शिष्याएं आरती, हर्षिता, एकता, अंजुल बाजपेई, पीयूष पांडेय, अंकिता मिश्रा, सीमा और अनामिका ने मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कथक गुरु शंभू महाराज की सुपुत्री रमेश्वरी मिश्रा, कथक गुरु खुला सिद्दीक़ी, सिद्धिश्री, अमीर हैदर, कुसुम श्रीवास्तव, आदर्श कुमार, पूर्वी कुमार, अरुणा भारद्वाज, मधुकर त्रिवेदी मौजूदगी रहीं।


कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग।

### चौराहे का सौंदर्यीकरण जल्द

**अमृत विचार, लखनऊ:** नाका हिंडोला चौराहे पर स्थित शहीद हेमू कालाणी चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सोमवार को नगर निगम के नगर निगम के जेई आरके मिश्रा, नगर अभियंता किशोरी लाल की टीम ने क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता के साथ मिलकर नारियल तोड़ कर काम शुरू कराया। सिन्धु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, संत कंवर राम मंडल के प्रीतम वालेचा, अमर आठवानी, अमरनाथ चौधरी, पंजाबी समाज के अनिल बजाज, चेट्टी चंद मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी, संरक्षक अशोक चांदवानी, महामंत्री संजय जसवानी, पुनीत लाल चंदानी, श्याम कृषनानी, दीपक लालवानी, कन्हैया लाल, संतोष, सहित बड़ी संख्या में सिन्धी समाज के लोग मौजूद थे।



मानवेंद्र को गुलदस्ता देकर विदाई देते लोग।

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** आयुर्वेद सेवाएं उप्र. के महानिदेशक आईएएस मानवेंद्र सिंह सेवानिवृत्त हो गए हैं। सोमवार को हजरतगंज के एक होटल में उनका विदाई एवं सम्मान समारोह हुआ। सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राजकुमार यादव, टूड़ियागंज राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉ. डीके मौर्य, अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. शची श्रीवास्तव, डॉ. शरद जौहरी, डॉ. सुधा सिंह समेत निदेशालय के अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### हिंदी विभाग में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के 68वें दीक्षांत पूर्व सप्ताह समारोह के उद्घाटन के अवसर पर हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा सोशल मीडिया : वरदान या अभिशाप विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिन्दी विभाग के साथ ही अन्य विभागों के भी शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। आकर्ष दुबे (एम.ए.हिंदी, तृतीय सेमेस्टर), नवनीत गिरी (बी.ए. इतिहास,पंचम सेमेस्टर), गिरीश नारायण (बी.ए.,हिंदी,पंचम सेमेस्टर), शुभम त्रिवेदी (एम.ए.हिंदी, प्रथम सेमेस्टर) को क्रमश : प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन हिन्दी विभाग की वरिष्ठ आचार्य प्रो. अल्का पाण्डेय के नेतृत्व में हुआ एवं प्रतियोगिता की प्रभारी हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. आकांक्षा एवं डॉ. सीमा यादव रहीं।

### वाणिज्य विभाग में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि के वाणिज्य विभाग के अंतर्गत एम.कॉम. प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम 'दीक्षारंभ' का आयोजन किया गया। जिसकी औपचारिक शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के उद्बोधन के साथ हुई। उन्होंने प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को आशीष एवं शुभकामनाएं देते हुए विभाग में संचलित की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही दो वर्षीय एम.कॉम के अद्यतन पाठ्यक्रम पर भी प्रकाश डाला। वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अर्चना सिंह ने भी वाणिज्य शिक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में प्रोफेसर सोमेश कुमार शुक्ला, डीन सी.डी.सी. प्रोफेसर अवधेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. गीतिका टी. कपूर, विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

# 91 केंद्रों पर को होगी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग परीक्षा

## 6 व 7 को परीक्षा में 1,26,912 परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जिलाधिकारी ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों संग की बैठक

**अमृत विचार :** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग परीक्षा आगामी 6 व 7 सितंबर को राजधानी के 91 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसमें एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है। जिलाधिकारी विशाख जी ने सोमवार को परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त केंद्र व्यवस्थापकों, सह केंद्र व्यवस्थापकों और नोडल अधिकारियों व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्रों के गेट वीडियो रिकार्डिंग और अनाउंसमेंट कराते हुए बंद करा दिये जाएंगे। इसके बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष संख्या 22 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार एवं रविवार को प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा के लिए 91 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 91 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। उन्होंने रेलवे को स्टेशन परिसर में पब्लिक टॉयलेट एवं पेयजल की व्यवस्था के साथ ही रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर हेल्पडेस्क बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति, अपर जिलाधिकारी टीजी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, रेलवे, आरएम रोडवेज, नगर निगम, सिविल डिफेंस व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## होटलों के विकल्प के रूप में लखनऊ में शुरू होगी होमस्टे योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर शुरू होने वाली होम स्टे योजना अब राजधानी लखनऊ में मिलेगी। 'उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति 2025' अंतर्गत लखनऊवासियों ने अपने घरों को होमस्टे के रूप में पंजीकृत कराने में रुचि दिखाई है। इससे धार्मिक एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को सस्ती दरों पर होटल का विकल्प उपलब्ध होगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया इस नीति से प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों को भी आय के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल रूम खाली नहीं मिलते, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है।

# अब मेरिट के आधार पर होगी आयुष चिकित्सकों की भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हाईस्कूल व इंटर में प्राप्त अंकों के आधार पर बनाई जाएगी मेरिट

**अमृत विचार :** राजधानी में करीब आठ माह से अटकी आयुष चिकित्सकों की भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। अब अभ्यर्थियों को हाईस्कूल-इंटर की मेरिट के आधार पर साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए बुलाया जाएगा। इसकी तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दी है।

सरकारी अस्पतालों में आयुष यूनिट का संचालन हो रहा है। इन यूनिटों में आयुष के चिकित्सक नहीं है। एनएचएम ने बीते साल दिसंबर में जिले में 21 आयुर्वेद चिकित्सकों की भर्ती का फैसला लिया था। साक्षात्कार में शामिल होने से पहले चिकित्सकों को फार्म भरकर सीएमओ कार्यालय में जमा कराया गया था। 21 पद के सापेक्ष में करीब 2200 डॉक्टरों ने फार्म भरकर जमा किया था। एक अनुमान के मुताबिक, एक पद पर 105 चिकित्सकों ने आवेदन किया है। आठ माह बीतने बाद स्वास्थ्य विभाग साक्षात्कार की तारीख तय नहीं कर पाया है। अहम बात यह है आस पास के जिलों में आयुर्वेद चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया जिले के सीएमओ ने पूरी का ली है। लखनऊ में चयन प्रक्रिया अटकी पड़ी थी। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने चयन की प्रक्रिया मेरिट के आधार पर कराने का फैसला लिया था। इसमें हाईस्कूल-इंटर की हाई मेरिट वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने डीएम से अनुमोदन ले लिया है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया एक पद के सापेक्ष बीस गुना अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा।

## प्री-कन्वोकेशन सप्ताह में हुई मोबिलोग्राफी प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग ने अपने प्री-कन्वोकेशन सप्ताह के उद्घाटन दिवस पर रंगोली और मोबिलोग्राफी (मोबाइल फोटोग्राफी) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे वातावरण को रंगों, रचनात्मकता तथा युवा ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की शोभा विभागाध्यक्ष प्रो. एम. सिराजुद्दीन की उपस्थिति से बढ़ी। उनके साथ प्रो. अमिता कनौजिया, प्रो. मोनीषा बनर्जी, प्रो. शेली मलिक, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. सुचित स्वरूप एवं डॉ. निधि द्विवेदी भी उपस्थित रहीं। सभी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया। मोबिलोग्राफी प्रतियोगिता में श्रेया कनौजिया ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि सर्वज्ञ ने द्वितीय स्थान और महक श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान हासिल किया। ज्योति सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवतियों को नहीं मिल सके ई- वाउचर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुफ्त अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवतियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) से सोमवार को ई-वाउचर नहीं मिल सके। इसकी वजह से उन्हें शुल्क देकर निजी केंद्र से जांच करानी पड़ी। अफसरों का कहना है कि पोर्टल अपडेट होने से नए ई-वाउचर बनने में दिक्कत हो रही है।

राजधानी में 20 सीएचसी का संचालन हो रहा है। इसमें नौ सीएचसी पर ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा है। जिन केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है, वहां प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की एक, नौ, 16 और 24 तारीख को गर्भवती को अल्ट्रासाउंड के लिए ई-वाउचर जारी किए जाते हैं। जिनके माध्यम से वह निजी केंद्रों से मुफ्त में अल्ट्रासाउंड करा सकती है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 74 निजी केंद्र से अनुबंध किया है।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि कुछ समय से अल्ट्रासाउंड के लिए ई वाउचर जनरेट होने में समस्या आ रही है। जल्द ही इसका निस्तारण कराया जाएगा।

# विदेशी की अपेक्षा स्वदेशी भोजन को दें बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीएयू में आयोजित हुआ विशेष व्याख्यान
- विदेशी खाद्य आउटलेट्स की संख्या 1,200 से बढ़कर लगभग 7,500 तक पहुँच चुकी
- 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग का युवा लेता है विदेशी आहार



**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में कमेटी ऑफ ऐमीनेंट लेक्चर सीरीज और खाद्य एवं पोषण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ''विदेशी भोजन की अपेक्षा स्वदेशी भोजन को बढ़ावा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त मंच पर डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू, कमेटी ऑफ ऐमीनेंट लेक्चर सीरीज की चेयरपर्सन प्रो. शिल्पी वर्मा एवं खाद्य एवं पोषण विभाग, बीबीएयू की विभागाध्यक्ष प्रो. नीतू सिंह मौजूद रहीं।

बीबीएयू के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि संतुलित और पौष्टिक आहार केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि विचारों और मन को भी सकारात्मक बनाए रखता है। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों और युवाओं को यह संदेश दिया कि हमें 'स्थानीय उपयोगी, स्वदेशी जरुरी और विदेशी मजबूरी' की विचारधारा को अपनाना चाहिए। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2010 की तुलना में 2024 में भारत में विदेशी खाद्य आउटलेट्स की संख्या 1,200 से बढ़कर लगभग 7,500 तक पहुँच चुकी है। यह आँकड़ा इस बात का संकेत है कि हमारे देश में विदेशी भोजन का चलन कितनी तेज़ी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग का युवा सप्ताह में कम से कम एक बार किसी न किसी रूप में विदेशी आहार का सेवन करता है। आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करके उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही प्रो. नीतू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, गैर शिक्षण कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मालवीय मिशन केंद्र में फैकल्टी डेवलपमेंट का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नवीनतम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना थीं। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रो. कमल कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए शिक्षकों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि समाज की दिशा तय करने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने शिक्षण क्षेत्र में अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किया।





लविवि में संगीतमय सूर्य नमस्कार का अभ्यास करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# दीक्षांत समारोह में होगा संगीतमय सूर्यनमस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सूर्य नमस्कार का अभ्यास शरीर को ऊर्जावान बनाने में सहायक

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरशोर से हो रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योग और वैकल्पिक चिकित्सा विभाग की छात्राओं ने योग शक्ति, संगीतमय सूर्य नमस्कार किया। विश्वविद्यालय के 68 वें दीक्षांत समारोह को लेकर दीक्षांत सप्ताह का आयोजन किया गया है। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, योग विभाग द्वारा गौरव स्थल पर योगशक्ति नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत योग विभाग की छात्राओं द्वारा प्रार्थना एवं ध्यान का अभ्यास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान फेफड़े एवं श्वास पर प्रभाव डालने वाले गोमुख आसन, वक्रासन, मेरू वक्रासन तथा हृदय पर प्रभाव डालने वाले अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन तथा पेट पर प्रभाव डालने वाले आसन पवनमुक्तासन, अर्ध हलासन, उत्तानपादासन का अभ्यास कराया गया कमर को लचीला बनाने वाले मर्जरी आसन, उत्कट आसन, भुजंगासन, धनुरासन का अभ्यास किया गया। फैकल्टी के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि छात्राओं द्वारा संगीतमय सूर्य नमस्कार की मनमोहक प्रस्तुति की गयी कार्यक्रम के दौरान बारिश हो रही थी फिर भी छात्राओं का मनोबल कमजोर नहीं हुआ। डॉ. यादव ने बताया कि हमारे भारतीय मनीषियों द्वारा स्थापित सूर्य नमस्कार का अभ्यास शरीर को ऊर्जावान बनाने में सहायक है। सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शरीर मन आत्मा तीनों का विकास होता है, सूर्य नमस्कार एक ऐसा शक्तिशाली अभ्यास है जो शरीर की चेतन को विकसित करता है मन को स्थिर करने और आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रेरित करता है।

### इन्होंने लिया हिस्सा

- कार्यक्रम में विभाग की छात्राएं अंकिता गौतम, रुचि धवन, मोनिका सिंह, संजना, सुप्रिया सिंह, नम्रता मिश्रा, आकांक्षा सिंह, प्राची सिंह, पलक मिश्रा, योगिता मिश्रा, अर्चना सिंह, अंशु कनौजिया,पूनम सिंह, आशुतोष सिंह, नव्या मिश्रा, दिव्यांशी, दिव्या कुमारी, शौर्या सिंह, यशस्वी सिंह, रागिनी तथा ऋषिकेश पासवान ने प्रतिभाग किया।

# वास्तुकला और नवाचार की इंटीग्रल विश्वविद्यालय में धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विश्वविद्यालय में सीओए थीसिस अवार्ड का उद्घाटन

**अमृत विचार:** इंटीग्रल विश्वविद्यालय में नवाचार और वास्तुकला को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है। इस दौरान काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (सीओए) थीसिस अवार्ड 2025 जोन 1 का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थापक एवं चांसलर प्रो. सैयद वसीम अख्तर और मैडम चांसलर प्रो. अजरा वसीम ने किया। साथ ही प्रोचांसलर डॉ. सैयद नदीम अख्तर, अतिरिक्त प्रो-चांसलर सैयद अदनान अख्तर एवं सैयद मोहम्मद फौजान अख्तर, कुलपति प्रो. जावेद मुसर्रत, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) मोहम्मद हारिस सिद्दीकी और वास्तुकला, योजना और डिजाइन संकाय की डीन प्रो. जेबा निसार सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

उद्घाटन समारोह में प्रमुख वास्तुकार और शिक्षाविदों जैसे विशाल माथुर, प्रशांत पाल सिंह (लखनऊ आर्किटेक्ट्स असोसिएशन), संदीप सरस्वत (आईआईए), सुनील श्रीवास्तव (प्राचार्य, आईटीएम), देवेश मणि त्रिपाठी, गौरव गुप्ता और प्रसंजित सान्याल भी उपस्थित थे। उन्होंने सीओए थीसिस अवार्ड की सराहना की, जो युवा वास्तुकला प्रतिभा को संवारने और प्रदर्शित करने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान उत्तर भारत के विभिन्न छात्रों के बेहतरीन थीसिस कार्यों की प्रदर्शनी का भी शुभारंभ हुआ। जिसमें स्थिरता, शहरी लचीलापन, जीवनयोग्यता और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे आधुनिक विषयों पर काम को प्रदर्शित किया गया। साथ ही जेके एवाईए बेस्ट आर्किटेक्चर स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2025 पुरस्कार की घोषणा भी की गई।

### गोद लिए विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम

- **अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में दशम दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के विद्यालयों में कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के लिए चित्रकला, गायन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. नलिनी मिश्रा, सांस्कृतिक समिति की अध्यक्षा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अल्वेरा (एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर), डॉ. रामदास तथा सह-संयोजक आस्था सिंह, विभा सिंह, धीरेंद्र सिंह, डॉ. माधुरी चौहान और शिवांशी त्रिपाठी ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए आयोजन को सफल बनाया।

## काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करेंगे शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ:** विगत दो माह से आफलाइन स्थानांतरण सूची जारी होने का इंतजार कर रहे प्रदेश के करीब डेढ़ हजार शिक्षकों का धैर्य जबाव देने लगा है। जिसके विरोध में शिक्षक 5 सितंबर को विधान भवन का घेराव करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने बताया कि विभाग के ढुलमुल रवैए एवं अधिकरियों तथा विभागीय मंत्री द्वारा दिये जा रहे आश्वासनों से शिक्षकों का आक्रोश है। जिसके विरोध में 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर विधान भवन के सामने काले कपड़े पहनकर प्रदर्शन करेंगे।

## सिटी डायरी

### स्मार्ट डस्टबिन खुद ही बता देगा कूड़ा उठा लो



एकेटीयू में छात्रों के मॉडल को देखते विशेषज्ञ।

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकेटीयू में सोमवार को छात्रों के नवाचार की प्रदर्शनी विवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग और एरा फाउंडेशन की ओर से कलाम प्रगति के तहत लगाई गई। इसके लिए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में एक महीने के इस इंटर्नशिप में रैपिड प्रोटोटाइपिंग एंड डिजाइन थिंकिंग एवं ऑटोनोमस थिंकिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इंटर्नशिप के दौरान बीटेक छात्रों के एक दल ने स्मार्ट डस्टबिन बनाया है। अल्ट्रासोनिक सेंसर के प्रयोग से बनाया गया यह डस्टबिन 70 प्रतिशत कूड़ा भरने पर उसे उठाने वाले कर्मचारी को संदेश भेज देगा। यदि डस्टबिन 85 प्रतिशत कूड़े से भर जाती है तो कूड़ा उठाने वाले कर्मचारी के ऊपर के अधिकारी को संदेश चला जाएगा। यही नहीं कूड़ा खाली होने पर यह डस्टबिन खुद को सेनेटाइज भी कर लेगा।





कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी। अमृत विचार

### युवाओं के कौशल विकास पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप की अध्यक्षता मिशन निदेशक पुलकित खरे ने की। मिशन निदेशक ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रशिक्षणार्थियों के लिए सार्थक और टिकाऊ रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना ही मिशन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स को मजबूती दी जाएगी और केवल सेक्टर स्किल काउंसिल द्वारा प्रमाणित ट्रेनर ही प्रशिक्षण देने के पात्र होंगे। इस अवसर पर अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ें।



प्रतियोगिता में गायन व वादन प्रस्तुत करते छात्र।

### गायन प्रतियोगिता आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्री-कॉन्वोकेशन वीक के अंतर्गत वाणिज्य विभाग द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत वाद्ययंत्र प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद्ययंत्र प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान अंशिका, द्वितीय स्थान अरंदम एवं विशाल सिंह (संयुक्त रूप से) तथा तृतीय स्थान शुभम कुमार ने प्राप्त किया। इसी प्रकार, गायन प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के कुल 45 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के रूप में वाद्ययंत्र प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. राम मिलन, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव एवं प्रो. गीतिका टी. कपूर द्वारा किया गया।



दीक्षांत समारोह की तैयारी के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का मनमोहक दृश्य।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में 1 से 7 सितम्बर तक आयोजित 68वां दीक्षांत सप्ताह मालवीय सभागार में विविध सांस्कृतिक और अकादमिक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की संरक्षक रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना, जबकि स्वागत उद्बोधन निदेशक, सांस्कृतिकी प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया।

**सराहनीय** | मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए की घोषणा

# प्रतिभा सेतु योजना का छात्र-छात्राओं ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रतिभा सेतु से कम अंकों से चूके सिविल सेवा के छात्रों को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार:** भारतीय प्रशासनिक सेवा समेत संघ और राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर साक्षात्कार देने वाले अभ्यर्थियों के लिए खुशखबरी है। ऐसे छात्र जो मामूली अंकों से अंतिम चयन सूची से बाहर हो जाते हैं ऐसे छात्रों के लिए केंद्र सरकार प्रतिभा सेतु पोर्टल बनाने जा रही है। इस पोर्टल पर ऐसे छात्रों का डाटा, उनके अंक और विशेषज्ञता से संबंधित जानकारियां होगी। इन छात्रों के ज्ञान और अनुभव का फायदा उठाने के लिए देशी-विदेशी कंपनियों को प्रेरित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम मन की बात में यह बात कही तो सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

आमतौर पर 30-32 वर्ष तक संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देने के बाद अभ्यर्थी जब असफल होता है तो राज्य लोक सेवा आयोग से उम्मीद लगा लेता है। लेकिन 35-40 उम्र सीमा तक परीक्षा देने के बाद भी जब वह असफल होता है जो अन्य विकल्प भी सीमित हो चुके होते है। निजी क्षेत्र भी अधिक उम्र होने के कारण उनके लिए दरवाजा बंद कर लेता है। ऐसे में प्रधानमंत्री की इस पहल से छात्रों में खुशी का वातावरण है और सभी ने इसका स्वागत किया है।



प्रधानमंत्री ने सच्चाई का अनुभव किया है। लंबे समय तक पढ़ाई करने और तैयारी के बाद असफल होने का जितना भय मन में नहीं रहता उससे अधिक भय इस बात का रहता है कि आखिर करेंगे क्या। **-रश्मि मिश्रा, अभ्यर्थी**



प्रतिभा सेतु एप का स्वागत है। हम लोग खुश है और एक आत्मविश्वास मन में आया है कि किसी कारण से चूक गए तो इस पोर्टल और एप के माध्यम से हमें अन्य क्षेत्रों में जाने का अवसर मिलेगा। **-स्वीटी सिंह, प्रतियोगी छात्रा**



मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उन छात्रों के रोजगार की बात कही जो मामूली अंकों से सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होने से वंचित हो जाते हैं। ऐसे छात्रों का डाटा प्रतिभा सेतु पोर्टल से काफी लाभ होगा। **-राहुल श्रीवास्वत, अभ्यर्थी**



अब तैयारी करने में एक निश्चिंतता रहेगी। यह कार्य और पहले हो जाना चाहिए। सिविल सेवा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी को विविध क्षेत्रों की जानकारी रहती है, भले ही वह सफल हुआ हो या न हुआ हो। उसका लाभ अन्य क्षेत्रों में मिलता है तो स्वागत है। हम अपने पीएम को धन्यवाद करते हैं। **-सुजाता सिंह, अभ्यर्थी**

# मुठभेड़ में अजीत हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## गंगाघाट पुलिस व एसओजी की संयुक्त कार्रवाई

शिकंजा

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में हुए मासूम अजीत हत्याकांड के मुख्य आरोपी अशोक निषाद को पुलिस ने सोमवार सुबह मुठभेड़ में गिरफ्तार करने का दावा किया है। लखापुर पंचायत भवन के आगे जंगलों में दबिश के दौरान पुलिस व आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अशोक के पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।



घायल को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

बता दें कि बीती रविवार रात गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत गगनीखेड़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने जमकर फायरिंग की थी। इस घटना में सोनू निषाद के 10 वर्षीय बेटे अजीत की गोली लगने से मौत हो गई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अशोक निषाद, उसके भाई विनोद, भांजे सूरज, लल्लू, अमित, सुरेश आदि के खिलाफ हत्या व जानलेवा हमले की धाराओं में केस दर्ज किया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार थे।

सोमवार सुबह गंगाघाट पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने लखापुर जंगलों में दबिश दी। पुलिस को देखते ही अशोक ने बचने के लिए फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया और पकड़ा गया। पुलिस ने उसके पास एक तमंचा, एक कारतूस व एक चैम्बर में फंसा खोखा बरामद किया है। एएसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि हत्याकांड का मुख्य आरोपी अशोक मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# 7 को दोपहर 12 बजे तक होंगे राम मंदिर में दर्शन

धर्म संस्कृति

- पितृपक्ष शुरू होने के साथ चंद्र ग्रहण काल भी लग रहा, सूतक के दौरान मंदिर के पट भी रहेंगे बंद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** पितृपक्ष सात सितंबर को प्रारंभ हो रहा है। इस के साथ चंद्र ग्रहण काल भी लग रहा है। रात्रि 9:57 से रात्रि 1:27 तक ग्रहण रहेगा। इसके नौ घंटे पहले सूतक काल होगा जो दोपहर 12:57 मिनट पर लग रहा है। इसके पहले पिंडदान व अन्य सभी कर्मकांड को पूरा करना होगा। सूतक के दौरान सभी कार्य अशुभ माने जाते हैंए इसलिए कोई भी पिंडदान, कर्मकांड व तर्पण का कार्यक्रम नहीं संपन्न होंगे। वहीं दूसरी और सूतक के दौरान मंदिर के पट भी बंद रहेंगे।

रामनगरी अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सात सितंबर के दिन में पांच घंटे ही राम मंदिर में रामलला के दर्शन का मौका मिलेगा। सुबह 6:30 पर मंदिर खुलने के बाद दोपहर 12 बजे पट बंद कर दिया जाएगा। वही कनक भवन मंदिर 11 बजे और हनुमानगढ़ी दोपहर 12:30 बजे बंद हो जाएगा। अन्य मंदिर भी सूतक के दौरान बंद रहेंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रवीन शर्मा के मुताबिक भारत में लगने वाला यह पहला चंद्र ग्रहण है। सूतक काल के दौरान सभी शुभ कार्य बंद कर दिए जाते हैं। मंदिरों में भी दर्शन बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 9:57 पर स्पर्शकाल प्रारंभ होगा, 11:41 पर मध्यकाल और 1:27 पर मोक्षकाल रहेगा। इस दौरान पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए।



गर्भ गृह में विराजमान रामलला।

# प्रदर्शनकारी एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बिना मान्यता एलएलबी की पढ़ाई कराने का आरोप लगाते हुए गदिया स्थित श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। पुलिस चौकी में भी तोड़फोड़ की, इसके बाद इन्हें सड़क पर दौड़ाकर पीटा गया। लाठीचार्ज से गंभीर रूप से घायल करीब एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि पुलिस ने लाठीचार्ज से इंकार किया, कहा कि प्रदर्शनकारी यूनिवर्सिटी के गार्ड से भिड़ रहे थे, इसलिए दोनों को अलग कराया गया।

बताते चलें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गदिया पुलिस चौकी स्थित श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के एलएलबी के छात्र कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इनका कहना है कि कॉलेज बिना मान्यता के एलएलबी की पढ़ाई कराता रहा और इसकी आड़ में अवैध वसूली की, जबकि यूनिवर्सिटी के पास एलएलबी की मान्यता ही नहीं है। इससे तमाम छात्रों का भविष्य अधर में हो गया है। सोमवार को भी यूनिवर्सिटी के बाहर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी एकत्र हुए और इनके समर्थन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र बाजपेई, प्रांत सह मंत्री अभिषेक बाजपेई के अलावा वैष्णवी सिंह, देवेन्द्र सिंह, सलामुद्दीन, अभयराम त्रिपाठी, योगेश सिंह, कामिल, विशाल, अभय शुक्ला, कार्तिकेय, आदर्श पांडेय आदि कार्यकर्ता भी जुटे। गेट के बाहर हंगामा व नारेबाजी के बीच प्रदर्शनकारी कॉलेज के भीतर दाखिल हो गए, प्रदर्शन उग्र होते देख मौके पर मौजूद पुलिस ने इन्हें बाहर खदेड़ा, इसी बीच कालेज के गार्ड को किसी ने पीट दिया। वहीं निकट की पुलिस चौकी का शीशा भी तोड़ दिया गया। पुलिस बल ने लाठीचार्ज कर दिया। परिषद के विभाग संगठन मंत्री आकाश शुक्ल ने बताया कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिससे घायल एक दर्जन कार्यकर्ताओं को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान यूनिवर्सिटी के गार्ड से छात्रों की हाथापाई हो गई थी। पुलिस ने दोनों को सिर्फ अलग करा दिया। बाकी मौके पर शांति है।



अभाविप के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं पर लाठियां भांजते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

> कुछ लोगों द्वारा छात्रों में भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि बार काउन्सिल ऑफ इंडिया से एलएलबी कोर्स को अनुमोदन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि सत्र 2022–23 का अनुमोदन दस्तावेज बीसीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 2027 तक का शुल्क भी जमा कर दिया गया है। रजिस्ट्रार ने आश्वासन दिया कि किसी भी छात्र को भविष्य में डिग्री की वैधता को लेकर कोई समस्या नहीं होगी और विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।
> –नीरजा जिंदल, रजिस्ट्रार

## टैक्स चोरी करने वालों पर होगी सख्ती

**लखनऊ :** जाली दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करने वाले और कागजी कारोबार दिखाकर टैक्स चोरी करने वालों पर सरकार सख्ती दिखाने जा रही है। जीएसटी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि फर्जी आईटीसी क्लेम को बेचने और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। राज्य कर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, हाल में पकड़ी गईं कई फर्मों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त किया और कागजी कारोबार दिखाकर टैक्स चोरी की। ऐसी फर्में न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि जीएसटी प्रणाली की विश्वसनीयता को भी कमजोर करती हैं।

# सरयू पर 273 करोड़ से बनेगा 1 किमी लंबा सेतु

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को एक और बड़ी सौगात दी है। सरयू नदी पर एक किलोमीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा सेतु बनाया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 273 करोड़ रुपये बताई जा रही है। हाल ही में विधायक दल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति दी है। यह सेतु लता चौक से नया घाट और कटरा को जोड़ेगा। जिससे अयोध्या और गोंडा के बीच आवागमन और सुगम हो जाएगा।

पुराने सेतु के समानांतर बनने वाला यह नया पुल अयोध्या के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। पुराने सेतु पर बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने के लिए इस नए पुल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह सेतु न केवल अयोध्या और गोंडा के बीच की दूरी को कम करेगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस परियोजना से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि अयोध्या की आर्थिक समृद्धि में भी योगदान मिलेगा। सेतु निगम के उप प्रबंधक रोहित अग्रवाल ने बताया कि यह सेतु न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि अयोध्या की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है। अन्य कार्य पूर्ण कर काम शुरू कराया जाएगा।

# दारोगा की रिवॉल्वर लेकर भागा दुष्कर्म का आरोपी, एनकाउंटर में पैर में लगी गोली

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना कैंट अंतर्गत एक गांव में युवती की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जब आरोपी को लेकर मृतका का मोबाइल व अन्य सामान बरामद करने घटनास्थल के पास गई तो आरोपी ने एक दारोगा की रिवॉल्वर छीनकर भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी व घायल हो गया। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसका मृतका से प्रेम संबंध था।जब उसने शादी का दबाव बनाया तो उसने मना कर दिया। इसीलिए उसने उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दी।

पुलिस लाइंस सभागार में सोमवार को एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर ने इसका खुलासा करते हुए बताया कि 18 वर्षीय युवती की हत्या के मामले में पुलिस व सर्विलांस सेल की टीम ने जब मृतका के मोबाइल नंबर की सीडीआर खंगाली तो उसमें अंतिम कॉल थाना कैंट के मऊ यदुवंशपुर के दीपापुर निवासी राजू यादव की मिली। कॉल के अनुसार वारदात की रात करीब एक बजे तक दोनों में बात हुई थी। तथ्यों के आधार पर पुलिस ने सोमवार सुबह आरोपी राजू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल किया, बताया कि उसने मृतका का मोबाइल घटनास्थल से कुछ दूर पर ईंट के ढेर में छुपा दिया है। सुबह करीब 10:15 बजे पुलिस उसे मोबाइल व अन्य सामान बरामद करने के लिए ले गई। इस दौरान आरोपी ने एक दारोगा का रिवॉल्वर छीन लिया और भागने लगा।



पैर में गोली लगने के बाद आरोपी को टांगकर लाते पुलिसकर्मी।

## एक बीज केंद्र को नोटिस, एक की मशीन बंद मिली

**बाराबंकी** : जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने बताया कि सोमवार को जीएसएफसी यूरिया व इफको एनपीके की दो रैक (कुल 2648 मी. टन) जनपद में उपलब्ध होने की संभावना है। 69 समितियों के माध्यम से यूरिया वितरण किया जाएगा। कृषि अधिकारी द्वारा 6 उर्वरक व बीज बिक्री केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। एक प्रतिष्ठान बंद मिला, जिसे नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा एक केंद्र पर पीओएस मशीन बंद पाई गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो0–9696715133

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मै **पुष्पेन्द्र कुमार सिंह निवासी 552 बरावन कला, नियर लक्ष्मी हॉस्पिटल लखनऊ** घोषणा करता हूँ कि मेरा बेटा कुशाग्र सिंह राठौर कक्षा–9–ब का छात्र है उसके रिकार्ड में मेरा नाम पी0 के0 सिंह राठौर और मेरी पत्नी का नाम प्रियंका सिंह राठौर लिख गया है जबकि मेरा व मेरी पत्नी का सही नाम पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, प्रियंका सिंह है सभी रिकार्ड और उद्देश्यों के लिए।

**NOTICE**

I hitherto known as RAHUL S/o VALLI R/o Bhatiyapur, Bangarmau Surseni, Unnao, Sursaini Uttar Pradesh - 241501 have changed my name and shall hereafter be known as MOHD ISLAM, I have changed my name not my religion.

**NOTICE**

I hither to known as BABLU S/O. JAGDISH KASHYAP R/O. 555KHA/365, Bhola Kheda, Chandeshwer Mandir Krishna Nagar, Manas Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh -226023 have changed my name and shall hereafter be known as RAJESH KUMAR KASHYAP.

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने बड़े पुत्र अनीस व मझले पुत्र मो0 रईस को उनके मेरे परिवार के प्रति खराब आचरण व गलत व्यवहार के कारण अपने दोनों पुत्रों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि उन दोनों के पर कोई भी कानूनी कार्रवाई होती है तो उसके जिम्मेदार मेरा बडा पुत्र अनीस व मझला पुत्र मो0 रईस जिम्मेदार होगे और आज के बाद उनका मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **मो0 रफी पुत्र मो0 अलादीन निवासी फिरोजपुर, मलिहाबाद, जनपद–लखनऊ**

**सूचना**

"मैं **रामदास पुत्र राम रतन, निवासी हीरापुर, औरंगाबाद, लखनऊ, उ0प्र0–261403,** यह बयान करता हूँ कि मैंने अपने पुत्र विमलेश कुमार व पुत्रवधू मोहनी यादव निवासीगण– ग्राम राम नगर, पोस्ट– जसरथपुर, मिश्रिख, सीतापुर, उ0प्र0, को उनके आचरण व चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया अपने समस्त कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिसमें मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

# उदय बोरवणकर ने संभाला महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** आरडीएसओ महानिदेशक उदय बोरवणकर ने 01 सितम्बर को पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त पदभार ग्रहण कर लिया।

पदभार ग्रहण के उपरान्त महाप्रबंधक बोरवणकर ने मण्डल रेल प्रबंधक/लखनऊ गौरव अग्रवाल के साथ गोमती नगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने गोमतीनगर स्टेशन पर नॉर्थ एवं साउथ टर्मिनल भवनों, वाणिज्यिक ब्लॉक, फ्लाईओवर, और एयर कॉनकोर्स के विकास कार्यो का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने स्टेशन के ले-आउट प्लान तथा प्रथम और द्वितीय प्रवेश द्वार पर चल रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यों का अवलोकन किया। रेल भूमि विकास प्राधिकरण आरएलडीए के मुख्य परियोजना प्रबन्धक पावस यादव ने गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यों की प्रगति से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया।

इसके उपरान्त महाप्रबंधक बोरवणकर ने गोमती नगर लखनऊ-गोरखपुर रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने स्टेशन पर किये जा रहे पुनर्विकास कार्य का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन के पुनर्विकास का ले-आउट प्लान का अवलोकन किया तथा प्रथम फेज में किये जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्म नं. 01 का निरीक्षण किया उन्होंने महाप्रबंधक सभागार में अपर महाप्रबंधक तथा सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की तथा उचित दिशा निर्देश दिये। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बहराइच**

पत्रांक:– एस0एस0ए0/ के0जी0बी0वी0 / 4691– 94 / 2025–26 दिनांक – 01/09/25

**विज्ञप्ति**

जनपद के को–लोकेटेड आंगनवाड़ी विद्यालयों में 140 ई0सी0सी0ई0 एजुकेटर उपलब्ध कराये जाने हेतु सेवा प्रदाता फर्म का चयन जेम पोर्टल के माध्यम से किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर बिड सं0–GEM/2025/B/6632205 निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त बिड में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 11.09.2025 समय 05: 00 बजे तक है एवं उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय तजवापुर एवं विशेश्वरगंज में बेडिंग से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर बिड सं0–GEM/2025/B/6632489 निविदा आमंत्रित की गयी है । उक्त बिड में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 11.09.2025 समय 05: 00 बजे तक है व कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में ओपन जिम से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल पर बिड सं0 – GEM/2025/B/6632403 निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त बिड में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 11.09.2025 समय 05:00 बजे तक है तथा जनपद के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में लोक संगीत वाद्ययंत्र से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति जेम पोर्टल के माध्यम से आपूर्ति किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर बिड सं0– GEM/2025/B/6632320 निविदा आमंत्रित की गयी है । उक्त बिड में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 11.09.2025 समय 05:00 बजे तक है।

निविदा में प्रतिभाग करने हेतु समस्त नियम एवं शर्ते बिड में अपलोड है, जिसमें इच्छुक फर्मो निविदा में प्रतिभाग कर सकती है।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बहराइच।**

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने घेरा कांग्रेस कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बिहार चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा मंच से की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर पूरे देश में भाजपा विरोध प्रदर्शन जारी है। सोमवार को नगर पालिका में भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता भारी संख्या में विरोध प्रदर्शन के लिए जुटी। हाथों में बैनर लिए भाजपाइयों ने जुलूस निकालकर छाया चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मां के सम्मान भाजपा मैदान में,मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगाते हुए महिला मोर्चा की सदस्याओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, डॉक्टर रामकुमारी मौर्य,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी, संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई,नीता अवस्थी, गुंजन शर्मा, किरण तिवारी मौजूद रहे।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | स्व. शशीकला | भूखण्ड सं.–डी 1/162 | विभव खण्ड गोमती नगर | 06.02.2024 | श्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा | रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार | पुत्र |
| 2 | श्री चन्द्र प्रकाश दूबे | भवन सं.एम.एम.–418 सेक्टर डी–1 | कानपुर रोड योजना | 12.08.2011 | श्री सौरभ दूबे | – | मृतक का पुत्र |
| 3 | स्व. नागेन्द्र प्रसाद सिंह | भूखण्ड सं.–1/95 | विराज खण्ड गोमती नगर | 24.07.2017 | 1. श्री नितिन कुमार 2. श्री मनोज कुमार 3. श्री राजीव कुमार 4. श्रीमती मनोरमा देवी 5. श्रीमती रीता देवी 6. श्रीमती पूनम कुमारी | – | पुत्र, पुत्र पुत्र, पत्नी, पुत्री, पुत्री |
| 4 | स्व. रामप्यारी पत्नी स्व. सरदार लाभ सिंह, तीरथ सिंह पुत्र स्व. सरदार लाभ सिंह एवं स्व. रामप्यारी | भूखण्ड सं.–239 | बशीरतगंज योजना | 28.12.2019 | श्री आलोक गुप्ता पुत्र स्व. ओम प्रकाश गुप्ता | मा. निहित न्यायालय द्वारा जारी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र दिनांक 10.02.2021 के आधार पर | – |
| 5 | स्व. कमला देवी | भूखण्ड संख्या– सी–67 सेक्टर –ए | महानगर गृह योजना | 18.01.1986 | श्रीमती शोभा कुमार – पुत्री, श्री हरीश चन्द्रा – पुत्र, श्री रमेश चन्द्र श्रीवास्तव – पुत्र, श्री प्रमोद चन्द्रा – पुत्र, श्रीमती रवि प्रकाश – पुत्री, श्रीमती इन्दू सिन्हा – पुत्री पुत्र स्व. कमला देवी पत्नी स्व. सरजू प्रसाद | – | पुत्री/पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

**कार्यालय जिला कलेक्टर, अयोध्या।**

संख्या 484 /वि0भू0अ0अ0/2025 दिनांक 27 /08/2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अयोध्या में वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना के निर्माण में प्रभावित तहसील सोहावल के ग्राम फिरोजपुर उपरहार की कुल 3.7098हे0 भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित भूमि के अर्जन से पूर्व भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 की धारा–4 के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट व सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना नामित एजेन्सी मे0 अग्रिमा डी–152, वेस्ट विनोद नगर, दिल्ली 110092 द्वारा तैयार की गई है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 की धारा–5 तथा भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली–2016 के नियम–7 के अन्तर्गत उपरोक्तानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण (Social Impact Assessment) रिपोर्ट व सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना पर जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 25.08.2025 के अन्तर्गत निम्नांकित अधिकारी द्वारा नियत स्थान, दिनांक व समय पर लोक सुनवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | लोक सुनवाई हेतु नामित अधिकारी का नाम पदनाम | ग्राम का नाम | लोक सुनवाई का स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सुश्री सविता देवी उप जिलाधिकारी, सोहावल | फिरोजपुर उपरहार | तहसील कार्यालय सोहावल का सभागार | 03.09.2025 | पूर्वान्ह 11:00 बजे |

उपरोक्तानुसार अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सामाजिक समाघात आकलन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना पर यदि कोई आपत्ति/सुझाव है, तो वह इसे नियत तिथि/समय व स्थान पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

UP – 237375 **दिनांक:** 01/09/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(अरूण मणि तिवारी)
अपर जिलाधिकारी (भू0अ0),
अयोध्या।



जिस देश में मनुष्यों का चरित्र ऊंचा नहीं है, वह देश कभी उन्नति नहीं कर सकता।
–बंकिम चंद्र चटोपाध्याय, उपन्यासकार

# ड्रैगन और हाथी का साथ

प्रधानमंत्री की कूटनीतिक कुशलता ने उनकी चीन-यात्रा को सफल और यादगार बना दिया। अपने संबोधनों और कूटनीतिक बैठकों के माध्यम से उन्होंने न केवल मेजबान चीन, बल्कि अमेरिका, पाकिस्तान, रूस और अमेरिका से अंदरूनी तौर पर असंतुष्ट यूरोपीय देशों को भी अलग-अलग, दूरगामी संदेश दिए। पुतिन और शी जिनपिंग के साथ वार्ता-निमग्न तस्वीर ने जहां अमेरिका की चिंता बढ़ाई होगी, वहीं प्रधानमंत्री का यह दो-टूक कहना कि आतंकवाद पर दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं है, आतंक के अपराधियों, आयोजकों और समर्थन देने वालों को सजा मिलनी चाहिए, पाकिस्तान के प्रति चीन के समर्थन के संदर्भ में भी एक परोक्ष संकेत था। नवाज शरीफ की मौजूदगी में ही संगठन से पहलगाम हमले की निंदा करवा लेना बड़ी कूटनीतिक जीत है। याद रहे, पिछली बार जून में हुई शंघाई सहयोग संगठन की मंत्रिस्तरीय बैठक में इस निंदा का उल्लेख न होने पर भारत ने घोषणापत्र पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया था, जिसे पाकिस्तानी कूटनीति ने अपनी जीत बताया था, मगर इस बार प्रधानमंत्री की रणनीति ने पासा पलट दिया।


प्रधानमंत्री ने इन कूटनीतिक पहलों से ट्रंप को साफ संदेश दे दिया है कि भारत पर उनकी मनमानी नहीं चलेगी, यदि अमेरिका शत्रुतापूर्ण रुख रखेगा, तो भारत के पास कई विकल्प मौजूद हैं। उनका यह कहना कि भारत-चीन संबंधों को 'तीसरे देश के चश्मे' से नहीं देखा जाना चाहिए, रूस और अन्य देशों के लिए भी स्पष्ट संकेत था। सम्मेलन में वे रूस, चीन के अलावा अन्य 15 देशों के राष्ट्राध्यक्षों से भी मिले और द्विपक्षीय रिश्तों के लाभ रेखांकित किए। इस बड़े राजनीतिक मंच ने दुनिया के तमाम देशों में यह धारणा भी सुदृढ़ की है कि समूची दुनिया अमेरिका की मनमानी धुन पर बेबस होकर नहीं नाचती। विश्व की आबादी का एक बड़ा हिस्सा उसे सर्वशक्तिमान मानने को बाध्य नहीं है। दुनिया के छोटे देश भी साहस के साथ अपनी संप्रभुता की रक्षा कर सकते हैं।

यह सफल मुलाकात अमेरिका के लिए रणनीतिक झटका है, जहां अमेरिका अपने मित्रों और प्रतिद्वंद्वियों दोनों के साथ व्यापार-युद्धों में उलझा है, वहीं चीन, तुर्की, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी अर्थव्यवस्थाओं के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाकर वैश्विक नेतृत्व में अपनी स्थिति सुदृढ़ कर रहा है। चीन की बढ़ती आर्थिक व सैन्य शक्ति के विरुद्ध एक प्रखर प्रतिरोध के रूप में भारत को खड़ा करने के उद्देश्य से अमेरिका लंबे समय से भारत के साथ बेहतर संबंधों का प्रयास करता रहा, पर ट्रंप की अकुशल, अर्थ-लोलुप राजनीति ने भारत को बीजिंग के करीब कर दिया। भविष्य में यह दुनिया का बड़ा कूटनीतिक गठजोड़ सिद्ध हो सकता है। अब तक वैश्विक निगाहें मुख्यतः चीन–अमेरिका संबंधों पर टिकी रहती थीं, ऐसी स्थिति में चीन–भारत समीकरण केंद्र में होगा। सर्वाधिक आबादी और बड़े बाजार वाले दोनों देश सहयोग करें, तो तकरीबन तीन अरब लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा सकते हैं। चीन की आर्थिक शक्ति और तकनीकी बढ़त, भारत के सस्ते और दक्ष श्रम से जुड़ कर औद्योगिक क्रांति ला सकते हैं। अपेक्षा है कि चीन और भारत प्रतिद्वंद्वी नहीं, सहयोगी और साझेदार बनें और मतभेदों को विवादों में न बदलें।

## प्रसंगवश

# रामायण काल से बाबूगढ़ तक भारत में अश्व

सेंट्रल एशियाई मानव और अश्व जींस के माइग्रेशन पैटर्न के बारे में जो जानकारी उपलब्ध है, उससे तय हुआ है कि भारत में घोड़े का आगमन ब्रोंज एज अथवा कांस्य धातु युग में हुआ। घोड़े के बारे में भारत में पहले विवरण रामायण काल से मिलते हैं, जब श्रीराम ने चक्रवर्ती सम्राट की उपाधि धारण करने के लिए यज्ञ के लिए एक घोड़ा पूरे उत्तर भारत में घुमाया था। बाद के पुरासाक्ष्य भी यमुना किनारे सनौली से पहली बार मिले। यह महाभारत कालीन साक्ष्य हैं। भारतीय लोग घोड़े को रथ में जोतते थे, लेकिन इसकी पीठ पर सवारी करने का प्रचलन बहुत बाद में हुआ। घोड़े को काबू करने के लिए लगाम और काठी बहुत दिनों तक बनाने की बात हम शायद सोच ही नहीं पाए थे। घोड़ा, भारतीय उपमहाद्वीप का मूल निवासी नहीं है। यह उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों, अरब, मध्य एशिया और यूरेशिया से आयातित सबसे मूल्यवान पशु रहा है।



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

साइंस जर्नल के 9 मई 2018 के अंक में 48 शोधकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित पेपर 'द फर्स्ट हॉर्स हर्डर्स एंड द इंपैक्ट ऑफ अर्ली ब्रौंज एड स्टेप एक्सपेंशंस इनटू एशिया' में दी गई जानकारी के अनुसार मध्य एशिया के स्टेप्स के मैदानों में घोड़े, घोड़े को पालतू बनाकर साधने और इसका उपयोग करने के बारे में है, जिसका प्रसार भारत की ओर 3300 ईसा पूर्व अर्थात आज से 5300 वर्ष पूर्व होने का संकेत मिलता है।

आम तौर मध्य एशिया के घास के विशाल मैदानों में जो हुआ, उसकी एक परिकल्पना के अनुसार, यूरोप और एशिया दोनों में इंडो-यूरोपीय भाषाओं का प्रसार प्रारंभिक कांस्य युग के यामनया चरवाहों के पोंटिक-कैस्पियन मैदानों से प्रवास के साथ हुआ। यामनया रूसी शब्द है, जिसका अर्थ है गड्ढा। रूसी पुराविद वैसिली गोरोद्स्तोव ने सन् 1901-1903 के बीच दोनेत्स नदी के किनारे उत्खनन किया और एक प्रारंभिक सभ्य नगर की खोज यहां हुई। माना जाता है कि घोड़ों के पालन-पोषण के कारण इस क्षेत्र के लोगों का विकास संभव हुआ। बाद में तुर्क और तातार ने घोड़ों का इस्तेमाल युद्ध के लिए खूब किया। मंगोलियाई लड़ाकों ने घुड़सवार सेना के बल पर ही उत्तरी चीन में अपने साम्राज्य की स्थापना की थी। चंगेज खां ने घुड़सवार लड़ाकों की सेना का इस्तेमाल करते हुए अपने साम्राज्य का प्रसार पूरे सेंट्रल एशिया और पूर्वी यूरोप में किया। अश्वपालन का सबसे पहला सुरक्षित प्रमाण मध्य एशिया की बोटाई संस्कृति से मिलता है।

ईसा से तीन सदी पूर्व अर्थात मौर्य काल में ही शालिहोत्र ने शालिहोत्र संहिता की रचना कर ली थी। इसमें 12000 श्लोक संस्कृत भाषा में हैं और विश्व में अश्वों से संबंधित यह शायद प्रथम ग्रंथ है। शालिहोत्र, श्रावस्ती के निवासी थे, जो अब उत्तर प्रदेश में गोंडा और बहराइच के निकट है। प्राचीन काल से ही भारतीय राजकुल अश्वारोही सेना रखते थे। साक्ष्य हैं कि प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति तक भी सेना में अश्व का बड़ा उपयोग हुआ था। भारत में अंग्रेजों ने अपना शासन कायम करने के लिए एक सुदृढ़ कैवेलरी की स्थापना की थी। 1825 में स्थापित बाबूगढ़ स्टड फार्म में अश्वों को रखने के लिए ईंटों से जो बैरक बनाई गई थीं, वे अभी कायम हैं और एशिया में इन्हें सबसे अधिक लंबाई वाला माना जाता है। सर्वाधिक पुरानी बैरक की लंबाई 500 गज है। प्रसंगवश कहें तो इस समय विश्व में किसी के पास विशुद्ध अरबी घोड़ा नहीं है। अरबी नस्ल से तैयार थोरोब्रेड सर्वश्रेष्ठ घोड़े इस समय सिर्फ ग्रेट ब्रिटेन के शाही परिवार के निजी स्टड में ही हैं।

# टैरिफ के पीछे की मंशा और भारत की रणनीति





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

आज के अर्थ प्रधान युग में द्विपक्षीय व्यापारिक गतिविधियों की भूमिका हमेशा ही अहम रही है। आपसी व्यापार करने वाले देशों का आर्थिक तंत्र तो इससे मजबूत होता ही है। सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ आमजन के जीवन स्तर में भी आशातीत सुधार होता है। आधारभूत संरचनाओं की दशा परिवर्तित होती है, समृद्धि की गति को सही दिशा मिलने लगती है, लेकिन 'अंतर-देशीय सौदे की कला' की पटकथा लेखन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत के खिलाफ घोषित टैरिफ युद्ध कठघरे में खड़ा होते दिख रहा है।

भारत व ब्राजील के खिलाफ 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का उनका 'मुलतानी दांव' आलोचना की परिधि में आ गया है, क्योंकि अमेरिका के संघीय अपीलीय कोर्ट ने ही ट्रंप के लगाए अधिकांश टैरिफ को अवैध करार दे दिया है। अपीलीय कोर्ट ने 30 अगस्त को 7-4 के बहुमत से सुनाए फैसले में कहा है कि ट्रंप ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत मिली शक्तियों का दुरुपयोग किया है। व्यापारिक साझेदारों पर इस प्रकार का मनमाना टैरिफ लगा देना कतई अनुचित है। ऐसे टैरिफ लगाने का अधिकार सिर्फ अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को ही है, हालांकि अपीलीय कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को सुप्रीम कोर्ट में अपील के लिए 14 अक्टूबर तक का समय दिया है।

अमेरिका से विश्व के कई देशों को शिकायतें भी बहुत हैं। कुछ देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने तो सार्वजनिक मंच पर यह तक कह दिया है कि अमेरिका कई मुद्दों पर 'दोमुंहेपन' की बात करता ही रहता है। व्यापार सदैव साझेदारी का सौदा होता है। एकल फैसले के लिए इसमें कोई स्थान होता ही नहीं। तीव्र संचार और व्यवहारवादी दृष्टिकोण ने आज का वैश्विक बाजार को एक-दूसरे के काफी करीब ला दिया है। अपने को विश्व का स्वयंभू/चौधरी मान बैठे अमेरिका को समझ लेना होगा कि बिन प्रजा, राजा का अस्तित्व होता ही नहीं। किसी एक देश के बिना विश्व बाजार प्रभावित नहीं होता। जान लें, अमेरिका की सबसे बड़ी दिक्कत भारत नहीं, वरन रूस और चीन हैं। अमेरिका का तो यह इतिहास ही रहा है कि अपने तात्कालिक लाभ के लिए कुछ भी कर जाओ। मांग मनवाने के लिए किसी भी स्तर तक गिर जाओ की नीति अपनाता ही रहता है। वह पहले पूरा जोर लगाता है और बाद में दूसरे पक्ष (देश) के झुकने की प्रतीक्षा करता है।

भारत ने उसकी संदर्भित रणनीति/कूटनीति को काफी हद तक समझ भी लिया है। सोया, मक्का, गेहूं, दूध, ऑटो पार्ट्स व अन्य सामानों को भारत के बाजार भेजने की अमेरिकी परिकल्पना फिलहाल भारत की मोदी सरकार में फलीभूत होती तो कदाचित नहीं दिखेगी, क्योंकि जैसे अमेरिका अपने हितों को सदैव ऊपर रखता है, वैसे ही विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनने को अग्रसर भारत भी अपने हितों के लिए कुछ भी करने की हिम्मत रखता है।


अमेरिका को अब जान ही लेना होगा कि बदलता भारत उसके दबाव में तो कतई नहीं आने वाला। यह अलग बात है कि तुनकमिजाज ट्रंप द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ का असर भारत में आंशिक रूप से दिखने लगा है। कपड़ा, चमड़ा, झींगा, हैंडीक्राफ्ट व अन्य उद्योग कमोबेश प्रभावित होते दिख रहे हैं। ट्रंप के टैरिफ वार से निपटने के लिए भारत सरकार ने मुख्य निर्यातक राज्यों अर्थात गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु को श्रम-प्रधान क्षेत्रों में समर्थन देने का फैसला लिया है, जिससे रोजगार पर संभावित असर को रोका जा सके। वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात 437 अरब डालर रहा, जिसमें तीन-चौथाई हिस्सेदारी गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक व उत्तर प्रदेश की रही।

यूएसए, चीन, यूएई, सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया, इराक, सिंगापुर, हांगकांग व दक्षिण कोरिया भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं। वर्ष 2024-25 (वित्त वर्ष) में भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 131.84 बिलियन डालर था, जिसमें भारत का अमेरिका को निर्यात 86.51 बिलियन डॉलर व आयात 45.33 बिलियन डालर था। यूएसए भारत के लिए कच्चे तेल, मशीनरी व रसायनों का एक आयातक है। भारत से यूएसए को किए जाने वाले शीर्ष निर्यातों में आभूषण, वस्त्र, रत्न और फार्मास्यूटिकल्स प्रमुख हैं। रूस से कच्चा तेल खरीदने के भारत के निर्णय से तिलमिलाए ट्रंप को यह भी जानना चाहिए कि यूरोप के अधिकांश देश रूस से प्राकृतिक गैस इत्यादि धड़ल्ले से आयात करते हैं।

रूस से व्यापार करने वाले यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने से ट्रंप गुरेज क्यों कर रहे हैं? भारत व रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2024-25 में 68.7 बिलियन अमेरिकी डालर के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। कुल मिलाकर वैश्विक स्तर पर भारत पेट्रोलियम उत्पादों के दूसरे सबसे बड़े निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर चुका है। विश्व बाजार में भारत की हिस्सेदारी करीब 13 प्रतिशत तक जा पहुंची है। टैरिफ से तात्कालिक प्रभावित सेक्टर्स को राहत के लिए केंद्र सरकार करीब 2250 करोड़ रुपये का पैकेज दे रही है। इससे क्षेत्र आधारित निर्यात संवर्द्धन अभियान को गति मिलेगी। इसके अलावा वैकल्पिक विदेशी बाजारों की तलाश व घरेलू मांग को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार द्वारा युद्धस्तरीय प्रयास किए जा रहे हैं।


> जिस तरह अमेरिका अपने हितों को सदैव ऊपर रखता है, वैसे ही विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनने को अग्रसर भारत भी अपने हितों के लिए कुछ भी करने की हिम्मत रखता है।

## आमने सामने



महादेवपुरा में 'वोट चोरी' के रूप में एटम बम के बाद, हम जल्द ही हाइड्रोजन बम लाएंगे। हाल ही में हमने देश के सामने वोट चोरी का सबूत पेश किया। वोट चोरी का मतलब लोगों के अधिकारों, लोकतंत्र और भविष्य की चोरी है।
–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

कर्नाटक की गणना को लेकर राहुल का दावा एटम बम था, वो तो दीवाली का पटाखा भी साबित नहीं हुआ। राहुल को सुनता हूं तो मुझे ये समझने में समय लगता है कि वह क्या कहना चाह रहे हैं?
–रवि शंकर प्रसाद
सांसद, भारतीय जनता पार्टी



# भारत और जापान के संबंध नए क्षितिज पर



अरविंद जयतिलक
लेखक

अमेरिका के साथ टैरिफ और ट्रेड डील के बीच बेहद असहज माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने दोनों देशों के सभ्यतागत संबंधों को मिठास से भर दिया है। रंग बिखेरती दोस्ती से लबरेज भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापानी प्रधानमंत्री इशिबा के नेतृत्व में दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर दस्तखत किए हैं। क्लीन हाइड्रोजन और अमोनिया पर अनुसंधान करने की हामी के साथ वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण, जलवायु परिवर्तन समेत कई दूसरे मामलों में दोनों देशों ने प्रतिबद्धता जताई है।

दोनों देशों के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर भी एक रोडमैप तैयार हुआ है, जिसके तहत दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां मसलन भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा मिलकर दक्षिणी ध्रुव का अध्ययन करेंगी। यह समझौता दोनों देशों के लिए अंतरिक्ष में प्रगति का एक बड़ा कदम होगा। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 फीसद टैरिफ थोपने के बीच जापान द्वारा भारत को अगले दस सालों में 10 ट्रिलियन येन अर्थात छह लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगा। दोनों देशों के बीच अगले दशक में छोटे और मध्यम इंटरप्राइजेज के अलावा स्टार्टअप को जोड़ने पर भी सहमति बनी है।

दोनों देशों के बीच तकरीबन पांच लाख लोगों का आदान-प्रदान होगा, जो एक-दूसरे की प्रगति का हिस्सेदार बनेंगे। इसके तहत 50 हजार स्किल्ड और सेमी स्किल्ड लोग जापान जाएंगे और वहां की आर्थिक व सांस्कृतिक प्रगति का संवाहक बनेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान-इकोनॉमिक फोरम के मंच से विश्व को संदेश दिया कि भारत निवेश के लिए सबसे सुरक्षित जगह है, जहां पूंजी बढ़ती ही नहीं बल्कि कई गुना अधिक हो जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 80 फीसद कंपनियां भारत में विस्तार करना चाहती हैं और 75 फीसद पहले से ही मुनाफे में हैं। प्रधानमंत्री का कथन स्पष्ट है कि जो भारत में निवेश करेगा, वह फायदे में रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा से दोनों देशों की आर्थिक प्रगति का एक और नया द्वारा खुलेगा, जिससे दोनों देश लाभान्वित होंगे।

दृष्टि दौड़ाएं तो पिछले दो वर्षों में जापानी कंपनियों ने भारत के साथ लगभग दो सैकड़ा एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत सुजुकी मोटर गुजरात में अपना विस्तार करने के लिए तकरीबन चालीस हजार करोड़ रुपये निवेश कर रही है। इसी तरह निप्पन स्टील भी गुजरात और आंध्रप्रदेश में सात हजार करोड़ रुपये निवेश कर रही है। टोयोटा किर्लोस्कर कर्नाटक और महाराष्ट्र में लगभग 23 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। कई रियल एस्टेट और स्टील कंपनियां भारतीय शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों करोड़ रुपये निवेश करने जा रही हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का गतिमान होना तय है। गांवों का कायाकल्प होगा और रोजगार बढ़ेंगे।

गौर करें तो भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय आर्थिक कारोबार में लगातार वृद्धि हो रही है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान भारत के साथ जापान का द्विपक्षीय व्यापार कुल 22.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। जापान से भारत को निर्यात 17.69 बिलियन अमेरिकी डॉलर और आयात 5.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ। अर्थात भारत को जापान का निर्यात भारत के कुल आयात का 2.62 फीसद और जापान को भारत का निर्यात भारत के कुल निर्यात का 1.18 फीसद था। जापान भारत का सिर्फ आर्थिक व कारोबार तक सीमित साझीदार वाला मित्र नहीं है, बल्कि वह भारत का रणनीतिक-सामरिक साझीदार मित्र भी है।

याद होगा गत वर्ष पहले डोकलाम विवाद पर जापान ने खुले तौर पर भारत का पक्ष लेते हुए कहा था कि चीन डोकलाम की वास्तविक स्थिति को एकतरफा बदलने की कोशिश कर रहा है, जो कि गलत है। ध्यान दें तो कुछ वर्षों के दरम्यान भारत एवं जापान के बीच रक्षा-सुरक्षा रणनीतिक समझौता बेहद मजबूत हुआ है। जापान भारत के साथ एटमी करार को आकार दे चुका है। भारत ऐसा पहला देश है जिसने एनपीटी (परमाणु हथियार अप्रसार संधि) पर हस्ताक्षर नहीं किया है, इसके बावजूद भी जापान ने उसके साथ समझौता किया है।

इससे पूर्व भारत द्वारा कालेधन के विरुद्ध छेड़े गए वैश्विक अभियान में सहयोग करते हुए जापान द्वारा दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन का भी समर्थन किया जा चुका है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच साझा विजन डॉक्यूमेंट-2025 के अंतर्गत कई अहम समझौते हुए हैं। जापान द्वारा भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए सवा तीन अरब के स्पेशल फंड बनाने का भी वादा किया जा चुका है।

जापान ने गत वर्ष पहले भारत को बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 88 हजार करोड़ रुपये के ऋण को महज 0.1 प्रतिशत ब्याज दर पर देने का एलान किया। दोनों देशों के बीच आपदा प्रबंधन, कौशल विकास, जापानी भाषा की शिक्षा, उत्तर-पूर्वी हिस्से की परियोजनाओं का संवर्द्धन आदि पर भी समझौते हो चुके हैं।

जापान गुजरात के मंडल बेचराज-खोरज क्षेत्र में बुनियादी विकास कार्यक्रम में सहयोग, एक-दूसरे के शहरों को वायुमार्ग से जोड़ने, शोध क्षमता और शोध निष्कर्षों की प्रभावशीलता बढ़ाने पर भी काम किया जा रहा है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि दोनों देशों की दोस्ती अर्थव्यवस्था, निवेश व विकास को गति देने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में यह दोस्ती कुटनीतिक व भू-रणनीतिक संदर्भों को भी समेटे हुए है।

> जापान, भारत का सिर्फ आर्थिक व कारोबार तक सीमित साझीदार ही नहीं है, बल्कि वह भारत का रणनीतिक-सामरिक मित्र भी है।

## सोशल फोरम

# ट्रेन पकड़ने की जद्दोजहद ने बना दिया ओलंपियन

पंद्रह साल की एलिजाबेथ को हर रोज स्कूल से घर जाने वाली ट्रेन पकड़नी होती थी। ट्रेन बहुत कम समय के लिए स्टेशन पर थमती थी। उसे पकड़ने के लिए बिजली की गति से भागती आती एलिजाबेथ को देखना उसके बायोलॉजी अध्यापक चार्ल्स प्राइस को आकर्षित करता था, जो खुद भी हर रोज उसी ट्रेन से चलते थे। प्राइस एक जमाने में एथलीट रह चुके थे। एक दिन उन्होंने अपनी स्टॉपवॉच पर एलिजाबेथ के भागने की रफ्तार नापी तो वह दंग रह गए।



मनीष कुमार सोलंकी
ब्लॉगर

उनके कहने पर एलिजाबेथ ने बाकायदा दौड़ना शुरू किया और उसकी प्रतिभा का ऐसा डंका बजना शुरू हुआ कि कुछ ही माह बाद वह एक इनडोर प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस की अमेरिकी चैंपियन हेलेन फिल्की के साथ दौड़ रही थी। इस बार वह दूसरे नंबर पर रही, लेकिन तीन महीने बाद उसने न सिर्फ फिल्की को परास्त किया, नया वर्ल्ड रेकॉर्ड भी बना डाला। उसका तीसरा बड़ा कंपटीशन उसी बरस एम्सटर्डम ओलंपिक की सूरत में था, जब 100 मीटर की रेस के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली वह इकलौती अमेरिकी बनी। एलिजाबेथ ने रेस जीती और कुल सोलह साल की आयु में पहली 100 मीटर ओलंपिक चैंपियन बनीं। सबसे कम उम्र में यह कारनामा करने का उसका यह कीर्तिमान आज तक कोई नहीं तोड़ सका।

अमेरिका वापसी में उसका ऐतिहासिक स्वागत हुआ और सुनहरे बॉबकट बालों वाली दुबली सी एलिजाबेथ रॉबिन्सन अमेरिका की चहेती एथलीट बन गईं। एक प्लेन क्रैश में उसकी टांग, कूल्हे और बांह की हड्डियों का कचूमर बन गया, लेकिन वह बच गई। अस्पताल से छुट्टी देते हुए एलिजाबेथ को डॉक्टरों ने कहा, फिर से दौड़ने के लिए उसे नया जन्म लेना होगा। धीरे-धीरे एलिजाबेथ ने बैसाखियों के सहारे चलना शुरू किया। कुछ माह बाद बैसाखियां छोड़ चलना शुरू किया। फिर हल्की रफ्तार में दौड़ना। चार साल बाद वह बाकायदा दौड़ रही थी।

बर्लिन में 8 अगस्त 1936 को हुई इस रेस के फाइनल में अमेरिका का मुकाबला मेजबान जर्मनी के साथ था। दूसरे राउंड तक जर्मनी की लड़कियां आगे चल रही थीं। तीसरे राउंड में एलिजाबेथ ने जर्मन प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ कर लीड हासिल कर ली। अमेरिकी टीम ने गोल्ड जीता। एलिजाबेथ उर्फ बैटी रॉबिंसन का यह दूसरा ओलंपिक गोल्ड मैडल खेल इतिहास की सबसे बेशकीमती उपलब्धियों में गिना जाता है। –फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# राजनेताओं और नौकरशाहों का अशोभनीय आचरण

मध्य प्रदेश में नौकरशाहों और राजनेताओं के बीच निरंतर टकराव सामने आ रहा है। चंबल के अंचल में आने वाले जिले भिंड में भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह और कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव आपस में ऐसे भिड़े कि परस्पर मारपीट की नौबत आ गई। कलेक्टर ने विधायक की ओर अंगुली उठाई तो विधायक ने मुक्का तान दिया। यह नजारा कलेक्टर बंगले के बाहर द्वार पर देखने में आया। बाद में यहीं धरना शुरू हो गया। दरअसल इस झगड़े में मुद्दा तो खाद संकट बना, लेकिन कलेक्टर और विधायक के बीच जो तू-तू मैं-मैं दिखी, उसमें दोनों का ही कदाचरण सामने आया। निर्वाचित जनप्रतिनिधि और जिले के प्रशासनिक मुखिया के बीच इस तरह का दुराचरण समाज में बढ़ती अनैतिकता का प्रतीक हैं। लोकतंत्र में ऐसा व्यवहार न तो होना चाहिए और न ही इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। यह तब और निंदनीय है, जब एक-दूसरे पर लगाए आरोपों से साफ हुआ कि असली जड़ अनैतिक महत्वाकांक्षा में निहित है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इस बात में कोई दो राय नहीं कि बीते दो दशकों के भीतर शासन-प्रशासन के स्तर पर कार्यशैली की गुणवत्ता में बहुत गिरावट आई है और हर क्षेत्र में प्रशासनिक निरंकुशता बढ़ी है। शासन यानी सरकार का काम जन-हितैषी व चतुर्मुखी विकास संबंधी ठोस नीतियां बनाना है। स्वीकृत परियोजना के अनुरूप क्रियान्वयन का दायित्व प्रशासनिक अधिकारियों का होता है, जिनमें कलेक्टर जिला प्रमुख होने के साथ अधिकतम अधिकारों से संपन्न भी होता है, इसलिए 95 प्रतिशत कार्यों का संबंध ऐसे उचित क्रियान्वयन से है, जो पूरी तरह नागरिक सेवा के अधिकारियों के हाथ में होता है। सच्चाई तो यह भी है कि विधायिका के बजाय अधिकांश नई नीतियों और नए कानूनों के निर्माण में भी अहम भूमिका इन्हीं अधिकारियों की रहती है, इसलिए ज्यादातर कानून इस तरह से परिभाषित किए जाते हैं कि उनमें अंतिम निर्णय का अधिकार अंततः अधिकारी के ही हाथ में रहे। पंचायती राज, सूचना का अधिकार कानून और उपभोक्ता अदालतों से जनता का मोहभंग हो जाना यही प्रमुख वजह है।

जब शिक्षा-तंत्र पर निगरानी की पहल का दायित्व पंचायतों को सौंपने की बात उठी थी, तब शिक्षकों ने बौद्धिक दंभ दिखाते हुए कहा था कि एक निरक्षर सरपंच उन पर निगरानी कैसे कर सकता है? इस परिप्रेक्ष्य में गौरतलब है कि शिक्षक रोजाना विद्यालय आता है अथवा नहीं? आता भी है तो वह मटरगश्ती करता है या कुछ पढ़ाता भी है? इसकी तस्दीक करने का संबंध निगरानीकर्ता के पढ़े-लिखे होने से कतई नहीं है। आज सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई से बड़ा सवाल शिक्षक का विद्यालय में उपस्थित नहीं होना है। अब भला शिक्षक की उपस्थिति की तस्दीक करने में निरक्षरता कहां बाधा बनती है? यहां यह भी गौरतलब है कि एक अनपढ़ व्यक्ति का व्यावहारिक ज्ञान, पढ़े-लिखे से भी कहीं ज्यादा हो सकता है।

कलेक्टर हो या कोई अन्य लोकसेवक उसकी गुणवत्ता का मापदंड, उसकी दक्षता, ईमानदारी, कार्यक्षमता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता से होती है। नीतियों व कार्यों पर यदि ठीक से अमल नहीं होता है तो गुणवत्ता ध्वस्त हो जाती है। प्रत्येक राज्य सरकार अनेक श्रेष्ठ नीतियां गरीब, वंचित और किसानों के हित में बनाती हैं, लेकिन प्रशासनिक अकुशलता और भ्रष्टाचार के चलते परिणाम के स्तर पर अमल दोषपूर्ण रहता है। प्रजातंत्र में न्याय को संरक्षित करने का दारोमदार लोकसेवकों पर है। बहरहाल, दोनों का यह आचरण नागरिक सेवा के विपरीत है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



दिवंगत आत्माओं से आशीर्वाद लेने का पर्व
------
पूर्वजों के धरती पर आने की मान्यता

# श्राद्ध से जीवित रहती श्रद्धा पितरों को प्रकट करें कृतज्ञता

श्राद्ध तर्पण अति पवित्र शुभ प्राचीन परंपरा है। इसमें देह त्याग के बाद भी जीवात्मा के विकास एवं परस्पर भावपूर्ण आदान-प्रदान की व्यवस्था है। वर्ष में पितृ पक्ष के 15 दिन इसी के कार्य के लिए नियत किए गए हैं। श्राद्ध शब्द का अर्थ श्रद्धापूर्ण व्यवहार से है, जबकि तर्पण का अर्थ तृप्त करना है। इस तरह श्राद्ध तर्पण का मतलब दिवंगत पितरों को तृप्त करने की श्रद्धा या समर्पण है। सबसे पहले पितृ पक्ष यानि श्राद्ध का उल्लेख महाभारत काल में मिलता है, जहां भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को श्राद्ध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महर्षि निमी को श्राद्ध का उपदेश देने वाले प्रथम व्यक्ति महा तपस्वी अत्री थे। उस उपदेश को सुनने के बाद महर्षि निमि ने श्राद्ध करना शुरू किया। उन्हें देखकर अन्य ऋषियों ने भी श्राद्ध शुरू कर दिया। लगातार श्राद्ध का भोजन प्राप्त करने से उनके सभी पूर्वज संतुष्ट रहने लगे।

## श्राद्ध कब से कब तक

| | |
|---|---|
| पूर्णिमा | 7 सितम्बर, रविवार |
| प्रतिपदा | 8 सितम्बर, सोमवार |
| द्वितीया | 9 सितम्बर, मंगलवार |
| तृतीया | 10 सितम्बर, बुधवार |
| चतुर्थी | 10 सितम्बर, बुधवार |
| पंचमी | 11 सितम्बर, गुरुवार |
| षष्ठी | 12 सितम्बर, शुक्रवार |
| सप्तमी | 13 सितम्बर, शनिवार |
| अष्टमी | 14 सितम्बर, रविवार |
| नवमी | 15 सितम्बर, सोमवार |
| दशमी | 16 सितम्बर, मंगलवार |
| एकादशी | 17 सितंबर, बुधवार |
| द्वादशी | 18 सितम्बर, गुरुवार |
| त्रयोदशी | 19 सितम्बर, शुक्रवार |
| चतुर्दशी | 20 सितम्बर, शनिवार |
| सर्वपितृ अमावस्या | 21 सितम्बर, रविवार |

## भोजन पहले अग्निदेव फिर पूर्वजों को अर्पित करें

- ऋग्वेद के अनुसार, अग्नि मृतकों को पितृलोक तक पहुंचाने में सहायक होती है। श्राद्ध के दौरान अग्नि से प्रार्थना की जाती है कि वह वंशजों के दान और भोजन को पितृगणों तक पहुंचाकर मृतात्मा को भटकने से रक्षा करें। ऐतरेय ब्राह्मण में अग्नि का उल्लेख उस रज्जु के रूप में है जिसकी सहायता से मनुष्य स्वर्ग तक पहुंचता है। वहीं, पुराणों के अनुसार, पितृ पक्ष या श्राद्ध से मिल रहे भोजन से जब देवताओं और पूर्वजों को अपच हो गई, तो वह ब्रह्माजी के पास गए।
- ब्रह्माजी ने कहा कि अग्निदेव ही उनका कल्याण करेंगे क्योंकि अग्नि तत्व भोजन के पचाने के लिए बेहद जरूरी है। जब वो अग्निदेव के पास गए, तो अग्निदेव ने देवताओं और पूर्वजों से कहा कि अब से हम सभी श्राद्ध में एक साथ भोजन करेंगे। मेरे साथ रहने से तुम्हारा अपच दूर हो जाएगा, तब से श्राद्ध का भोजन पहले अग्निदेव फिर पूर्वजों को दिया जाता है। श्राद्ध में अग्निदेव को देखकर दैत्य और राक्षस भी भोजन दूषित नहीं कर पाते, और कभी हो भी जाये, तो अग्नि सब कुछ शुद्ध कर देती है।



## इस दिन जरूर कराएं ब्राह्मण भोज

- धार्मिक शास्त्रों में श्राद्ध पूजा का सबसे अच्छा समय दोपहर को है। दोपहर के समय योग्य ब्राह्मणों की सहायता से मंत्रोच्चारण कर श्राद्ध पूजा करें। पूजा के बाद जल से तर्पण करें और भोजन में गाय, कुत्ते, कौवे आदि का भाग अलग करके पहले उन्हें खिलाएं। अगर संभव हो तो गंगा नदी के किनारे जाकर श्राद्ध कर्म करें। यह सर्वाधिक फलदायी होता है। ऐसा न कर पाएं तो घर पर भी विधिपूर्वक श्राद्ध कर सकते हैं। जिस दिन श्राद्ध करें, उस दिन ब्राह्मण भोज जरूर कराएं और उन्हें दान-दक्षिणा दें।

## शाहजहां ने पत्र लिखकर औरंगजेब को धिक्कारा था

- श्राद्ध तर्पण की परंपरा को याद करके मुगल बादशाह शाहजहां अपने अंतिम यातना भरे दिनों में रोया था। क्रूर पुत्र औरंगजेब ने उसे जेल में बंद कर रखा था। शाहजहां ने मार्मिक पत्र लिखा था कि 'बेटा, तू कितना निर्दयी और विचित्र मुसलमान है, जो अपने जीवित पिता को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसा रहा है, जबकि हिंदुओं की तरफ देख, जो अपने मृत पिता को भी पानी देते हैं। इस पत्र का उल्लेख आकिल खां की किताब वाके आलमगीरी में मिलता है।

## पूर्वज की मृत्यु तिथि याद नहीं तो अमावस्या पर सर्वपितृ श्राद्ध

- ऐसी मान्यता है कि मृत्यु के बाद जीवात्मा चंद्रलोक से आगे पितृ लोक में पहुंचती है। मृतात्मा को अपने नियत स्थान तक पहुंचने की शक्ति प्रदान करने के लिए मरणोपरांत पिंडदान और श्राद्ध की व्यवस्था की गई है। श्राद्ध कर्म मृत्यु तिथि के आधार पर किया जाता है। जिस दिन व्यक्ति की मृत्यु हुई थी, पितृ पक्ष के उसी दिन उसका श्राद्ध किया जाता है। अगर किसी को अपने पूर्वज की मृत्यु तिथि याद नहीं है, तो वे अमावस्या के दिन सर्वपितृ श्राद्ध कर सकते हैं। यह तिथि उन सभी पितरों के लिए होती है जिनकी मृत्यु तिथि मालूम न हो।



लेखक
आचार्य पवन तिवारी
संस्थापक अध्यक्ष, ज्योतिष सेवा संस्थान

बोध कथा



# महिमा राधा नाम की

एक कुष्ठ रोगी अपने कुष्ठ रोग के कारण अत्यधिक परेशान रहता था। किसी ने उसे ब्रज भूमि जाने की सलाह दी, इस पर वह वृंदावन आ गया। यहां वह सड़क के किनारे बैठा रहता था, और हर आने जाने वाले व्यक्ति से अपना कुष्ठ रोग ठीक होने का उपचार पूछता रहता था। उसकी हालत देखने के बाद कोई कुछ दवाई बता कर चला जाता तो कोई कुछ उपचार बता देता। लेकिन धीरे-धीरे समय बीतता जा रहा था, और किसी के भी उपाय या उपचार से न तो उसका कुष्ठ रोग कम हुआ, न ही उसकी पीड़ा कम हुई। कुछ दिनों के पश्चात एक सरल हृदय बाबा उस मार्ग से गुजरे। कुष्ठ रोगी ने उनसे भी अपने इलाज की गुहार लगाई। बाबा उसकी दशा देखकर द्रवित हो गए। हाल-चाल पूछा और कहा कि तुम सारा दिन यहां बैठे-बैठे आने-जाने वाले लोगों से उपचार पूछते रहते हो। वृंदावन में आकर भी राधा रानी का नाम नहीं लेते हो। कल से अपने मुख से हर समय 'श्री राधे-श्री राधे' का उच्चारण किया करो। वही तुम्हारा कल्याण करेंगी। कुष्ठ रोगी ने बाबा की सलाह मानकर उसी समय से 'श्री राधे-श्री राधे' जपना शुरू कर दिया। अब वह आने-जाने वाले लोगों से भी श्री राधे-श्री राधे कहने लगा। यहां तक कि उसके घावों में जब बहुत पीड़ा होती थी, तब भी वह कराहने के बजाय करुण स्वर में 'श्री राधे-श्री राधे' ही कहता रहता। श्रीकृष्ण ने बृज की गलियों से गुजरते हुए कुष्ठ रोगी की करुण वेदनामयी आवाज में 'श्री राधे-श्री राधे' की पुकार सुनी, तो तुरंत दौड़े-दौड़े उसके पास पहुंचे। कुष्ठ रोगी के पास आकर श्रीकृष्ण को ऐसा प्रतीत हुआ मानो वहां कोई कुष्ठ रोगी न होकर साक्षात राधा रानी बैठी हैं। श्रीकृष्ण ने तुरन्त उस कुष्ठ रोगी को गले से लगा लिया और स्वयं भी भावविह्वल होकर राधे-राधे कहने लगे। तभी पीछे से राधा रानी बोलीं-'प्रभु मैं तो इधर खड़ी हूं उधर नहीं।' किन्तु भगवान को तो कुष्ठ रोगी में ही राधारानी दिख रहीं थीं। उन्होंने उसे ही मजबूती से पकड़े रखा और राधे-राधे कहते रहे। कुछ क्षणों के पश्चात जब श्रीकृष्ण ने आंखें खोली तो देखा कि राधा रानी तो वास्तव में उनके पीछे ही खड़ी थीं, किन्तु इतने ही क्षणों में भगवान की कृपा और स्पर्श मिलने से वह कुष्ठ रोगी पूरी तरह भला-चंगा और पूर्णतः स्वस्थ हो चुका था। यह कथा हमें सीख देती है कि जब पूर्ण श्रद्धा से कोई कार्य करते हैं तो सफलता जरूर मिलती है, भले ही वह किसी भी भगवान का नाम जप ही क्यों न हो। जब हम अपने इष्टदेव को पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ पुकारते हैं, तो वह हमारे दुख और कष्ट दूर करने जरूर आते हैं।



लेखक: राजपुरुष

# !! धर्म का मर्म !!

मनुष्य को क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इसके लिए शास्त्र ही प्रमाण हैं, क्योंकि वेद और शास्त्र स्मृतियां भगवान की आज्ञा हैं। सृष्टि संचालन के लिए ईश्वर को विधान बनाना पड़ता है, उसी शासन विधान का नाम शास्त्र है। विश्व संचालन की विद्या इन धर्म शास्त्रों में समाहित है।।।धर्मो विश्वास्य जगतः प्रतिष्ठा।। इस प्रकार धर्म और इसके शास्त्र शाश्वत हैं, सनातन हैं। यही सनातन धर्म संपूर्ण जगत का जीवन है। सूर्य में प्रकाश,अग्नि में दाहक शक्ति, चंद्रमा में शैतल्य,अमृत में अमृत्व,पृथ्वी में क्षमा, मानव में मानवता समेत विभिन्न धर्मों के रूप में यही एक सनातन धर्म अवस्थित है। यही सनातन धर्म सार्वभौम विश्व धर्म या आत्मधर्म है, जो आत्म कल्याणकारी होने के साथ साथ सर्वभूत हितमय है। विचारणीय बात यह है कि जीव पशु-पक्षी कीट-पतंगे तथा तिर्यक आदि 84 लाख योनि में भटकता हुआ भगवत्कृपा से मानव शरीर प्राप्त करता है। इस योनि में उसे कर्म करने का सामर्थ्य प्राप्त होता है, पर इस सामर्थ्य का वह कितना प्रयोग करता है, यह उस पर निर्भर है।



मानव जीवन स्वेच्छाचारिता पूर्वक भोग विलास में जीवन बिता दिया और शास्त्र रूपी भगवदाज्ञा के अनुसार जीवन चर्या नहीं चलाई तो पुनः समस्त तिर्यक योनि में दुख रूपी जीवन व्यतीत करना पड़ेगा। मनुष्य आज पशुओं से भी निकृष्ट जीवन यापन कर रहा है। पशुओं को अपने धर्म का आहार आदि का बोध है, पर मनुष्य को नहीं । आप और कुछ बने न बनें, किंतु आप मानव बन गए तो आप धर्म शास्त्र पथ से भ्रष्ट नहीं होंगे। वास्तव में धर्म वह है जिसके परिणाम में अपना और दूसरों का हित होता है। अधर्म वह जिसमें अपना और दूसरों का अहित होता है।

**परहित सरिस धर्म नहि भाई। पर पीड़ा सम नहि अघमाई।।**

सत्य, सदाचार और परहित धर्म का मूल है। माता-पिता, पुत्र और पत्नी के धर्म अलग अलग है, पर सभी एक दूसरे का हित और परस्पर सुख पहुंचाने वाले ही होंगे।

**।। निःस्वार्थता ही धर्म की कसौटी है।।**

जो जितना निस्वार्थी है वो उतना ही आध्यात्मिक और धार्मिक है। आज संसार में अनैतिक आचार व्यवहार स्वार्थ की पराकाष्ठा है। धार्मिक संस्कार लुप्तप्राय हो रहे है। जिसमें सर्वत्र ही काम क्रोध लोभ मोह मद गर्व अभिमान, द्वेष, ईर्ष्या, हिंसा परोत्कर्ष पीड़ा दलबंदिया अधर्म युद्ध आदि सभी अधर्म के विभिन्न स्वरूपों का तांडव नृत्य हो रहा है। तो पता नहीं पतन कितना गहरा होगा। अतः मनुष्य धर्म शास्त्रों का आलंबन लेकर पाप पुण्य नीति अनीति की पहचान की सामर्थ्य प्राप्त कर सके तथा देव पितृ गुरु आदि के प्रति अपना कर्तव्य समझ सके यही धर्म का वास्तविक मर्म है।



लेखक
चन्द्रेश जी महाराज
(चंद्रदास)

## सप्ताह के व्रत और पर्व

- **3 सितंबर :** बुधवार – पार्श्व एकादशी
- **4 सितंबर :** गुरुवार – वामन जयंती, शुक्र प्रदोष व्रत





- 5 सितम्बर, शुक्रवार – गणेश विसर्जन, अनंत चतुर्दशी पर्व
- 6 सितम्बर, शनिवार – भाद्रपद पूर्णिमा व्रत, चंद्र ग्रहण
- **7 सिंतबर, रविवार– प्रतिपदा श्राद्ध**
- **7 सितम्बर 2025** – रविवार – पितृ पक्ष आरंभ, प्रतिपदा श्राद्ध

## अनंत सूत्र की 14 गांठें, 14 लोकों की प्रतीक



- अनंत चतुर्दशी पर्व भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित है। इस दिन उनके अनंत रूपों की पूजा की जाती है। पूजा में चौदह गांठों वाला खास धागा, जिसे अनंत सूत्र कहते हैं, प्रयोग किया जाता है। ये धागा भगवान विष्णु के चौदह लोकों भूर्लोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक, जनलोक, तपोलोक, ब्रह्मलोक, अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल और पाताल लोक का प्रतीक है। अनंत सूत्र को पुरुष दाएं और महिलाएं बाएं हाथ पर बांधती हैं। मान्यता है कि इस रक्षा सूत्र को बांधने से सभी प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

# जनकपुर के बिना अधूरी है अयोध्या

अयोध्या जितना ही धार्मिक महत्व नेपाल के जनकपुर धाम का भी है। पूर्वी नेपाल में बिहार बार्डर के समीप स्थित जनकपुर माता सीता का मायका है। इसे बिहार का मिथिलांचल भी कहते हैं। मिथिलांचल के लोग स्वयं को भगवान राम के ससुराल से जुड़ा महसूस करते हैं। यहां के लोगों का मानना है कि बिना जनकपुर के अयोध्या अधूरी है। जनकपुर धाम में हर रोज भजन-कीर्तन होने से पूरा इलाका भक्तिमय बना रहता है। पूरे कस्बे में हर घर पर राम पताका फहराती है। सड़क के किनारे हर हिंदू के घर का मुख्य हिस्सा भगवा रंग में रंगा है।

जनकपुर भगवान राम का ससुराल है। भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन मिथिला संस्कृति के अनुसार जनकपुर से माता सीता के ससुराल अयोध्या दो ट्रकों में भरकर सौगात भेजी गई थी। मान्यता है कि जब बेटी अपने ससुराल के नए घर में प्रवेश करती है, तो उसके मायके से कुछ सगुन भेजे जाते हैं।



## राजा जनक के नाम पर हुआ नामकरण

अंग्रेजों के शासन के वक्त एक समझौते में नेपाल को मेची नदी के पूर्व और महाकाली नदी के पश्चिम के बीच का तराई क्षेत्र दिया गया था। इस तरह मिथिला का एक बड़ा भूभाग नेपाल में शामिल कर दिया गया, जनकपुर भी इसी क्षेत्र का हिस्सा था। राजा जनक के नाम पर इस शहर का नाम जनकपुर रखा गया था। राजा जनक की पुत्री सीता जिन्हें जानकी भी कहते हैं, उनके नाम पर इस मंदिर का नामकरण हुआ था। मंदिर में मां सीता की मूर्ति सन 1657 के आसपास की बताई जाती है।

## कभी भारत का हिस्सा था जनकपुर

- जनकपुर धाम प्राचीन काल में विदेह राज्य की राजधानी थी। जनकपुर मंदिर साल 1911 में बनकर तैयार हुआ था। 4860 वर्ग फीट में फैले इस मंदिर का निर्माण टीकमगढ़ की महारानी कुमारी वृषभानु ने करवाया था। उनके कोई संतान नहीं था। यहां पूजा के दौरान उन्होंने मन्नत मांगी थी कि अगर उन्हें संतान होती है, तो यहां मंदिर बनवाएंगी। संतान की प्राप्ति के बाद महारानी वहां लौटीं और साल 1895 में मंदिर का निर्माण शुरू हुआ जो 16 साल में पूरा हुआ। उस समय मंदिर के निर्माण पर नौ लाख रुपये खर्च हुए थे, इसलिए इस मंदिर को नौलखा मंदिर भी कहते हैं। 1967 से इस मंदिर में 12 महीने अखंड कीर्तन चलता रहता है। 24 घंटे सीता-राम नाम का जाप लोग करते हैं।

## अयोध्या से जनकपुर तक रामायण सर्किट

- अयोध्या और जनकपुर को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण सर्किट का शुभारंभ किया है। जनकपुर धाम तक भारत से ट्रेन भी चलाई गई है। इसके लिए भारत से नेपाल का रेल समझौता हुआ है। कोंकण रेलवे कारपोरेशन, महाराष्ट्र ने 84 करोड़ 65 लाख रुपये कीमत की चार बोगी और इंजन समेत दो डीएमयू सवारी गाड़ी नेपाल को उपलब्ध कराई हैं।



लेखक
यशोदा श्रीवास्तव

## बिजनेस ब्रीफ

### गेमिंग अधिनियम जल्द होगा अधिसूचित: सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम को बहुत जल्द अधिसूचित करेगी। शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। संसद द्वारा 21 अगस्त को पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 ई-स्पोर्ट्स तथा अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देते हुए सभी प्रकार के ऑनलाइन 'रियल मनी' गेम पर प्रतिबंध लगाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी सचिव एस. कृष्णन ने सेमीकंडक्टर पर आईसीईए के कार्यक्रम से इतर कहा, यह बहुत जल्द लागू हो जाएगा और हम इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इस अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाने के बाद यह अधिनियम लागू हो जाएगा।

### वेदांता ने कर्मचारी शेयर विकल्प दिए

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने 2024-25 में 450 करोड़ के कर्मचारी शेयर विकल्प दिए। कर्मचारी शेयर विकल्प योजना (ईएसओएस) कर्मचारी लाभ योजना है जो उन्हें कंपनी के शेयर भारी छूट (एक रुपये) पर खरीदने का अधिकार देती है। इससे संगठनात्मक विकास में उनकी भूमिका को पुरस्कृत किया जाता है। इसे प्रदर्शन प्रोत्साहन माना जाता है और यह धन सृजन में सहायक होता है। वेदांता लिमिटेड, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है।

### टाटा मोटर्स की थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स की पिछले महीने थोक बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत बढ़कर 73,178 इकाई रही, जबकि बीते वर्ष अगस्त में यह 71,693 इकाई थी। टाटा मोटर्स ने कहा कि अगस्त में कुल घरेलू बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 68,482 इकाई रही, जबकि पिछले साल अगस्त में यह 70,006 इकाई थी। घरेलू बाजार में कंपनी के कुल यात्री वाहनों की बिक्री पिछले महीने सात प्रतिशत घटकर 41,001 इकाई रही, जो अगस्त 2024 में 44,142 इकाई थी।

### मारुति ने ई-विटारा का निर्यात किया शुरू

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने अपने इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा का निर्यात शुरू कर दिया है और पिछले महीने 2,900 से ज्यादा इकाइयां विदेश भेजी गईं। ये इकाइयां गुजरात के पीपावाव पोर्ट से 12 यूरोपीय देशों - ब्रिटेन, जर्मनी, नॉर्वे, फ्रांस, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, स्वीडन, हंगरी, आइसलैंड, ऑस्ट्रिया और बेल्जियम को भेजी गईं। प्रधानमंत्री मोदी ने 26 अगस्त को गुजरात स्थित कंपनी के संयंत्र से पहली ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई थी। इस बैटरी इलेक्ट्रिक गाड़ी को विशेष रूप से मारुति सुजुकी के हंसलपुर स्थित संयंत्र में बनाया जाता है।

### कोल इंडिया का उत्पादन 4% घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सोमवार को कहा कि उसका उत्पादन अप्रैल-अगस्त के दौरान 3.5% घटकर 28.02 करोड़ टन रहा। कंपनी के उत्पादन में गिरावट वैसे समय आई है जब सरकार आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अगस्त अवधि में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन 29.04 करोड़ टन रहा था।

### सेमीकंडक्टर मिशन में लाएंगे अन्य परियोजनाएं

**नई दिल्ली।** सरकार के इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के पहले चरण में अब तक 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है और दो-तीन अन्य चिप परियोजनाओं को इसमें शामिल किए जाने की संभावना है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि 76,000 करोड़ के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत सरकार अब तक 62,900 करोड़ रुपये यानी कुल प्रोत्साहन राशि का 97 प्रतिशत हिस्सा चिप विनिर्माण योजनाओं को आवंटित कर चुकी है।

### कल्याणी ने सीजीए का किया पदभार ग्रहण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि टीसीए कल्याणी ने व्यय विभाग में महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) की 1991 बैच की अधिकारी, कल्याणी इस पद को संभालने वाली 29वीं अधिकारी हैं। सीजीए का पदभार ग्रहण करने से पहले कल्याणी गृह मंत्रालय में प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक (पीआर सीसीए) के रूप में कार्यरत थीं। वहां उन्होंने केंद्र सरकार के सबसे बड़े मंत्रालयों में से एक के बजट और लेखा-जोखा का निरीक्षण किया। कल्याणी डीयू की स्वर्ण पदक विजेता हैं और उन्होंने लेडी श्रीराम कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।


# तीन दिन बाद सेंसेक्स 555 अंक उछला

## आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ों से घरेलू बाजार उत्साहित, आईटी-वाहन एवं बैंकों के शेयरों में हुई खरीदारी

मुंबई, एजेंसी

आर्थिक वृद्धि के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरते हुए सोमवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स ने 555 अंकों की छलांग लगाई जबकि निफ्टी में 198 अंक की बढ़त रही। विश्लेषकों ने कहा कि अनुकूल निवेशक धारणा के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाहन एवं बैंकों के शेयरों में हुई खरीदारी से बाजार को तेजी मिली।

बीएसई का सेंसेक्स 554.84 अंक की बढ़त के साथ 80,364.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक 597.19 अंक चढ़ा था। एनएसई का निफ्टी 198.20 अंक की बढ़त के साथ 24,625.05 अंक पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयर बाजार पिछले तीन सत्रों की गिरावट से उबरने में सफल रहा। इन तीन सत्रों में सेंसेक्स में 1,826.26 अंक यानी 2.23 प्रतिशत और निफ्टी में 540.9 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सोमवार को सेंसेक्स में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। इनमें से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, इटर्नल, एशियन पेंट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। हालांकि सन फार्मा, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।



• सेंसेक्स में शामिल 30 में से 23 कंपनियां बढ़त के साथ हुईं बंद

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 7.8% की दर से बढ़ी जो पांच तिमाहियों में सर्वाधिक है। हालांकि अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर शुल्क बढ़ाकर 50% कर देने से कपड़ा, चमड़ा एवं रत्न-आभूषण जैसे प्रमुख निर्यातों पर खतरा मंडरा रहा है।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारत की पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान से अधिक 7.8 प्रतिशत रही है, जिसने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अर्थव्यवस्था के जुझारूपन में निवेशकों के भरोसे को मजबूती दी है। नायर ने कहा कि जीएसटी परिषद की आगामी बैठक में कर प्रणाली को युक्तिसंगत बनाए जाने की उम्मीदें निवेशक धारणा को मजबूत कर रही है और सोच-समझकर खपत करने को बढ़ावा दे रही हैं। यह आशावाद खासकर वाहन एवं टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को लाभ पहुंचा रहा है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजार ने कारोबारी सप्ताह की सकारात्मक शुरुआत की जिसमें जून तिमाही के बेहतर जीडीपी आंकड़ों की अहम भूमिका रही। सत्र के दूसरे हिस्से में चुनिंदा दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुआ।

### मिड और स्मॉलकैप बढ़त के साथ हुए बंद

व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई का मिडकैप सूचकांक 1.64 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 1.49 प्रतिशत की तेजी रही। वाहन खंड में सर्वाधिक 2.68 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.07 प्रतिशत, विवेकाधीन उपभोक्ता खंड में दो प्रतिशत और पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.93 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,796 शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि 1,391 शेयरों में गिरावट रही और 193 अन्य अपरिवर्तित रहे।

### विदेशी बाजार में दिखा मिलाजुला असर

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार अधिकतर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.92 प्रतिशत बढ़कर 68.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 8,312.66 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 11,487.64 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। शुक्रवार को सेंसेक्स 270.92 अंक गिरकर 79,809.65 अंक और निफ्टी 74.05 अंक की गिरावट के साथ 24,426.85 अंक पर बंद हुआ था।

# घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आगामी त्योहारों के कारण राजस्व में वृद्धि जारी रहने की संभावना है।

सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अगस्त 2024 में 1.75 लाख करोड़ रुपये था। पिछले महीने संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था। इस साल अगस्त में सकल घरेलू राजस्व 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात कर 1.2 प्रतिशत घटकर 49,354 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 20 प्रतिशत घटकर 19,359 करोड़ रुपये रह गया। शुद्ध जीएसटी राजस्व अगस्त 2025 में 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि है। ये आंकड़े केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद की बैठक से ठीक दो दिन पहले जारी किए गए।

इस बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने और कर स्लैब की संख्या कम करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ईवाई के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि निर्यात रिफंड में उल्लेखनीय गिरावट से वैश्विक शुल्क के कारण निर्यात क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। अग्रवाल ने कहा कि प्रतिकूल वैश्विक हालात और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद, मजबूत घरेलू खपत अब तक स्थिर बनी हुई है। डेलॉइट इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा कि संग्रह में वृद्धि साझा किए जीडीपी आंकड़ों के अनुरूप है और नीति निर्माताओं को इससे जीएसटी सुधारों को आगे बढ़ाने का भरोसा मिलेगा।



• 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हुआ राजस्व एकत्र

### आयात पर आईजीएसटी में कमी हैरान करने वाली

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जुलाई 2025 में वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि (अगस्त 2025 के आंकड़े के अनुसार) को देखते हुए आयात पर आईजीएसटी में कमी हैरान करने वाली है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी के भागीदार विवेक जालान ने कहा कि जीएसटी में 10.7% की वृद्धि घरेलू और आयात दोनों में जीएसटी रिफंड में 20% की गिरावट के कारण हुई है।

# शिकायतों के लिए पोर्टल बनाएगा कृषि मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को, किसानों की शिकायतों के समाधान के लिए अलग पोर्टल बनाने की घोषणा की और अधिकारियों से उनकी समस्याओं का समाधान करने को कहा। सरकारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कॉल सेंटर और अन्य पोर्टल के माध्यम से किसानों से प्राप्त शिकायतों के समाधान की समीक्षा के लिए उच्च-स्तरीय बैठक की।

चौहान ने किसानों की सुविधा के लिए और समस्याओं का शीघ्र और उचित समाधान सुनिश्चित करने के लिए, अधिकारियों को किसानों की शिकायतों, सुझावों और अन्य सहायता के लिए कई पोर्टलों के बजाय अलग से पोर्टल बनाने का निर्देश दिया। मंत्री किसानों की शिकायतों की समीक्षा करेंगे ताकि उनका समाधान हो सके। मंत्री ने अधिकारियों से किसानों से प्राप्त शिकायतों के बारे में जानकारी मांगी, जिनमें से कई नकली या घटिया उर्वरकों, बीजों और कीटनाशकों से संबंधित थीं।

उन्होंने कहा कि हमें किसानों को लूट से बचाना होगा और इसके लिए घटिया उर्वरकों, बीजों और कीटनाशकों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगानी होगी। मंत्री ने राज्य सरकारों के साथ समन्वय करके किसानों को गुणवत्तापूर्ण खेती के कामकाज में लगने वाली सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। चौहान ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिख दिए हैं और कहा कि वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्यों के साथ आगे भी चर्चा करेंगे।



• केंद्रीय मंत्री चौहान ने अधिकारियों से किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा

### केंद्रीय सहायता देने को पंजाब जाएंगे चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पंजाब के कुछ हिस्सों में बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने और केंद्र से हर संभव सहायता देने के लिए पंजाब का दौरा करेंगे। मंत्री ने कई राज्यों में वर्षा की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की और पंजाब के कुछ हिस्सों में बाढ़ और फसलों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। चौहान ने कहा, बाढ़ से प्रभावित पंजाब के किसानों के साथ केंद्र सरकार मजबूती से खड़ी है।

### अवैध जैव उत्तेजकों की बिक्री पर जताई चिंता

अवैध जैव-उत्तेजकों की बिक्री पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि बाज़ार में 146 अधिसूचित जैव-उत्तेजक ही बेचे जाने चाहिए और किसी भी अन्य अस्वीकृत जैव-उत्तेजकों की बिक्री की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किश्तों और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दावों से संबंधित शिकायतों पर, चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया। इसलिए इनसे हर शिकायत का समाधान और किसानों से संपर्क कर प्रतिक्रिया लेनी चाहिए।

# देश का चालू खाता घाटा जून तिमाही में घटकर जीडीपी का 0.2 प्रतिशत : आरबीआई

**मुंबई।** भारत का चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में घटकर 2.4 अरब डॉलर रह गया जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.2% है। रिजर्व बैंक के जारी आंकड़ों से ये जानकारी मिली।



चालू खाता संतुलन में यह सुधार मुख्य रूप से सेवाओं के निर्यात का नतीजा है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में देश का चालू खाता घाटा 8.6 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 0.9% था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि 2024-25 की चौथी तिमाही में चालू खाता 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में था जो जीडीपी का 1.3% है। 2024-25 में देश का चालू खाता घाटा 23.3 अरब डॉलर रहा जो जीडीपी का 0.6% है जबकि 2023-24 में यह 26 अरब डॉलर (0.7%) था। हालांकि समीक्षाधीन तिमाही में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 68.5 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 63.8 अरब डॉलर था। वहीं, सेवाओं से शुद्ध प्राप्तियां बढ़कर 47.9 अरब डॉलर हो गईं, जो पहले 39.7 अरब डॉलर थीं। जून तिमाही में व्यवसायिक और कंप्यूटर सेवाओं के निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है।

# आईएमसी 5 व 6जी पर होगा केंद्रित: सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि आगामी इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 5जी और 6जी तकनीकों पर केंद्रित होगा। इसमें किसानों, एमएसएमई और स्कूली बच्चों जैसे समुदायों को जोड़ने के तरीकों पर भी चर्चा होगी।

सिंधिया ने एआई आधारित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 ऐप' जारी करते हुए कहा कि 8-11 अक्टूबर को होने वाले आईएमसी में 115 देशों के लगभग 1.5 लाख प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस मंच (आईएमसी) पर हम सिर्फ 5जी, 6जी, एआई, आईओटी, एम2एम आदि पर चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि यह एक ऐसा मंच भी है, जहां हम किसान, स्कूली बच्चे, एमएसएमई को जोड़ने पर भी चर्चा करेंगे। इस बात पर भी चर्चा होगी कि कैसे समाज को नए अवसर और नई उम्मीदें मिलेंगी। सिंधिया ने कहा कि केंद्र के 30 मंत्रालय आईएमसी 2025 में भाग लेंगे। मंत्री ने कहा कि आज एप जारी होने के साथ हम नवाचार लाने और आईएमसी के सभी दर्शकों तथा प्रतिभागियों के लिए अनुभव को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष हमारा नजरिया नवाचार और बदलाव का है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता को महत्व दिया है... और 2047 तक भारत को विजय की ओर अग्रसर करना है।



• केंद्रीय मंत्री ने एआई आधारित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 एप किया जारी

# नियमों की अनदेखी पर कोल इंडिया पर लगा करीब 11 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

• स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने पर बीएसई-एनएसई ने की कार्रवाई

कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने सोमवार को कहा कि बीएसई और एनएसई ने उस पर 10.72 लाख का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बोर्ड में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने के चलते लगाया गया।



बीएसई और एनएसई, दोनों ने कोयला क्षेत्र की इस कंपनी पर अलग-अलग 5.36-5.36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीआईएल ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी को 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में सेबी के प्रावधानों का पालन न करने के संबंध में एनएसई-बीएसई से नोटिस मिला है। इस तरह के गैर-अनुपालन के लिए प्रत्येक ने 5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाया है। कोल इंडिया घरेलू कोयला उत्पादन में 80% से अधिक का योगदान देती है। कंपनी ने कहा कि यह गैर-अनुपालन उसकी किसी लापरवाही या चूक से नहीं था और अनुपालन जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयास भी किए गए थे। निदेशक मंडल के सभी सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इसलिए बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति सीआईएल के प्रबंधन के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

# कम मुद्रास्फीति, निर्यात बढ़ने से 7.8% की जीडीपी वृद्धि : नोमुरा

**मुंबई।** जापानी ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा ने कहा कि जून तिमाही में 7.8% की उच्च आर्थिक वृद्धि से नीतिगत स्तर पर आत्मसंतुष्टि नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह महंगाई में नरमी और ट्रंप प्रशासन के शुल्क युद्ध के बाद निर्यात बढ़ने से हुई है।

कंपनी ने कहा कि निर्यातकों का समर्थन करने और घरेलू मांग को बढ़ावा देने को नीतिगत कदम जरूरी है। इसके तहत 2025 के अंत तक रेपो दर में आधा प्रतिशत की कटौती करके इसे 5% करना, निर्यात में विविधता लाना, प्रभावित निर्यातकों को राजकोषीय और ऋण सहायता देना और सुधार प्रोत्साहन शामिल हैं। आर्थिक चक्र को लेकर हमारा नजरिया बदला नहीं है, लेकिन 2025-26 की पहली तिमाही की उच्च जीडीपी वृद्धि को देखते हुए, हम सांख्यिकीय रूप से वित्त वर्ष 2025-26 के अपने जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6% से संशोधित कर 6.6%कर रहे हैं।

# यूपीआई लेनदेन की संख्या 20 अरब के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकप्रिय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन की संख्या अगस्त महीने में 20 अरब को पार कर गई। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी।

इस दौरान मूल्य के लिहाज से 24.85 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। यह आंकड़ा जुलाई में 25.08 लाख करोड़ रुपये था। मूल्य के लिहाज से अब तक का सबसे अधिक यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मात्रा के लिहाज से जुलाई में सबसे अधिक 19.47 अरब लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई के अनुसार यूपीआई लेनदेन की राशि 21 प्रतिशत बढ़कर 24.85 लाख करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 20.60 लाख करोड़ रुपये था। एनपीसीआई ने बताया कि मात्रा के लिहाज से लेनदेन अगस्त 2024 के 14.9 अरब से 34 प्रतिशत बढ़कर अगस्त 2025 में 20.01 अरब हो गया। इस साल अगस्त के दौरान औसत दैनिक लेनदेन राशि 80,177 करोड़ थी, जबकि इस दौरान औसत दैनिक लेनदेन की संख्या 64.5 करोड़ थी।




• जुलाई में 25.08 लाख करोड़ रुपये का यूपीआई से हुआ लेनदेन

### भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था मजबूत

स्पाइस मनी के सीईओ दिलीप मोदी ने कहा कि अगस्त 2025 में 20.01 अरब यूपीआई लेनदेन का आंकड़ा पार करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इससे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की गहराई और मजबूती का पता चलता है।

# भारत ने रूसी तेल खरीदने में किसी नियम को नहीं तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने रूसी तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है बल्कि यूक्रेन युद्ध के बाद से उसके ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर करने एवं कीमतों को काबू में रखने में मदद की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर की गई टिप्पणी को खारिज करते हुए पुरी ने यह बात कही। नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया। पुरी ने मुनाफाखोरी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से और फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण से बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है। इसके निर्यात की मात्रा एवं मुनाफे मोटे तौर पर समान रहे हैं। उन्होंने नवारो का प्रत्यक्ष तौर पर नाम लिए बिना कहा कि कुछ आलोचकों का आरोप है कि रूसी तेल को खरीद करके 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने वाला बन गया है। यह गलत एवं असत्य है।



• अमेरिका के व्यापार सलाहकार नवारो की टिप्पणी को पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने किया खारिज

**बाजार पर संकट** — निर्यातकों ने नौकरियों के नुकसान, ऑर्डर के ठप होने और बाजार तक पहुंच के सिकुड़ने की दी चेतावनी

# अमेरिकी शुल्क से उत्तर प्रदेश के निर्यात केंद्रों को झटका

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के प्रमुख निर्यात केंद्र अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर 50% शुल्क के प्रभाव से जूझ रहे हैं। निर्यातकों ने नौकरियों के नुकसान, ऑर्डर के ठप होने और बाजार तक पहुंच के सिकुड़ने की चेतावनी दी है। नोएडा, कानपुर, रामपुर, मुरादाबाद और वाराणसी के उद्योग जगत से जुड़े लोगों के अनुसार शुल्क ने वर्षों की मेहनत से बनाए बाजार को खतरे में डाल दिया है।

नोएडा 'अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर' के अध्यक्ष ललित ठुकराल ने कहा कि नए शुल्क का परिधान क्षेत्र पर 'प्रत्यक्ष और गंभीर प्रभाव' पड़ेगा जो भारत के निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देता है। नोएडा से सालाना 50 हजार करोड़ का कपड़ा निर्यात होता है। इसका एक-चौथाई हिस्सा अमेरिका जाता है। अब तक निर्यात पर 12% शुल्क लगता था। 50% शुल्क लगाने से उद्योग को भारी नुकसान होगा। इस क्षेत्र में खासकर महिलाओं का बड़ा हिस्सा कार्यरत हैं। इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लोगों का रोजगार छिन सकता है। ठुकराल ने सरकार से निर्यातकों को छूट या ब्याज-मुक्त ऋण देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उद्योग केंद्र प्रदेश सरकार के फैसले के साथ है, उनसे उम्मीद है कि सरकार व्यवसायों और श्रमिकों के हितों की रक्षा करेगी।



### प्रधानमंत्री से कड़े कदम उठाने का आग्रह

बनारसी साड़ियों के केंद्र वाराणसी में व्यापारियों ने ट्रंप के पोस्टर जलाए। साड़ी व्यापारी संजीव मेहता ने कहा कि शुल्क से अमेरिका में ऑनलाइन और कूरियर-आधारित बिक्री बाधित होगी। हमें नहीं पता कि अलग-अलग वस्तुओं पर कितना कर बढ़ेगा, लेकिन व्यापार पर इसका असर निश्चित है। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री मोदी से इस पर 'कड़े कदम' उठाने का आग्रह किया है। भदोही के कालीन निर्यातकों, रामपुर के मेंथा तेल उत्पादकों और मुरादाबाद के पीतल के बर्तन निर्यातकों द्वारा उठाई गई इसी तरह की चिंताओं के बाद ये नए विरोध प्रदर्शन और बयान सामने आए हैं।

### ऑर्डर हुए रद्द, फैक्ट्रियां हुईं ठप

चमड़ा निर्यात परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष असद इराकी ने बताया कि अमेरिका को भेजे जाने वाले दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के ऑर्डर लगभग रुक गए हैं। निर्यात रुक गए हैं, ऑर्डर रद्द हो गए हैं और फैक्ट्रियां ठप हो गई हैं। शिफ्ट कम की जा रही हैं और शुल्क जल्द ही रोजगार पर भी असर डाल सकता है। कानपुर-उन्नाव संकुल में चमड़े के 300 कारखाने हैं, जिनसे 10 लाख लोगों कार्यरत है। भारत के चमड़ा निर्यात में 40% से ज्यादा हिस्सेदारी इसी क्लस्टर की है।

### कर्मचारियों की छंटनी के लिए मजबूर

रामपुर और मुरादाबाद के निर्यातकों का कहना है कि सैकड़ों करोड़ के ऑर्डर पहले ही अटके पड़े हैं, जिससे कर्मचारियों की छंटनी को मजबूर होना पड़ रहा है। अतिरिक्त 25% शुल्क ने भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को प्रभावी रूप से दोगुना कर दिया है। राज्य का वार्षिक निर्यात 2017 में 80 हजार करोड़ से बढ़कर 2025 में दो लाख करोड़ से अधिक हो गया है। इसमें कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य प्रसंस्करण और हस्तशिल्प क्षेत्र प्रमुख हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार की 'एक जिला, एक उत्पाद' ने स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यवसायों को वित्तीय और विपणन सहायता के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक पहुंचने में मदद की है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पाकिस्तान: हेलिकॉप्टर गिरा, पांच लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो पायलट सहित चालक दल के कम से कम पांच सदस्यों की मौत हो गई। गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने एक बयान बताया कि हेलिकॉप्टर डायमर जिले के चिलास क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा, हमारा एक हेलीकॉप्टर चिलास के थोर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि चालक दल में दो पायलट और तीन तकनीकी कर्मचारी शामिल थे।

### मिसाइल कारखाने को देखने पहुंचे किम जोंग

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा कि उसके नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में एक नए हथियार कारखाने का निरीक्षण किया, जो मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की उनकी योजना को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह दौरा चीन में एक बड़ी सैन्य परेड में शामिल होने से पहले किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने यह नहीं बताया कि किम ने रविवार को जिस कारखाने का निरीक्षण किया, वह कहां स्थित है लेकिन ऐसा अनुमान है कि यह जांगांग प्रांत में हो सकता है, जो चीन से सटा हुआ देश का प्रमुख शस्त्र उद्योग केंद्र है।

### इजराइल ने हमास से समझौता किया खारिज


**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को एक बार फिर बंधकों की चरणबद्ध रिहाई से इन्कार कर दिया और कहा कि आंशिक युद्धविराम और बंधक-रिहाई समझौता मेज पर नहीं है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार नेतन्याहू ने हमास के साथ संघर्ष विराम पर अपने रुख को दोहराया। उनका यह यह बयान युद्ध कैबिनेट के छह घंटे लंबे सत्र के बाद आया। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री ने समझौते के लिए किसी भी आंशिक रूपरेखा को स्वीकार करने के खिलाफ आधिकारिक वोट के लिए दबाव डाला।

### हेलिकॉप्टर से संपर्क टूटा, आठ लोग लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उष्णकटिबंधीय द्वीप बोर्नियो पर एक हेलीकॉप्टर का उड़ान भरने के आठ मिनट बाद संपर्क टूट गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ व्यक्ति सवार थे। 'ईस्टइंडो एयर' के स्वामित्व वाला 'एयरबस बीके117 डी-3' हेलीकॉप्टर इंडोनेशिया के दक्षिण कालीमंटन प्रांत के कोटाबारू जिले में एक हवाई अड्डे से सोमवार सुबह 8:46 बजे मध्य पलंगकारया शहर के लिए रवाना हुआ था। हेलीकॉप्टर को सुबह 10:15 बजे पलंगकारया पहुंचना था और हवाई यातायात नियंत्रण से इसका अंतिम संपर्क सुबह 8:54 बजे हुआ था।

## शक: रूस ने ईयू अध्यक्ष को ले जा रहे विमान का जीपीएस किया जाम

ब्रसेल्स, एजेंसी



• पुतिन की कट्टर आलोचक हैं उर्सुला वॉन डेर लेयन

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को ले जा रहे विमान का जीपीएस बुल्गारिया के ऊपर जाम हो गया। संदेह है कि रूसी अभियान में यह जीपीएस जाम हुआ। यूरोपीय आयोग की प्रवक्ता एरियाना पोडेस्टा ने बताया कि विमान प्लोवदिव हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया।

उन्होंने कहा कि वॉन डेर लेयेन रूस और बेलारूस की सीमा से लगे यूरोपीय संघ के देशों की अपनी यात्रा जारी रखेंगी। पोडेस्टा ने कहा, हम निश्चित रूप से पुष्टि कर सकते हैं कि जीपीएस जाम हो गया था। हमें बुल्गारिया के अधिकारियों से जानकारी मिली। अधिकारियों ने संदेह जताया कि रूस की कार्रवाई के कारण ऐसा हुआ।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन में युद्ध की कटु आलोचक वॉन डेर लेयेन, रूस और उसके सहयोगी बेलारूस की सीमा से लगे यूरोपीय संघ के देशों के चार दिवसीय दौरे पर हैं। पोडेस्टा ने कहा, यह घटना वास्तव में उस मिशन की तात्कालिकता को रेखांकित करती है, जिसे राष्ट्रपति अग्रिम पंक्ति के सदस्य देशों में अंजाम दे रहे हैं।

## एशिया में बदलते आर्थिक समीकरणों का नया अध्याय

इससे पहले अमेरिका के एशिया के साथ व्यापारिक संबंध काफी हद तक मुक्त और वैश्विक नियमों पर आधारित थे लेकिन अब आपूर्ति श्रृंखलाएं बदल गई हैं। वैश्विक आर्थिक समीकरण प्रभावित होने के बाद अमेरिका के सामने उत्पाद लागत बढ़ने, घरेलू उद्योगों पर दबाव आने और विदेशी निवेश में कमी जैसे जोखिम पैदा हुए हैं। इस बदलाव से वियतनाम, मैक्सिको और अन्य देशों को फायदा हुआ है, जबकि चीन को नुकसान हुआ है। वैश्विक उथलपुथल के इसी दौर में भारत ने चीन के साथ नजदीकी बढ़ाई है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों देशों के हित टकराते हैं जिसकी वजह से यह सहयोग ज्यादा लंबा खिंचना मुश्किल है। भारत के लिए जोखिम भरा भी है। आर्थिक विकास और प्रौद्योगिकी के मामले में अमेरिका पर निर्भरता को लेकर भी भारत के सामने अभी कोई स्पष्ट विकल्प नहीं है।

## अमेरिका बनाम एशिया




### टैरिफ वार और वैश्विक असर

- अमेरिका का एशिया के साथ व्यापारिक संबंध डब्ल्यूटीओ के तहत एक खुली, पारदर्शी और गैर-भेदभावपूर्ण प्रणाली पर आधारित था।
- चीन 2001 के बाद यूएस का प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग सप्लायर बना। इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, फर्नीचर, टेक्सटाइल चीन सबसे आगे था।
- टैरिफ वार ने इन समीकरणों को बिगाड़ दिया, चीन से आयात में कमी आई है और अमेरिका से उसने व्यापार को कम कर दिया है।
- अमेरिकी उपभोक्ताओं पर लागत का दबाव पड़ने से कंपनियां उत्पादन को स्थानांतरित कर रही हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखलाएं बदली हैं।

### अमेरिका के लिए चुनौतियां

- चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ने की आशंका थी लेकिन टैरिफ के बावजूद व्यापार घाटा लगभग अपरिवर्तित रहा है।
- आयातित कच्चे माल पर टैरिफ से अमेरिकी कंपनियों की लागत बढ़ने का अंदेशा, इससे प्रतिस्पर्धी क्षमता पर असर।
- कीमतें बढ़ने से अमेरिकी उपभोक्ताओं पर महंगाई का असर और आयातित वस्तुओं की मांग घटने की भी आशंका।

### लगातार बढ़ते जोखिम

- ट्रंप के टैरिफ वार ने दुनिया के तमाम देशों को अपनी अर्थव्यवस्था की सेहत ठीक रखने के लिए विकल्प खोजने को विवश होना पड़ा है।
- दुनिया में बढ़ता व्यापारिक तनाव देशों के बीच संबंधों में बदलाव ला रहा है, चीन-अमेरिका के पीछे ध्रुवीकरण की स्थिति पैदा हुई है।
- टैरिफ वार शुरू होने के बाद घरेलू और विदेशी निवेश भी प्रभावित होने की आशंका है जो अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम है।
- अमेरिका का व्यापार संरक्षणवाद वैश्विक आर्थिक विकास पर अपेक्षाकृत मामूली लेकिन महत्वपूर्ण नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

### इन देशों की लॉटरी

अमेरिका के टैरिफ वार से वियतनाम, मैक्सिको समेत कई उभरते हुए कई देशों को लाभ मिला है क्योंकि कंपनियां चीन से उत्पादन को अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं।

### भारत के लिए सीमित विकल्प

- भारत के लिए अमेरिकी बाजार के प्रत्यक्ष या ठोस विकल्प काफी सीमित हैं, खासकर विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों में।
- भारत सेवाओं के निर्यात में मजबूत वृद्धि देख रहा है, जो महत्वपूर्ण है। अमेरिकी सेवाओं का आयात 2024 में 15.4% बढ़ा है।

### चीन और भारत

- कई विशेषज्ञों का दावा है कि भारत के लिए चीन की नजदीकी कई तरह के खतरों से भरी है।
- सीमा विवाद और विश्वास की कमी प्रमुख है जो एलएसी पर लगातार घटनाओं से पैदा हुई है।
- दोनों देशों में व्यापार असंतुलन। भारत को चीन से बड़ा व्यापार घाटा होता है। मार्केट एक्सेस और एनटीबी संबंधी काफी शिकायतें हैं।

# पुतिन से मिले मोदी, कहा- संकट में हमेशा एक-दूसरे का साथ दिया है भारत-रूस ने

## रूसी राष्ट्रपति का जल्द यूक्रेन संघर्ष समाप्त करने का आह्वान, बोले- ये मानवता की मांग

तियानजिन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि भारत और रूस हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। मोदी की पुतिन की मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत एवं अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक के संभवतः सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।

मोदी और पुतिन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के इतर बैठक की, जिसमें आर्थिक, वित्तीय और ऊर्जा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आधिकारिक वार्ता से पहले, दोनों नेताओं ने एससीओ शिखर सम्मेलन में अपने कार्यक्रम समाप्त करने के बाद एक ही कार में बैठक स्थल तक एक साथ यात्रा करते हुए 40 मिनट से अधिक समय तक अनौपचारिक बातचीत की। मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हाल ही में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष को यथाशीघ्र समाप्त करना मानवता का आह्वान है।

प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य की शुरुआत में कहा, हम यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर नियमित रूप से चर्चा करते रहे हैं। हम शांति स्थापित करने की दिशा में हाल में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। इस संघर्ष को समाप्त करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता अवश्य निकाला जाना चाहिए। यह संपूर्ण मानवता की आकांक्षा है। समझा जाता है कि भारतीय पक्ष ने पुतिन को शनिवार को मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के बीच हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी। मोदी से बात करने के बाद, ज़ेलेंस्की ने कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए आवश्यक प्रयास करने और रूस को उपयुक्त संकेत देने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि रूस और भारत ने दशकों से विशेष मैत्रीपूर्ण और विश्वास-आधारित संबंध बनाए रखे हैं, और यह संबंधों के भविष्य के विकास की नींव है। उन्होंने कहा, ये संबंध पूरी तरह से दलगत राजनीति से ऊपर हैं और इन्हें हमारे अधिकांश लोगों का समर्थन प्राप्त है।



तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन के साथ मोदी।

### पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष के लिए पश्चिमी देशों को दोषी ठहराया

**तियानजिन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एससीओ शिखर सम्मेलन में कहा कि यूक्रेन को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल करने के पश्चिमी देशों के निरंतर प्रयास यूक्रेन के साथ संघर्ष के मुख्य कारणों में से एक हैं। पुतिन ने दावा किया कि यह संकट मुख्यत: 2014 में यूक्रेन में हुए तख्तापलट के कारण उत्पन्न हुआ, जिसे पश्चिम के दशों ने उकसाया था। उन्होंने कहा, संकट का दूसरा कारण यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के पश्चिमी देशों के निरंतर प्रयास हैं। जैसा कि हम बार-बार जोर देते रहे हैं कि यह रूस की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। फरवरी 2014 में यूक्रेन की राजधानी कीव में प्रदर्शनकारियों और सरकारी बलों के बीच घातक झड़पों के परिणामस्वरूप तत्कालीन राष्ट्रपति विक्टर यानुकोविच को पद से हटा दिया गया था।

### पुतिन ने मोदी को दी अपनी कार में लिफ्ट, 45 मिनट तक की बातचीत


**तियानजिन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी 'ऑरस लिमोजीन' कार में लिफ्ट दी और उसमें उन्होंने एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय वार्ता के लिए अपनी टीमों के साथ शामिल होने से पहले एक घंटे तक बातचीत की। रूसी राष्ट्रपति ने कार में बैठने से पहले प्रधानमंत्री मोदी के आने का लगभग 10 मिनट तक इंतज़ार किया। बैठक स्थल तक पहुंचने में उन्हें लगभग 15 मिनट लगे लेकिन बातचीत जारी रखने के लिए उन्होंने कार में 45 मिनट और बिताए।

### जिनपिंग का डब्ल्यूटीओ व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान

**तियानजिन/नई दिल्ली।** चीनी के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एससीओ के सदस्य देशों से संयुक्तराष्ट्र पर केंद्रित विश्व व्यवस्था की रक्षा करने का आह्वान किया है। जिनपिंग ने तियानजिन एससीओ राष्ट्राध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में बोलते हुए कहा, हमें न्याय और निष्क्षता को बनाए रखना चाहिए, द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के बारे में सही दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए, युद्ध की मानसिकता, गुटों के टकराव और धौंस-धमकी का विरोध करना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका वाली अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए।

## अब नवारो बोले- भारतीय जनता कृपया समझिए, आपके साथ क्या हो रहा है

न्यूयॉर्क, एजेंसी



• ट्रंप के व्यापार सलाहकार ने कहा- भारतीय जनता की कीमत पर 'ब्राह्मण' कर रहे हैं तेल के कारोबार से मुनाफाखोरी

रूस से तेल की खरीद को लेकर भारत पर एक बार फिर निशाना साधते हुए 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि 'ब्राह्मण' भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं और इसे रोकने की जरूरत है।

नवारो ने 'फॉक्स न्यूज संडे' से एक साक्षात्कार में कहा, देखिए मोदी एक महान नेता हैं। उन्होंने कहा कि मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं और उन्हें समझ नहीं आता कि भारतीय नेता किस तरह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ सहयोग कर रहे हैं। नवारो ने कहा, मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा, भारतीय जनता कृपया समझिए कि यहां क्या हो रहा है। आपके पास ब्राह्मण हैं जो भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। इस बीच, कांग्रेस के सांसद कार्ति चिदम्बरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक टिप्पणी में कहा, अमेरिका में 'बोस्टन ब्राह्मिन' एक जुमला है जो आम बोलचाल में समाज के संभ्रांत लोगों के लिए इस्तेमाल होता है।

### भारत के साथ साझेदारी नई ऊंचाइयां छू रही हैं: अमेरिका

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप की टिप्पणियों और आयात शुल्क को लेकर उत्पन्न तनातनी के बीच यहां अमेरिकी दूतावास ने कहा दोनों देशों की साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। दूतावास ने विदेश मंत्री मार्को रूबियो के इस आशय के एक बयान वाले पोस्टर के साथ एक्स पर कहा कि भारत-अमेरिका संबंध 21वीं सदी की एक निर्णायक भागीदारी है। यह बयान ऐसे समय आया है जब मोदी ने तियांजिन में आयोजित एससीओ संम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ अलग-अलग महत्वपूर्ण बैठकें की हैं।

### ट्रंप का दावा: भारत ने की है टैरिफ निल करने की पेशकश लेकिन अब देर हो चुकी, ऐसा पहले करना चाहिए था



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को दावा किया कि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क घटा कर 'नगण्य' करने की पेशकश की है, लेकिन अब देर हो चुकी है। ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत ने लंबे समय से अमेरिकी उत्पादों पर दुनिया में सबसे अधिक कर लगाता आ रहा है और इस कारण दोनों देशों के बीच व्यापार एकतरफा है। उन्होंने इसे एकतरफा विनाश बताया। अमेरिका राष्ट्रपति ने लिखा, भारत ने अब आयात शुल्क घटाकर नगण्य करने की पेशकश की है, लेकिन अब देर हो चुकी है। उन्हें बहुत पहले ऐसा करना चाहिये था। ट्रंप ने कहा कि काफी कम लोग यह समझते हैं कि अमेरिका भारत से काफी कम व्यापार करता है, जबकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ग्राहक है। भारत उसे बड़ी मात्रा में सामान बेचता है जबकि वह अमेरिका से बहुत कम खरीदता है। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से एकतरफा विनाश था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बार फिर रूस से तेल खरीदने के लिए भारत की आलोचना की।

## वेनेजुएला की चुनौती, अमेरिका के किसी भी हमले के लिए तैयार

कराकास, एजेंसी


• रक्षा प्रमुख ने कहा- देश में एक भी कदम रखा तो कड़ा जवाब देंगे

वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैड्रिनो लोपेज़ ने रविवार को कहा कि उनका देश, अमेरिका के किसी भी हमले के लिए तैयार है। श्री लोपेज़ ने अमेरिकी सरकार को मीडिया के जरिए चेतावनी देते हुए कहा, अगर आपने वेनेजुएला में एक भी कदम रखने की कोशिश की तो हम इसका जवाब देंगे।

रक्षा प्रमुख ने कहा कि वेनेजुएला एक ऐसी घेराबंदी में है जिसका उद्देश्य आंतरिक अराजकता को भड़काना और देश के राजनीतिक नेतृत्व को कमजोर करना है। उन्होंने क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य गतिविधियों का जिक्र करते हुए कहा कि कैरेबियाई जलक्षेत्र में अमेरिकी नौसैनिकों की तैनाती की घोषणा शक्ति प्रदर्शन के अलावा और कुछ नहीं है। यह क्षेत्र को चिह्नित करने का एक तरीका है, ताकि अन्य शक्तियां कैरिबियाई सागर पर नियंत्रण न कर सकें। पैड्रिनो लोपेज ने कहा कि सेना के 15000 जवान वेनेजुएला के पश्चिमी क्षेत्र में तैनात कर दिए गए हैं।

## फलस्तीनी वीजा पर लगी पाबंदियों को अमेरिका ने बढ़ाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने फलस्तीनी पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा पाबंदियों को बढ़ाते हुए वीजा की लगभग सभी श्रेणियों के अनुमोदन पर रोक लगा दी है। न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वीजा पाबंदी में चिकित्सा, विश्वविद्यालय अध्ययन, व्यावसायिक यात्रा, और मित्रों या परिवार से मिलने की श्रेणी के आवेदन भी शामिल हैं। ये नियम केवल गाजा के निवासियों पर लागू होते थे पर अब नई नीति पश्चिमी तट और पूरे प्रवासी समुदाय में रहने वाले फिलिस्तीनी नागरिकों पर लागू हो जाएगी।



विनाशकारी भूकंप से अफगानिस्तान के कुनार और नागरहार सूबे में कई गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।

## भारत ने अफगानिस्तान को भेजे एक हजार तंबू, 15 टन खाद्य सामग्री

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप से हुई भारी तबाही के बाद मदद का हाथ बढ़ाते हुए तत्काल सहायता के तौर पर वहां एक हजार तंबू तथा 15 टन खाद्य सामग्री भेजी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी से बात कर भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त कर कहा कि इस कठिन समय में भारत अफगानिस्तान के साथ है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, कल से भारत से और राहत सामग्री भेजी जाएगी। पूर्वी अफगानिस्तान के कुनार और नांगरहार प्रांतों में रविवार रात आए भूकंप 800 से अधिक लोगों की मौत हो गई और 2500 से अधिक घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### वैश्विक संस्थाओं ने भी बढ़ाए मदद के लिए हाथ

**काबुल।** अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं सहायता पहुंचाने एवं राहत-बचाव कार्यों में तेजी ला रही हैं। तालिबान अधिकारियों ने कहा कि इस विनाशकारी भूकंप में कुनार और नांगरहार क्षेत्रों में अधिकतर गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। बचाव अभियान जारी है और चिकित्सा दल भेजे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि करते हुए कहा है कि उसके कर्मचारी प्रभावित प्रांतों में स्थानीय सहायता कर्मियों के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान में मदद कर रहे हैं। भारत समेत कई देशों ने भी प्रभावित इलाकों के लिए मदद भेजी है।


> अफगानिस्तान में भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि से बहुत दुखी हूं। इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त परिवारों के साथ हैं, हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हरसंभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है। - **'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 2 सितंबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 3 सितंबर 03.53 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 21.51 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानियां लगी रहेंगी। दोपहर के बाद काफी सारी परिस्थितियां आप अनुकूल कर लेंगे। दूसरों की सहायता करने के लिए तत्पर रहेंगे। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। व्यापारियों को ग्राहकों के साथ अपने संबंध अच्छे रखने चाहिए। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। गलत कार्यप्रणाली से आपको बचना चाहिए। आप शुभ कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज छोटी दूरी की यात्रा करने का विचार बनाएंगे। गले में संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है। विवाहेतर संबंधों के कारण परेशानियां उत्पन्न होंगी। विरोधी आपका उपहास कर सकते हैं। मन में अस्थिरता और तनाव की स्थिति रहेगी।

**कर्क** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। मांगलिक कार्य में आप सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के प्रति एकाग्र रहेंगे। अचानक धन लाभ होने की प्रबल संभावना है। भविष्य के लिए आप बड़ी योजना बना सकते हैं।

**सिंह** — आज वैवाहिक जीवन की समस्याओं का समाधान होगा। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। समाज में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। मौसम में अचानक बदलाव के कारण आपको समस्या हो सकती है। बच्चों को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे।

**कन्या** — आज दूसरों की भावनाओं पर अधिक विश्वास न करें। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। एलर्जी और खांसी जैसी समस्या हो सकती है। जिद्दीपन वाले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। थकान और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**तुला** — आज आपको अच्छे संपर्कों का लाभ अवश्य मिलेगा। भाई बहनों की उन्नति से आप प्रसन्न होंगे। अप्रत्याशित लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। मार्केटिंग संबंधी कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। सहकर्मियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज दिन प्रसन्नता और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी के साथ अपने मन की बातें कर सकते हैं।

**धनु** — आज परिवार के सदस्यों के बीच अच्छा तालमेल रहेगा। सभी आवश्यक कार्य बिना बाधा के पूर्ण हो जाएंगे। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। संतान के रवैये से आप संतुष्ट रहेंगे। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है।

**मकर** — आज यदि यात्रा कर रहे हैं, तो सामान के प्रति विशेष सावधानी रखें। अनावश्यक कार्यों के लिए अपना समय व्यर्थ न करें। युवा नौकरी को लेकर परेशान हो सकते हैं। महत्वपूर्ण सामान चोरी हो सकता है। संयम से काम लेंगे तो सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आज रिश्तेदारों पर अधिक विश्वास करना उचित नहीं है। प्रेमीजन के साथ समय बिताएंगे। आकस्मिक यात्रा की संभावना बन सकती है। शेयर मार्केट में संभलकर निवेश करें। शाम के समय किसी सहकर्मी से मनमुटाव हो सकता है।

**मीन** — आज लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, जिसके सार्थक परिणाम भी आपको शीघ्र प्राप्त होंगे। परिजनों के साथ आनंद का समय बिताएंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का विकास होगा। विरोधी आपके मित्र बन सकते हैं।

## सुडोकू-87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 6 | | | | 5 | |
| | | | | 3 | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 4 | | 3 | | 8 | | 5 | | |
| | 2 | | | | 9 | | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | | |
| | 6 | | | | 5 | 2 | | 1 |

### सुडोकू - 86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 |

